


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 पूर्णिया से हमारा भगवान और भक्त का...

विदेश मंत्री जयशंकर ने मजबूत द्विपक्षीय... 12



वर्ष : 11 | अंक : 314 | पटना, शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 26°C

न्यूनतम तापमान 22°C

**बाजार**

सोना 69,040

चांदी 78,900

सेंसेक्स 73,635

निफ्टी 22,326

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति भवन में 30 मार्च को नहीं होगा गार्ड परिवर्तन समारोह

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न प्रदान करने के समारोह के कारण शनिवार को राष्ट्रपति भवन में गार्ड परिवर्तन समारोह नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि भारत रत्न प्रस्तुति समारोह के कारण इस शनिवार को राष्ट्रपति भवन में गार्ड परिवर्तन (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन में गार्ड परिवर्तन समारोह एक सैन्य परंपरा है। यह प्रत्येक सप्ताह शनिवार को राष्ट्रपति के अंग रक्षकों के एक नए समूह को कार्यभार संभालने के लिए आयोजित किया जाता है।

### बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा शिवसेना में हुए शामिल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता और कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रहे गोविंदा बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए। गोविंदा ने 2004 में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर उलटफेर करते हुए भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता राम नाइक को हराया था। शिंदे ने 60 वर्षीय अभिनेता का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि वह समाज के सभी वर्गों में लोकप्रिय हस्ती हैं। इस मौके पर गोविंदा ने कहा कि 2004 से 2009 के बीच राजनीति में उनके पहले कार्यकाल के बाद उन्हें कभी नहीं लगा था कि वह इस क्षेत्र में वापसी करेंगे। गोविंदा ने 1980 के दशक में अपना अभिनय का सफर शुरू किया था। अभिनेता ने कहा, मैं 14 वर्ष के वनवास के बाद (राजनीति में) लौटा हूं। गोविंदा ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह कला और संस्कृति के क्षेत्र में काम करना चाहेंगे।

### नवादा, औरंगाबाद, जमुई व गया सीट के लिए 19 अप्रैल को होगा मतदान

# पहला चरण : नामांकन के अंतिम दिन राजग व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों ने भरा पर्चा





गया सुरक्षित सीट के लिए एनडीए से हम सेक्यूलर के प्रत्याशी जीतन राम मांझी व महागठबंधन से राजद के उम्मीदवार कुमार सर्वजीत ने नामांकन दाखिल किया।

प्रात : किरण

पटना। एनडीए के तीन उम्मीदवारों और इंडिया गठबंधन के चार उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण की सीट के लिए बृहस्पतिवार को नामांकन पत्र दाखिल किये। एनडीए की ओर से हम सेक्यूलर के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी गया सीट के लिए, नवादा से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और जमुई से लोजपा रामबिलास के उम्मीदवार अरुण भारती ने राजग के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के मौके पर एनडीए नेताओं ने एकजुटता दिखाई। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से राजद के उम्मीदवारों औरगांबाद से अभय कुशवाहा, जमुई से अर्चना रविदास और कुमार सर्वजीत गया तो श्रवण कुशवाहा ने नवादा के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये। इंडिया गठबंधन द्वारा सामूहिक तौर सीट बंटवारे की घोषणा किए बिना ही बिहार में लगभग एक दर्जन सीट पर राजद ने एकतरफा उम्मीदवार उतारकर सबको चौंका दिया है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने जिन सीट पर टिकट दिया है, उनमें औरंगाबाद भी शामिल है।

औरंगाबाद से कांग्रेस के पूर्व सांसद निखिल कुमार को चुनावी मैदान में उतारे जाने की चर्चा थी लेकिन राजद ने जदयू से पाला बदलकर आए अभय कुशवाहा को उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतार दिया है। औरंगाबाद से मौजूदा भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह ने इस सप्ताह की शुरूआत में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख 79 वर्षीय जीतन राम मांझी ने प्रदेश भाजपा प्रमुख और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू मंत्री श्रवण कुमार और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान जैसे सहयोगियों की उपस्थिति में आरक्षित गया सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जमुई (आरक्षित सीट) जाने से पहले राजग नेताओं ने इस अवसर पर आयोजित एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती को जमुई (आरक्षित सीट) से चुनावी मैदान में उतारा है। चिराग लगातार दो बार लोकसभा में जमुई का प्रतिनिधित्व करने के बाद अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की पुरानी सीट हाजीपुर से इसबार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। नवादा में राज्यसभा सांसद और भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। गिरिराज सिंह 2014 में इस सीट से लोकसभा पहुंचे थे पर पांच साल बाद वह बेगुसराय चले गए। राजग उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने के समय जहां उनके कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे वहीं राजद उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने के समय पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव जैसे शीर्ष पार्टी नेता दिल्ली में होने के कारण अनुपस्थित रहे ।

## दूसरे चरण में 88 सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

### सूबे के पांच संसदीय सीटों पर डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों की 88 संसदीय सीट के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। राष्ट्रपति की ओर से निर्वाचन आयोग ने 26 अप्रैल को होने वाले संसदीय चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना बृहस्पतिवार सुबह जारी की। इसमें बिहार की पांच संसदीय सीटें भी शामिल हैं। इस चरण में बिहार के सीमांचल और पूर्वी इलाके की सीटें शामिल हैं। दूसरे चरण में किशनगंज, कटिहार, मधेपुरा, भागलपुर, बांका में 26 अप्रैल को चुनाव है। इन इलाकों में अल्पसंख्यक वोटरों की अच्छी खासी तादाद है। इस चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख चार अप्रैल है। जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जाएगी। जम्मू-कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच छह अप्रैल को होगी। इस चरण के दौरान बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के एक हिस्से में भी मतदान होगा। बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव की अधिसूचना 20 मार्च को पहले चरण के लिए जारी गजट अधिसूचना में शामिल की गई थी। बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट के तहत आने वाले 15 विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होगा जबकि इस सीट के तहत आने वाले 13 विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी कई सीट पर दूसरे चरण में मतदान होगा।

## महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर बनी बात, आज होगा एलान

### तेजस्वी सहित महागठबंधन के सभी दल के नेता रहेंगे मौजूद

पटना। महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर बात बन गई है। शुक्रवार को सीट बंटवारे का एलान किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से जानकारी दी गई है कि राज्य कार्यालय कपूरी सभागार में महागठबंधन द्वाराशुक्रवार दोपहर सवा 12 बजे संवाददाता सम्मेलन होगा। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के सभी घटक दल के नेता मौजूद रहेंगे। इसी सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की जाएगी। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस को आठ से नौ सीट मिलने की संभावना है। इसके बदले में कांग्रेस झारखंड में राजद को दो सीट दे सकती है। इस तरह बिहार में कांग्रेस कटिहार, किशनगंज, भागलपुर, पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, सासाराम, समस्तीपुर, सुपौल या मधेपुरा लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि, पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर खींचतान चल रही है। संभवना है कि शुक्रवार सुबह तक इस सीट को लेकर बात बन जाए। वहीं, वाम दल को पांच सीट दिए जाने की खबर है। राजद के कोटे में करीब 26 से 28 सीट रहने की उम्मीद है। दरअसल, महागठबंधन में कुछ सीटों पर टकराव की स्थिति पिछले कुछ दिनों से बन रही है। वहीं पहले चरण की चार सीट औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई पर राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। इन चार में एक भी सीट कांग्रेस के खाते में नहीं गई। औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, गया से कुमार सर्वजीत, नवादा से श्रवण कुमार और जमुई से अर्चना रविदास को राजद ने पहले ही सिंबल दे दिया। औरंगाबाद सीट पर कांग्रेस के वरीय नेता निखिल कुमार पहले से ही अपना दावा ठोक रहे थे। इतना ही नहीं कांग्रेस की परंपरागत सीट रही पूर्णिया से भी राजद ने बीमा भारती को सिंबल दे दिया। बीमा भारती भी यहां से चुनाव लड़ने का एलान कर चुकी है। जबकि कांग्रेस नेता पप्पू यादव पहले से ही पूर्णिया से चुनाव लड़ने का दावा करते रहे हैं।

### महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी को किया गया संशोधित

# मनरेगा के तहत मजदूरी में चार से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी को संशोधित किया गया है और अलग अलग राज्यों में मेहनताने में चार से 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एक अधिसूचना के अनुसार, अब योजना के तहत अकुशल श्रमिकों को देश में सबसे ज्यादा 374 रुपये प्रति दिन की मजदूरी हरियाणा में मिलेगी जबकि सबसे कम मेहनताना उन्हें अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में मिलेगा जहां इस योजना के तहत काम करने पर मजदूरों को 234 रुपये प्रति दिन की मजदूरी मिलेगी। सिक्किम की तीन पंचायतों-ग्नथांग, लाचुंग और लाचेन में मजदूरी दर 374 रुपये प्रतिदिन है। लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगे होने की वजह से निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने योजना के तहत मिलने वाली मजदूरी में बदलाव की अधिसूचना जारी की। योजना के तहत 2023 की मजदूरी दरों पर बढ़ोतरी की गई है। योजना का मकसद ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का रोजगार देकर उनकी रोजगार की सुरक्षा को बढ़ाना है। अधिसूचना के मुताबिक, गोवा में मजदूरी दर में 34 रुपये की बढ़ोतरी की गई है जो देश में सबसे ज्यादा है और अब राज्य में प्रतिदिन का मेहनताना 356 रुपये हो गया है। वहीं, आंध्र प्रदेश में प्रतिदिन 28 रुपये की बढ़ोतरी की गई और मजदूरी दर अब 300 रुपये है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ने सात रुपये का इजाफा किया है जो सबसे कम है तथा अब मनरेगा के तहत काम करने पर श्रमिक को प्रति दिन 237 रुपये मिलेंगे। पश्चिम बंगाल ने मजदूरी में 13 रुपये की बढ़ोतरी की है जिसके बाद राज्य में मेहनताना 250 रुपये हो गया है। इसी तरह तमिलनाडु ने मजदूरी 25 रुपये बढ़ाकर 319 रुपये, तेलंगाना ने 28 रुपये का इजाफा कर 300 रुपये और बिहार ने 17 रुपये की वृद्धि कर मेहनताना 228 रुपये कर दिया है। बढ़ोतरी के बाद मजदूरी के मामले में हरियाणा शीर्ष पर है, हालांकि उसने करीब चार प्रतिशत का इजाफा किया है। कुल मिलाकर, बढ़ोतरी चार से 10 प्रतिशत के बीच है। अधिसूचना में उल्लिखित आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि आंध्र प्रदेश, गोवा, कर्नाटक और तेलंगाना में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस साल की शुरूआत में संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में, ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने कहा था कि राज्यों में मनरेगा मजदूरी में भिन्नता काफी ज्यादा है। इसने कहा था कि मजदूरी अपर्याप्त है और जीवनयापन की बढ़ती लागत के अनुरूप नहीं है। समिति ने न्यूनतम मजदूरी पर केंद्र सरकार की अनूप सत्पथी समिति की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया, जिसमें सिफारिश की गई थी कि मनरेगा के तहत मजदूरी 375 रुपये प्रति दिन होनी चाहिए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस नेता साकेत गोखले ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा की मजदूरी में केवल पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, जो इस राज्य के प्रति भाजपा की नफरत का बेशर्म प्रदर्शन है। मनरेगा योजना के तहत मजदूरी बढ़ाने संबंधी केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की अधिसूचना का जिक्र करते हुए गोखले ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए मजदूरी में बढ़ोतरी केवल पांच प्रतिशत की गयी है, जबकि बिहार के लिए यह बढ़ोतरी सात प्रतिशत से अधिक, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए नौ प्रतिशत से अधिक तथा आंध्र प्रदेश के लिए 10 प्रतिशत से अधिक है। तृणमूल नेता ने सोशल मीडिया मंत्र एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मनरेगा मजदूरी के 7,000 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया को रोकने के बाद, बंगाल-विरोधी भाजपा ह्यजमींदारोंह्ण ने मनरेगा मजदूरी में पांच प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी के साथ एक बार फिर से पश्चिम बंगाल के लोगों को निशाना बनाया है, जबकि भाजपा शासित राज्यों में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा,यह बंगाल के प्रति भाजपा की नफरत का एक और बेशर्म प्रदर्शन है- इसका जवाब जनता आगामी चुनावों में देगी। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा बुधवार को मनरेगा मजदूरी दरों को लेकर एक अधिसूचना जारी की गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मनरेगा की मजदूरी दर में बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी पार्टी श्रमिक न्याय गारंटी के तहत इस योजना के लिए दैनिक मजदूरी 400 रुपये करेगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा मजदूरी दर में संशोधन किया है। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। अभी इस मुद्दे को छोड़ दें कि क्या यह आगामी चुनावों के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है? फिर भी सरकार द्वारा सभी राज्यों के लिए घोषित दैनिक मजदूरी की दरें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की श्रमिक न्याय गारंटी के तहत घोषित 400 रुपए प्रति दिन से बेहद कम हैं।

## राहुल का तंज : मनरेगा श्रमिकों को बधाई कि पीएम ने मजदूरी सात रुपये बढ़ा दी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी में प्रतिदिन चार से 10 रुपये तक की बढ़ोतरी किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मनरेगा श्रमिकों को बधाई हो कि प्रधानमंत्री ने मजदूरी सात रुपये बढ़ा दी है। मनरेगा के तहत मजदूरी को संशोधित किया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों के लिए चार से 10 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी की गई है। एक अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए हरियाणा में प्रतिदिन 374 रुपये की उच्चतम मजदूरी दर है, जबकि अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में सबसे कम 234 रुपये है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मनरेगा श्रमिकों को बधाई! प्रधानमंत्री ने आपका मेहनताना सात रुपये बढ़ा दिया है। अब शायद वह आपसे पूछें क्या कीजिएगा आप इतनी बड़ी धनराशि का? 700 करोड़ खर्च कर आपके नाम पर धन्यवाद मोदी का अभियान भी शुरू कर दें। उन्होंने कहा, जो मोदी जी की इस अपार उदारता से नाराज हैं, वो याद रखें कि इंडिया गठबंधन की सरकार पहले दिन हर मजदूर का मेहनताना बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने वाली है।

# केजरीवाल को राहत नहीं, ईडी की हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और श्री केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। ईडी पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने श्री केजरीवाल पर हिरासत के दौरान पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने श्री केजरीवाल से पूछताछ की जानी है। अपना पक्ष खुद रखते हुए श्री केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जितने समय तक अपनी हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं।

ईडी के आदेश पर छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को फिर उन्हें विशेष अदालत में पेश किया। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद किसी भी तरह से उन्हें फंसाना है। श्री केजरीवाल ने अदालत में पेश किए जाने से पहले मीडिया के सवालों पर संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ह्ययह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी। कड़ी सुरक्षा के बीच आम आदमी पार्टी (आप) के नेता श्री केजरीवाल को विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां 22 मार्च को उन्हें छह दिनों के लिए ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित गया था। अदालत में श्री केजरीवाल की पत्न ी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद थी। अदालती कार्रवाई शुरू होते ही श्री केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपना पक्ष रखना चाहते हैं।

**आपत्ति** | भारत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग की टिप्पणी किये जाने पर जताई नाराजगी

# अमेरिकी आक्षेप पूरी तरह से अस्वीकार्य व अनुचित : भारत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को जब्त करने को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा लगातार टिप्पणी किये जाने को लेकर आज नाराजगी प्रकट की और स्पष्ट किया कि उसके आक्षेप पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं तथा आपसी सम्मान एवं समझ वाले संबंधों में ऐसा व्यवहार अनुचित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी विदेश विभाग की दूसरी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कहा, कल भारत ने अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में अमेरिकी दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष अपनी कड़ी आपत्ति और विरोध दर्ज कराया था। प्रवक्ता ने कहा, अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया



टिप्पणियाँ पूरी तरह से अनुचित हैं। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर ऐसा कोई भी बाहरी आक्षेप पूरी तरह से अस्वीकार्य है। भारत में कानूनी प्रक्रियाएं कानून के शासन से ही संचालित होती हैं। जिन देशों का लोकाचार समान है, विशेषकर साथी लोकतंत्रों को, उन्हें इस तथ्य की सराहना करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। भारत को अपनी स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गर्व है। हम उन्हें किसी भी प्रकार के अनुचित बाहरी प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आपसी सम्मान और समझ अंतरराष्ट्रीय संबंधों की नींव बनाती है, और देशों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश पर बार बार दावा किये जाने के बारे में एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा, अरुणाचल प्रदेश के मामले पर हमारी स्थिति बार-बार स्पष्ट की गई है। हमने इस संबंध में बयान भी जारी किए हैं। चीन जितनी बार चाहे अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। पर इससे हमारी स्थिति में कोई बदलाव आये, ऐसा नहीं होने वाला है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।




सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

**संदेश**

'गुड फ्राइडे' ईसा मसीह के संघर्ष और बलिदान की पुण्यस्मृति का दिन है।

प्रभु यीशु ने हमें प्रेम, दया, क्षमा, सेवा और करूणा का संदेश दिया। उनके उपदेश हमें सत्य और न्याय की राह पर सतत आगे बढ़ने की सीख देते हैं।

आइए, 'गुड फ्राईडे' के अवसर पर हम प्रभु ईसा मसीह द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों को आत्मसात कर उनका अनुसरण करने का संकल्प लें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 020249 (Governor Secretariat) D. 2023-24

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### विजय कृष्ण को लोकसभा उम्मीदवार बनाया जाए : शिवपूजन प्रशांत

फतुहा। गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व महासचिव शिवपूजन प्रशांत ने राष्ट्रीय नेतृत्व लालू यादव से अनुरोध करते हुए पटना साहिब लोकसभा से पूर्व एमपी विजय कृष्ण को उम्मीदवार बनाने का मांग किया है। विजय कृष्ण का राजनीतिक सफर लंबा रहा है और इन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 2004 के लोकसभा चुनाव में हराया था। इन्होंने कई सामाजिक कार्य किया है। पटना साहिब लोकसभा के लिए दमदार नेता हैं।

### जिलाधिकारी के निर्देश के बाद जागरूकता अभियान चलाया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत मतदाताओ को मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने जिलाधिकारी के निर्देश के बाद जागरूकता अभियान चलाने के दिशा में कार्रवाई शुरू करने में लगी है। गुरुवार कोजिलाधिकारी शीर्षत कपील अशोक के द्वारा भीसी में दिये गये निर्देश के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद ने प्रखंड के विभिन्न विभागो के पदाधिकारी व क्षेत्र के कर्मियो को आवश्यक निर्देश दिया है। पंचायत स्तर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाने एवं मतदान में अधिक से अधिक लोगो की सहभागिता सुनिश्चित करने के को लेकर कार्य करने की बात कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी केन्द्र के सेविका-सहायिका, जीविका दीदी, जनवितरण प्रणाली दुकानदार मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाने एवं कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

### युवक से मारपीट कर मोबाइल छिना, अब केस उठाने की धमकी

दानापुर।थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंद बाजार में बदमाशों ने तीन दिन पहले एक युवक से मारपीट कर मोबाइल छिन लिया था। थाना में शिकायत करने पर बदमाशों द्वारा अब केस उठाने की धमकी दी जा रही है। घटना पिछले दिनों 25 मार्च की रात की है।जब पीड़ित धीरज कुमार पिता स्व भोला राम है।जख्मी को उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया है।जख्मी ने स्थानीय निवासी अनिकेत कुमार,चंदन कुमार,राजा कुमार,सुधीर समेत आधा दर्जन बदमाशों को आरोपित किया है। घटना के तीन दिन बाद भी कोई कारवाई नहीं होने से बदमाशों का मनोबल बढ़ गया है।केस उठाने की धमकी मिलने से पीड़ित परिवार डरा सहमा है। परिजन ने बताया कि बदमाशों ने धीरज के साथ मारपीट किया, जिससे उसके कमर के एक हड्डी में हल्का फ्रैक्चर हो गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### पटना साहिब लोस से प्रत्याशी घोषित होने पर आज पटना आएंगे रविशंकर

पटना सिटी (प्राकि)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे एवं पार्टी के द्वारा फिर से उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने के बाद रविशंकर प्रसाद शुक्रवार को पटना आ रहे हैं। वह दिल्ली से जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर अपराह्न करीब 2.50 पर पहुंचेंगे। भाजपा के द्वारा उन्हें फिर से पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद वह पहली बार आ रहे हैं। इस कारण से उनका भाजपा कार्यकताओं के द्वारा एयरपोर्ट के बाहर और उनके आवास तक जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब, फतुहा एवं बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण भी स्वागत और अभिनंदन के लिए जाएंगे।

### ओवैसी की पार्टी बिहार में 16 सीटो पर लड़ेगी चुनाव

पटना। असद्दुदीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने बिहार में महागठबंधन के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी करनी शुरू कर दी हैं। ओवैसी की पार्टी ने गुरुवार को घोषणा की कि वे बिहार के सीमांचल के लोकसभा सीटों के अतिरिक्त राज्य की 5 और सीटो पर चुनाव लड़ेगी। एआईएम आईएम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने पटना में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी पहले भी 11 सीटो पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। अब नई घोषणा के तहत काराकाट, गोपालगंज, दरभंगा, पाटलिपुत्र और शिवहर से चुनाव लड़ेगी। साथ ही मधुबनी को लेकर भी उम्मीदवार उतारने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कुछ और सीटों को लेकर पार्टी बड़ी घोषणा करेगी। फिलहाल सीमांचल के अतिरिक्त काराकाट, गोपालगंज, दरभंगा, पाटलिपुत्र और शिवहर से उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया गया है। अख्तरुल ईमान ने सीवान के दिवगंत सांसद शहाबुद्दीन को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम के दरवाजे शहाबुद्दीन की पत्नी हिना साहाब के लिए खुले हुए हैं।

# क्षय दिवस पर डॉ कृष्णा पांडेय ने टीबी पर किया जागरूक

## आरएमआर आई ने धनरुआ सामुदायिक स्वा केंद्र पर किया आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



विश्व क्षय दिवस पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धनरुआ में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। आईसीएमआर-राजेंद्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान, अगमकुआं एवं सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र, धनरुआ द्वारा यह आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आईसीएमआर प्रायोजित एक अनुसंधान परियोजना नेहरू युवा केंद्र संगठन के प्रशिक्षित युवा क्लब के सदस्यों द्वारा टीबी के विचारोत्तेजक लक्षणों वाले व्यक्तियों की सक्रिय जांच और प्रेरणा के तत्वावधान में तथा इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आईसीएमआर के वैज्ञानिकों डॉ अनुराग पप्पू एवं डॉ रोशन कमल टोपनो के द्वारा परियोजना एवं क्षय रोग से संबंधित जानकारियां साझा की गई। संस्थान के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने भी शिविर में टीबी रोग के बारे में चिकित्सीय जानकारियां लोगों को दीं। उन्होंने कहा कि टीबी अब लाइलाज नहीं रहा। यदि अधिक खांसी, कमजोरी, खाना का अपचन होने आदि पर इसकी जांच कराई जानी चाहिए।यह जांच सरकारी अस्पतालों में फ्री में होता है। यदि रिपोर्ट पाजिटिव आती है, मरीज को पूरा कोर्स दवा भी सरकार की ओर से मुफ्त में प्रदान की जाती है। नेहरू युवा केंद्र संगठन के दीपू कुमार एवं कृष्णा भूषण सिंह ने संगठन का परिचय और उसकी गतिविधियों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। जिला क्षय रोग पदाधिकारी डॉ गायत्री सिंह एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रतिभा ने क्षय रोग एवं डीबीटी योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धनरुआ में उपस्थित रोगियों तथा अन्य लोगों के टीबी रोग से संबंधित सवालों का निराकरण डॉ कृष्णा पांडेय ने किया। कुछ टीबी से ग्रसित रोगियों ने भी इस शिविर में अपने सफल रोग निदान एवं उपचार की कहानी और व्यक्तिगत अनुभव व्यक्त किए। परियोजना के कर्मचारी यथा खुशबू और प्रियंका ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जम्मू-कश्मीर से पहुंची संगत का खोया सेल 3 घंटे में खोज सौंपा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना की पुलिस ने जम्मू-कश्मीर से तख्तश्री पटना साहिब पहुंची संगत के मोबाइल को महज तीन घंटे के अंदर खोज कर उन्हें सौंप दिया। इस संबंध में डीएसपी-2 गौरव कुमार ने बताया कि 27 मार्च को अपराह्न करीब तीन बजे जम्मू-कश्मीर राज्य के श्रीनगर जिला के सदर थाना श्रीनगर के आजाद बस्ती नाजीपुरा के रहने वाले मंजीत सिंह सपत्नीक होला मुहल्ला में भाग लेने के लिए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे थे। वह गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में ठहरे थे। वह परेशान हाल में चौक थाना पहुंचे। कारण था कि उनका मोबाइल गुरुद्वारा बाललीला के पास एक ऑटो में छूट गया था। जब उन्हें मोबाइल के बारे में याद आया और जब दूसरे के मोबाइल से उस नंबर पर कॉल किया गया, तो मोबाइल बंद हो चुका था। चौक थाना पर मौजूद डीएसपी-2 गौरव कुमार से वह मिले। इसके बाद उन्होंने चौक थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। इसके बाद तत्काल सीसीटीवी का अवलोकन किया गया। इस दौरान महज तीन घंटे के अंदर मोबाइल को बरामद कर लिया गया। इसके बाद मंजीत सिंह को थाना पर बुला कर उन्हें मोबाइल सौंप दिया गया। इसके एवज में उन्होंने बिहार पुलिस को खासा धन्यवाद दिया। विशेष टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष शशि कुमार राणा, एएसआई विनोद कुमार सिंह और तकनीकी सिपाही इंदर कुमार शामिल थे।

# पूनाडीह में सती की पूजा के बाद निकाला गया शोभायात्रा

## सात नागा की टोली, हाथी, घोड़ा, बैंड बाजा, झांकी व होली गीत आकर्षण

प्रात :किरण संवाददाता





दीदारगंज थाना क्षेत्र के पूनाडीह में सती की पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इसका आयोजन श्री सती पूजा समिति के द्वारा किया जाता है। इसके बाद शोभायात्रा पूनाडीह गांव से बुधवार की रात 10 बजे निकाला गया। गांव का भ्रमण करते हुए गुरुवार की सुबह गुलमहियाबाग, कच्ची दरगाह, आलमपुर, फतेहजामपुर एवं सबलपुर होते हुए शोभायात्रा आगे निकल गई। इस शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त रास्ते में पहुंचते हैं। लोग अपने घर की छत और दरवाजे से भी इसे देखकर पूजा करते, पुष्प वर्षा करते और प्रणाम करते हैं। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत भी किया गया। प्यारे भगत के तांत्रिक क्रिया को ग्रामीण अचंभित होकर देखते रह गए। ग्रामीणों का मानना है कि हजारों वर्ष पूर्व लाला (कायस्थ) परिवार में पति की मौत के बाद उसके वियोग में पत्नी सती हो गई थी। उस समय से उस सती की याद में यह शोभायात्रा निकाली जाती है। गांव वाले बताते हैं कि अगर यह शोभायात्रा नहीं निकाली जाती है, तो इलाके में अकाल मृत्यु एवं आपदा का संकट पैदा होता है। इसी कारण से वर्षो से सती की याद में पूजा पाठ करने के बाद शोभायात्रा निकाली जाती है। शोभायात्रा में सात नागा की टोली के साथ हाथी, घोड़ा, बैंड बाजा एवं होली गीत गाने के साथ ही गांव और नगर का भ्रमण किया जाता है। अंत में सबलपुर सती घाट पर इसका समापन होता है। निजामपुर से श्री राम सीता, राधेश्याम एवं श्री शंकर व मां पार्वती की आकर्षक झांकियां भी शोभायात्रा में शामिल थीं। कार्यक्रम में पटना सदर के उप प्रमुख माया देवी, पूनाडीह पंचायत के मुखिया मनोज यादव, किशोर कुमार लहेरी, रामस्वरूप सिंह, हरिनंदन सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, अनिल कुमार, अनिल पांडेय, मदन पांडेय, लगन साव, जितेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल हुए।

# आज शोकसभा के बाद बंद रहेगी मुसल्लहपुर फल मंडी

पटना सिटी (प्राकि)। कृषि उत्पादन बाजार समिति, मुसल्लहपुर फल मंडी शुक्रवार को शोकसभा के लिए बंद रहेगी। पटना फ्रूट वेजिटेबल एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद उर्फ पप्पू ने कहा कि फल के बड़े व्यापारी और हम सबों के अभिभावक के साथ ही संगठन के अध्यक्ष रहे हाजी मोईन आलम का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। 20 मार्च को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह एक नेक इंसान, मिलनसार और आम के बड़े कारोबारी थे। उन्होंने बाजार समिति के सभी कारोबारी को हमेशा परिवार की तरह माना है। शशिकांत ने बताया कि शुक्रवार को बाजार समिति फल मंडी के दुकान संख्या 65 में शोकसभा का आयोजन किया गया है। इसके बाद फल मंडी की सभी दुकान बंद रहेगी।

# श्री राम के दर्शन को अयोध्या गए, चोरों ने किया हाथ साफ

प्रात :किरण संवाददाता





पटना सिटी। मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगला के आदर्श कॉलोनी में अभय राज रहते हैं। वह कुरकुरे का कारखाना किराए के मकान में चलाते हैं और खुद पत्नी और परिवार के साथ वहीं रहते भी हैं। 24 मार्च को वह परिवार के साथ अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजित मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के दर्शन के लिए वह प्रस्थान कर गए। वह कारखाना सह आवास में सीसीटीवी भी लगा रखे हैं। इसे अपने मोबाइल से भी जोड़ रखा है। जब वह मोबाइल पर सीसीटीवी फुटेज के धुंधलापन और हिलते-डुलते देखा और बाद में कुछ भी नहीं दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने कारखाना में काम करने वाले स्टाफ को जाकर देखने को कहा। मगर बाहर से ताला बंद रहने और सब कुछ ठीक-ठाक रहने के कारण उसने उन्हें सही बात बता दिया। 27 मार्च की रात करीब 12 बजे जब वह अपने घर लौटे, तो देखा कि घर के अंदर का दरवाजा टूटा हुआ है। कमरे के अंदर आलमारी का दरवाजा और ताला भी टूटा हुआ है। सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। चोरों ने आलमारी से नगद करीब एक लाख 90 हजार के अलावा सोने-चांदी के करीब दो लाख के आभूषण और कुछ अन्य कीमती सामान भी चोरी कर ले गया। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर, कैमरा का मशीन भी साथ ले गया, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सके। इस संबंध में छोटी नगला आदर्श कॉलोनी के रहने वाले अभय राज ने मालसलामी थाना में मामला दर्ज कराया है। हालांकि मध्य रात्रि को जब उन्होंने पुलिस को सूचना दी, इसके बाद ही पुलिस उनके घर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की है। थाना अध्यक्ष का कहना है कि इस संबंध में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दरअसल चोर बगल में निमार्णाधीन मकान से छत के रास्ते किवाड़ तोड़ नीचे आकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

# होली में गए घर, हो गई चोरी

पटना सिटी (प्राकि)। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के वाचस्पति नगर मुहल्ला में बंद मकान से करीब 10 लख रुपए के समान की चोरी चोरों के द्वारा कर ली गई। दरअसल किराए पर रहने वाले कुमार अभिषेक के बंद मकान से लगभग दस लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण की चोरी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर आलमगंज थाना की पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। इसमें पीड़ित ने बताया है कि वह मकान बंद कर अपने घर नालंदा गया था।

# सीमा शुल्क ने आरा से राँची जा रही बस की तलाशी के दौरान तस्करी कर भारतीय सीमा में लाए गए विदेशी मूल के सिगरेट को किया जब्त

पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क, राँची सर्किल के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर आरा से राँची जा रही बस की तलाशी के दौरान रामगढ़-राँची रोड में पुनदाग टोल प्लाजा के समीप अवैध रूप से तस्करी कर भारतीय सीमा में लाए गए विदेशी मूल के सिगरेट को गुरुवार (28.03.2024) को सुबह लगभग 03:45 बजे सीमा शुल्क के अधिकारियों ने जब्त किया।

जब्त किये गये सिगरेट विदेशी मूल के हैं तथा जिन्हें भारतीय मूल के सिगरेट के साथ छिपाकर अवैध रूप से बिना किसी कागजात के ले जाया जा रहा था। जब्त किये गए विदेशी मूल के सिगरेटों की कुल संख्या 800 पैकेट (9600 पीस)है जो पूर्णतः अवैध रूप से तस्करी के द्वारा दूसरे देशों से भारत में लाया गया है।

इसके अतिरिक्त जब्त भारतीय मूल के सिगरेटों की संख्या 3600 पैकेट (36000 पीस) है। जब्त सभी सिगरेटों का अनुमानित मूल्य 2 लाख 45 हजार के करीब है। जैसा कि भारत सरकार द्वारा विदेशी मूल के सिगरेट का आयात विभिन्न नियमों के पालन किए बिना लाना प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त सिगरेट तंबाकू उत्पाद नियमों के मुताबिक नहीं थे और इन्हें भारत में तस्करी कर लाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस मिथक के कारण कि विदेशी मूल की सिगरेट बेहतर होती है, युवा उपभोक्ताओं के बीच इनकी अधिक मांग है, उपभोक्ता के लिए इन तस्करी वाली सिगरेटों की कीमत कम होती है, क्योंकि ये उत्पाद आमतौर पर सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान किए बगैर हमारे देश में तस्करी कर लाए जाते हैं। जैसा कि कि कुछ समय पहले ही निर्वाचन आयोग के द्वारा पटना में आयोजित मीटिंग में यह दिशा निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित पदार्थो के तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई को तीव्र गति प्रदान की जाए । अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर पटना प्रमंडल के सहायक आयुक्त राघवेंद्र शाह के नेतृत्व में की गई जिसमें जितेन्द्र मंडल, निरीक्षक ने मुख्य भूमिका निभाई। आयुक्त ने आगे बताया कि तस्करों द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र से ट्रेनों तथा अन्य माध्यमों से यथा सड़क मार्ग द्वारा भी अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी मूल के सिगरेट को लाया जा रहा है तथा बिहार एवं झारखंड के इलाकों में इसकी बिक्री की सूचना है। हालांकि इसको रोकने के लिए पटना कस्टम्स पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है एवं आने वाले समय में इस तस्करी निरोधी अभियान को और गति तथा सख्ती मिलेगी।

# ईसा मसीह प्रभु व गुरु होकर भी शिष्य के पैर धो दिया संदेश

## पादरी की हवेली महागिरजाघर में भी हुआ रस्म, मिस्सा पूजा भी

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता



हमने प्रभु और गुरु होकर भी धोए पैर तुम्हारे। गुरुवार को पादरी की हवेली स्थित महागिरजाघर में मिस्सा पूजन का आयोजन किया गया। इसमें प्रभु ईसा मसीह के द्वारा दी गई शिक्षा का स्मरण कर पटना सिटी के ईसाई भाई-बहनों ने पूजा विधि में हिस्सा लिया। इस पुण्य गुरुवार के दिन प्रभु ईसा मसीह ने अनेक साल पहले अपने सभी मानने वालों को यह शिक्षा दी कि चाहे कोई भी हो,अमीर या गरीब, किसी भी रुतबे का हो, पर हर किसी को हमें एक समान समझना चाहिए। इसी को दशार्ने के लिए प्रभु ईसा मसीह ने अपने 12 चेलों के पैर धोए थे। इस महान शिक्षा के लिए सिर्फ ईसाई समुदाय ही नहीं, बल्कि दुनिया के हर धर्म के लोग प्रभु ईसा मसीह को गुरु के रूप में मानते हैं और उनकी शिक्षा को सर्वोपरि रखते हैं। आज के ही दिन उन्होंने दुनिया को प्रेम का एक सबसे बड़ा उदाहरण दिया और यह शिक्षा दी एक गुरु भी अपने अहं को त्याग कर अगर अपने सेवक को अपने समान बराबरी का दर्जा दे, तो वह न सिर्फ उनका दिल जीत सकता है, बल्कि विश्व में प्रेम और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण बन सकता है।मिस्सा बलिदान को पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण और सहायक पुरोहित फादर प्रदीप एवं फादर सुरेश ने चढ़ाया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम्ब्रोस पैट्रिक, अभिषेक पैट्रिक, पूजा एन शर्मा, विक्टर अल्फेंस, जॉर्ज पीटर, साइमन पीटर, कांता अल्फेंस, रिचर्ड रंजन, एडवर्ड अल्फेंस, चार्ल्स अल्फेंस, अग्नेस जेरेमी, अजीता कुजूर, अल्बर्ट माइकल, क्लेटस किस्पोट्टा, रोजमंड जेरेमी, बैसिल लकड़ा, सनी केवी, एंथोनी राज आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को अभियान चलाने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त, पटना-सह-वरीय नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग श्री तनय सुल्तानिया को इस अभियान का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय पदाधिकारीगण अगले दो महीना में जिला के हर एक मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क करेंगे तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाएँ। हरएक वार्ड, पंचायत, प्रखंड एवं नगर निकायों में एक-एक मतदाता से मिलें, उन्हें मतदान हेतु व्यवस्थाओं के बारे में बताएँ तथा वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

जूम के माध्यम से आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीआरओ, डीपीओ आईसीडीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना नगर निगम के सभी अचंलों के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीडीपीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी एमओआईसी, प्रखंड स्वच्छता समन्वयक एवं अन्य उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारियों के कार्यालय से सभी पंचायत सचिव, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं अन्य भी जुड़े हुए थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला के हर एक घर को नॉक करें तथा मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पटना के शहरी क्षेत्रों- दीघा, बाँकीपुर एवं कुम्हरार- में विगत चुनाव में बहुत कम वोटिंग हुआ है।

# समय से टीबी की पहचान के लिए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस युक्त अल्ट्रापोर्टेबल एक्सरे मशीन कारगर : डॉ. बाल कृष्ण मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वर्ष 2025 तक यक्ष्मा उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा, डॉ। बाल कृष्ण मिश्र ने बताया कि वर्ष 2025 तक यक्ष्मा उन्मूलन की लक्ष्य प्राप्ति के लिए समुदाय के बीच जाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय से टीबी की पहचान के लिए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस युक्त अल्ट्रापोर्टेबल एक्सरे मशीन, रैपिड मोलिक्यूलर डायग्नोस्टिक का उपयोग तथा बेहतर ड्रग रेजिमेन द्वारा उपचार एवं टीबी रोग की रोकथाम कर यक्ष्मा उन्मूलन संभव है।

**एक्सरे से संभावित टीबी मरीजों की पहचान संभवः** डॉ. मिश्र ने बताया कि आईसीएमआर की टीबी प्रेवेलेंस रिपोर्ट के अनुसार 42 प्रतिशत टीबी मरीजों की पहचान एक्सरे द्वारा की गयी है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार ये ऐसे व्यक्ति थे जिनमे टीबी के लक्षण स्पष्ट रूप से नहीं पाए गए थे। डॉ। मिश्र ने बताया समुदाय में जाकर मलिन बस्तियों, ऐसे क्षेत्र जहाँ कुपोषण से ग्रसित लोगों की संख्या ज्यादा हो एवं ऐसे क्षेत्र जहाँ एक भी टीबी मरीज पाया गया है, ऐसी जगहों पर टीबी मरीजों की खोज के लिए प्रयास करने की जरुरत है। एक मरीज भी अपने परिवार के साथ साथ समुदाय में कई लोगों को संक्रमित कर सकता है इसलिय आवश्यक है कि ऐसी जगहों पर संभावित टीबी मरीजों की खोज के लिए अभियान चलाया जाये।

**क्लिंटन फाउंडेशन ने उपलब्ध करायी 8 पोर्टेबल एक्सरे मशीनः** डॉ. मिश्र ने बताया कि कोविड-19 रिस्पांस मैकेनिज्म के तहत विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन के माध्यम से राज्य को 8 पोर्टेबल एक्सरे मशीन प्राप्त हो गयी है। हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन हल्की एवं इस्तेमाल करने में आसान है। उन्होंने बताया कि मशीन से टीबी संक्रमण के अलावा ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं पोषण के स्तर की भी जांच की जाएगी।

**निम्न जिलों को उपलब्ध करायी गयी मशीनः** डॉ. मिश्र ने बताया कि वर्तमान में मुजफ्फरपुर को 2, दरभंगा को 2, मोतिहारी को 2, तथा सारण एवं पूर्णिया को 1-1 मशीन आवंटित की गयी है। इसके कारण दूरस्थ तथा कठिन क्षेत्रों में भी टीबी रोगियों की जांच में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के बेहतर संचालन के लिए क्लिंटन फाउंडेशन द्वारा 1 जिला सुपरवाइजर, 1 एक्सरे टेक्नीशियन एवं 2 कम्युनिटी समन्वयक उक्त जिलों के लिए उपलब्ध कराये गए हैं।

# लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीएम ने किया क्षेत्र भ्रमण

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मोकामा एवं बाढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। उन्होंने इन क्षेत्रों में डिस्पैच सेंटर्स का निरीक्षण किया तथा चुनाव में वाहन प्रबंधन हेतु क्रियाशील वाहन कोषांगों का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा मोकामा के पोलिंग पार्टी डिस्पैच केंद्र श्रीकृष्ण मारवाड़ी उच्च विद्यालय, मोकामा एवं बाढ़ के डिस्पैच केंद्र ए.एन. एस. कॉलेज, बाढ़ का निरीक्षण किया गया।

गौरतलब है कि 28-मुंगेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अवस्थित 178-मोकामा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 179-बाढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी क्रमशः अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता, बाढ़ है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मोकामा एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बाढ़ को क्रमशः इन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के डिस्पैच सेंटर का इन्चार्ज ऑफिसर बनाया गया है। डिस्पैच सेन्टर पर इनचार्ज पुलिस ऑफिसर को भी तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित पूरे जिला में बेहतर तैयारी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सभी व्यवस्था की जा रही है। उप विकास आयुक्त, पटना एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधी सारी तैयारियों का पर्यवेक्षण किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण पटना जिला में आयोग के निदेशों के अनुसार तेजी से तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को किस तरह से मतदान केन्द्रों पर ले जाया जाएगा, पोलिंग पार्टी, पुलिस ऑफिसर एवं फोर्स का मिलान, ईवीएम कमिशनिंग, डिस्पैच की व्यवस्था, वाहन प्रबंधन, भेद्यता मानचित्रण, मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, विधि-व्यवस्था का संधारण इत्यादि निर्वाचन के आधार-स्तंभ हैं। हमलोग पूरी तन्मयता से तैयारी कर रहे हैं। सुगम, सहज, सुरक्षित एवं समावेशी चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाया जा रहा है। हम लोकतंत्र के इस उत्सव को एक सुखद अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी निर्वाचकों से अपील है कि वे वोट जरूर दें। इससे हमारा समृद्ध लोकतंत्र और प्रस्फुटित होगा तथा इसे नया आयाम मिलेगा।

# महाप्रबंधक ने पटना जंक्शन पर होली के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड को लेकर की गयी तैयारियों का लिया जायजा

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंधक किए गए हैं । महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है । इसी क्रम में महाप्रबंधक ने आज संध्या पटना जंक्शन पहुंचकर क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित उपलब्ध करायी जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया ।

महाप्रबंधक ने पटना जंक्शन स्थित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली नियंत्रण कक्ष (सीसीटीवी कैमरा का कंट्रोल रूम), यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, सकुर्लेटिंग एरिया, पे एंड यूज आदि का जायजा लिया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने पटना जंक्शन पर यात्रियों से चर्चा कर उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक लिया । उन्होंने पटना जं. पर नई दिल्ली जा रही संपूर्ण क्रांति के यात्रियों से भी बातचीत कर उनका फीडबैक लिया । उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधा के लिए निरंतर चौकस रहने का निर्देश दिया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने पटना जं. पर उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि होली के उपरांत स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा भीड़ प्रबंधन तथा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु कई कदम उठाए गए हैं । नई दिल्ली, मुंबई, पुणे, सूरत, सिकंदराबाद, कोटा, जयपुर, जोधपुर, रांची, टाटा आदि स्टेशनों के लिए पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इस साल होली के दौरान 75 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलायी गयी ।

# लोस चुनाव : नामांकन में एनडीए नेताओं ने दिखाई एकजुटता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



40 सीटों पर जीत हासिल करना लक्ष्य : सम्राट

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। बिहार की चार सीटों पर पहले चरण में मतदान है जिसके नामांकन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। अंतिम दिन एनडीए के प्रत्याशियों ने तीन सीटों गया, नवादा और जमुई में नामांकन किया। एनडीए उम्मीदवारों के नामांकन में गठबंधन की एकजुटता दिखाने के लिए सभी घटक दलों ने एक साथ बड़ा संदेश दिया। गया सीट के लिए एनडीए से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने समाहरणालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के समर्थन में सभा स्थल पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा रामविलास सुप्रीमो चिराग पासवान, मंत्री डॉ प्रेम कुमार, मंत्री मंगल पाण्डेय, डॉ संजय जायसवाल, एमएलसी जीवेश मिश्रा, पूर्व एमएलसी महाचंद्र सिंह, मंत्री संतोष सुमन समेत कई दिग्गज नेता शामिल रहे। भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी 40 सीटों पर बिहार में जीत हासिल करना हमारा लक्ष्य है। अब पहले चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए को बड़ी जीत मिलेगी। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए को बिहार में सभी 40 सीटों पर जीत मिलेगी। लोकसभा चुनाव के लिए हम पहले से तैयार हैं। वहीं जदयू नेता और बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा महागठबंधन में एकजुटता नहीं है। वहीं एनडीए को 40 सीटों पर जीत मिलनी तय है। पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि एनडीए की पहले से तैयारी है। कहीं कोई कठिनाई नहीं होगी। सभी 40 सीटों पर हमारे घटक दलों के उम्मीदवार बड़ी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बिहार और देश की जनता की अटूट आस्था है। अब केवल औपचारिकता बची है। परिणाम हमारे एनडीए के पक्ष में आएगा। वहीं विरोधी दलों के महागठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि जब आज तक उनके बीच सीटों का बंटवारा ही नहीं हुआ है तो परिणाम क्या होगा, यह समझने की चीज है।

**कुमार सर्वजीत के नामांकन रैली में शामिल हुए महागठबंधन के दिग्गज :**
वहीं महागठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री सह बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले वह श्री जगन्नाथ मंदिर गए और वहां पूजा-अर्चना की। इस दौरान राजद के पूर्व मंत्री डा. सुरेंद्र प्रसाद यादव समेत कई दिग्गज नेता शामिल हुए। जहां एनडीए की गांधी मैदान तो महागठबंधन की गया कालेज खेल परिसर में सभा होगी। जहां दोनो दलों के दिग्गज नेता जुटेंगे। मालूम हो कि अब तक 15 एनआर काटे गए हैं। इसमें तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। सबसे पहले पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक के उम्मीदवार अरुण कुमार ने पर्चा भरा है। वहीं बीते सोमवार को दो निर्दलीय प्रत्याशी वजीरगंज के चंदन कुमार और कुजापी के रहनेवाले रानू कुमार चौधरी ने नामांकन पत्र भरा है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लोजपा रामबिलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने गुरूवार को मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, जदयू के राज्य सभा सांसद संजय झा व जदयू नेता संजय सर्राफ रहें मौजूद।

## महागठबंधन का कोई वजूद नहीं है : गिरिराज

पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर फंसे पेंच पर निशाना साधा है। पत्रकारों से बातचीत में गिरिराज सिंह ने गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव राजा की भूमिका में हैं। महागठबंधन का कोई वजूद नहीं है। लालू यादव जो चाहते हैं वही करते हैं। बिहार में अब कांग्रेस का भी कोई अस्तित्व नहीं रह गया है। यही वजह है कि गुरुवार पहले चरण के नॉमिनेशन का अंतिम दिन होने के बावजूद भी कांग्रेस ऊहापोह की स्थिति में है कि कहां से अपना कैंडिडेट खड़ा करे और कहां से नहीं। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव तो सीट शेयरिंग से पहले ही कई जगहों पर अपने उम्मीदवार की घोषणा कर चुके हैं

# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार ने लोजपा रा छोड़ा

- पार्टी प्रमुख चिराग पर लगाया धोखा देने का आरोप

प्रात : किरण



**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले चिराग पासवान को बड़ा झटका लगा है। पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन गुरूवार को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरूण कुमार ने लोजपा रा छोड़ने का ऐलान किया। इसके साथ ही लोजपा रा के प्रमुख चिराग पासवान पर धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चिराग सबसे बड़े धोखेबाज हैं। लोकसभा चुनाव में मेरे राजनीतिक हत्या की साजिश रची गई। नीतीश कुमार से समझौता करने के लिए मेरी बलि ली गई। अरुण कुमार ने कहा कि चिराग पासवान मुझे पिता तुल्य कहते थे। लेकिन उन्होंने मेरे साथ ही धोखा कर दिया। उन्होंने दावा किया कि उन्हें चिराग पासवान ने आश्वासन दिया था कि नवादा या जहानाबाद से उन्हें उम्मीदवार बनाया जाएगा। यहां तक कि अंतिम समय तक चिराग उन्हें भरोसा देते रहे कि उनकी राजनीतिक बलि लेकर नीतीश कुमार से समझौता नहीं करेंगे। लेकिन चिराग सबसे बड़े धोखेबाज निकले। अरुण ने कहा कि अपने 40 साल के राजनीतिक जीवन में उन्हें इससे बड़ा धोखा नहीं मिला। चिराग पासवान पर आगबबूला अरुण सिंह ने कहा कि जब पशुपति पारस ने चिराग को धोखा दिया तो उनके साथ खड़ा होने वाला कोई नहीं था। उस समय वे चिराग के साथ दूसरे चाचा बनकर खड़े रहे लेकिन भतीजा ऐसा मिला जिसने मुझे धोखा दे दिया। उन्होंने कहा कि चिराग जलता रहे इसके लिए उन्होंने लगातार उन्हें चमकाने का काम किया। यहां तक कि परिवार से मित्र-दोस्त तक यह कहते रहे कि चिराग धोखा देंगे। बावजूद इसके वे चिराग के साथ रहे लेकिन अंत में चिराग पासवान धोखेबाज निकले। अरुण सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी के संजय झा ने जब चिराग पासवान से मुलाकात की थी तब भी उन्होंने चिराग से पूछा था- कहीं मेरी बलि लेकर नीतीश कुमार से समझौता तो नहीं होगा। लेकिन चिराग ने इनकार किया। यहां तक कि जहानाबाद और नवादा में जन सम्पर्क करने से भी दो दिन तक रुकने बोला। अब वे नीतीश से समझौता कर बैठे। अरुण सिंह ने आक्रामक अंदाज में कहा कि नीतीश कुमार के एनडीए में आने के बाद से मैंने मुंह पर पट्टी बांध दिया था। मैं उनके लिए गुलदस्ता लेकर स्वागत में खड़ा नहीं रह सकता था। लेकिन चिराग ने मुझे धोखा देकर समझौता कर लिया। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्होंने इसे लेकर कोई फैसला नहीं किया है। अब यह फैसला जनता और समर्थकों पर छोड़ चुका हूँ। उनका जो निर्णय होगा, उस अनुरूप हम करेंगे।

## गुंजन सिंह ने नवादा से भरा पर्चा

पटना। लोकसभा चुनाव के इस महासमर में अब भोजपुरी के सुपरस्टार गुंजन सिंह भी उतर गए हैं। नवादा लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में गुंजन सिंह ने गुरूवार को नामांकन किया। नामांकन दाखिल करने के लिए वह नवादा पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए गुंजन सिंह ने कहा कि विकास के मुद्दा पर चुनाव लड़ने आए हैं। जनता के आदेश पर मैदान में उतरे हैं। सबसे बड़ा मुद्दा है कि घर का बेटा घर का नेता रहेगा। वहीं, इस दौरान यूट्यूबर मनीष कश्यप भी साथ दिखे। बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर गुंजन सिंह ने कहा कि मैनें बहुत कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। अब यहां की जनता को मैने वादा किया था, इसलिए उनके भरोसे चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। विकास की बात करते हुए उन्होंने कहा कि नवाद में न तो केंद्रीय विद्यालय है, न ही मेडिकल कॉलेज है, यहां बेहतर अस्पताल की सुविधा भी नहीं है। जनता के बीच इन्हीं मुद्दों को लेकर जाऊंगा। मुझे भरोसा है कि यहां की जनता साथ देगी। इस दौरान मनीष कश्यप ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले 20 साल के चुनाव को देख लीजिए, कितने गरीब के बेटे सांसद बने? बिहार का हाल सभी को पता है। उन्होंने कहा कि गरीब का बेटा क्या लोकसभा में जाकर गरीबी पर बात नहीं कर सकता है? बड़े-बड़े नेता का बेटे, व्यापारी, माफिया क्या सिर्फ ये ही नेता बन सकते हैं, गरीब का बेटा नेता नहीं बन सकते हैं? मनीष कश्यप ने गुंजन सिंह को समर्थन करने की अपील की। मीडिया के द्वारा चुनाव प्रचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो भी अच्छे प्रत्याशी बुलाएंगे। वहां प्रचार करने जाएंगे।

# एनडीए सरकार में विकास के नए कीर्तिमान हुए स्थापित : उमेश

- बोलें- पूर्णियां में प्रचंड जीत का परचम लहराएगा एनडीए

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए सरकार में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हुए। श्री कुशवाहा गुरूवार को पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार संतोष कुमार कुशवाहा के नामांकन कार्यक्रम में बातौर मुख्यअतिथि शामिल हुए। उक्त मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्णियां लोकसभा में तीसरी बार एनडीए की जीत का परचम लहराएगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के परस्पर सहयोग से पूर्णिया ने विकास का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 2005 से पहले पूर्णियां पिछड़ा जिला के रूप जाना जाता था लेकिन इसी पूर्णियां में आज इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज और एग्रीकल्चर कॉलेज खुल चूकें हैं। यहाँ के बच्चों को अब उच्च शिक्षा के लिए पूर्णियां से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि एनडीए की सरकार ने गरीबों को घर दिए, शौचालय दिए, नल-जल योजना के माध्यम से पीने का पानी मुहैया कराया, ग्रामीण सड़कों का जाल बिछाकर गांवों को शहरों से जोड़ा। हमारी सरकार ने गरीबों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव को सुनिश्चित किए हैं, इसलिए हम पूर्णिया की जनता से आह्वान और आग्रह करते है कि पूर्णियां लोकसभा के लोकप्रिय और जनप्रिय उम्मीदवार संतोष कुमार कुशवाहा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, मंत्री अशोक चौधरी, मंत्री लेसी सिंह, मंत्री नीरज सिंह बबलू, मंत्री जयंत राज, सांसद प्रदीप कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में एनडीए गठबंधन के विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं वरिष्ठ नेतागण मौजद रहें।

## पूर्णिया से हमारा भगवान और भक्त का रिश्ता : पप्पू



- कहा-पूर्णिया छोड़ने से बेहतर आत्महत्या कर लेना

पटना। पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर महागठबंधन में जारी खींचतान के बीच पप्पू यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पूर्णिया छोड़ने से बेहतर होगा आत्महत्या कर लेना। पूर्व सांसद पूर्णिया से चुनाव लड़ने के अपने स्टैंड पर कायम हैं। उन्होंने कांग्रेस लीडर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पाले में बॉल डाल दिया है कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व कि इस मामले जल्द कोई फैसला ले। गुरूवार को एक चैनल से बातचीत करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि समाज के पिछड़े, शोषित और दलित जनता के लिए मैं चालीस सालों से संघर्ष कर रहा हूं। मेरी बात पहले ही लालू यादव से हो गयी थी। वह मेरे पिता के समान हैं। मैनें कह दिया था कि पूर्णिया से अलग चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं हूं। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भी से बात होने व चर्चा की। उन्होंने कहा कि सीमांचल और कोसी की जनता पप्पू यादव को बच्चे की तरह से देखती है। पूर्णिया से हमारा भगवान और भक्त का रिश्ता है। पूर्णिया जाति, धर्म, मजहब, बैकवार्ड, फॉरवार्ड जैसी चीजों से ऊपर उठ चुका है। पप्पू यादव यहां हर परिवार की उम्मीद है। मेरी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी पूर्णिया के साथ है। पूर्णिया की जनता रिकॉर्ड मतों के विजय बनाएगी।

# पीएम मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेंगे : चिराग

- जमुई से लोजपा रा प्रत्याशी अरूण भारती ने किया नामांकन

प्रात : किरण



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जमुई के श्रीकृष्ण सिंह मेमोरियल स्टेडियम में जमुई लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अरुण भारती की विशाल नामांकन सभा में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पार्टी के प्रत्याशी अरुण भारती जी मुझसे भी बेहतर सांसद साबित होंगे साथ ही हम सभी मिलकर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेंगे। मैं जमुई लोकसभा क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाता हूं की अरुण भारती जी मुझसे भी बेहतर सांसद होंगे , जमुई का बेटा बनकर अपना वादा निभाएंगे। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं की जैसे आप लोगों ने मुझे प्यार और स्नेह दिया वैसे ही अरुण भारती जी को भी अपना प्यार और आशीर्वाद देते रहें। श्री चिराग ने आगे कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करता हूं की जैसे आप लोगों ने मुझे प्यार और स्नेह दिया वैसे ही अरुण भारती जी को भी अपना प्यार और आशीर्वाद देते रहें। श्री चिराग गया और नवादा में एनडीए प्रत्याशी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और विवेक कुमार सिंह के भव्य नामांकन समारोह में शामिल हुए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि उक्त अवसर पर जनसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रालोपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार भाजपा नेता राजेंद्र सिंह जमुई विधायक श्रेयसी सिंह तारापुर जदयू विधायक राजीव कुमार सिंह झाझा विधानसभा के विधायक दामोदर राउत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे संजय कुमार सिंह अमित कुमार रानू इं रमेश कुमार पूर्व प्रत्याशी चंदन सिंह अजय कुशवाहा अशरफ अंसारी संजय सिंह प्रदेश प्रवक्ता राजेश सिंह जितेंद्र यादव इमाम गजाली इंदु कश्यप विनीता सिंह जमुई जिला अध्यक्ष जीवन सिंह रालोपा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल और भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद सिंह जदयू के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र महतो सुरेंद्र ठाकुर हरि कुमार आजाद

## जनता पूरी तरह महागठबंधन के साथ है : शक्ति

- नवादा से श्रवण कुशवाहा के नामांकन में शामिल हुए राजद नेता

प्रात : किरण



**पटना।** राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला। गुरूवार को नवादा सीट से राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के नामांकन में राजद प्रवक्ता शामिल हुए। इस दौरान शक्ति यादव कहा कि इस बार मुद्दे की लड़ाई में जनता पूरी तरह महागठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि नवादा के चुनाव में आम लोगों में बाहरी उम्मीदवारों के खिलाफ रोष है। पिछले चुनावों में लगातार बाहरी उम्मीदवार यहां से जीतते रहे और क्षेत्र के मुद्दे गौण रहे। इस बार के चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार की मांग पूरी हुई है। राजद से श्रवण कुशवाहा आम लोगों की मांग पर स्थानीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे हैं। शक्ति सिंह यादव ने कहा देश के पीएम नरेंद्र मोदी को उखाड़ कर फेंकना है। इस मोके पर बाहुबली अशोक महतो और पार्टी प्रवक्ता सागरिका पासवान भी मौजूद रहीं। सभी लोगों के साथ राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा करीब सवा ग्यारह बजे नवादा समाहरणालय पहुंचे और अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले श्रवण कुशवाहा ने अपने आवास कादिरगंज में एक सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान सैकड़ों वाहनों के साथ बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे, हालांकि प्रशासन ने नामांकन स्थल से पहले ही सभी वाहनों को रोक दिया। नामांकन के बाद आरजेडी प्रत्याशी का उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया और फूल-मालाओं से लाद दिया। लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। पहले चरण के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है।

# कांग्रेस को मांगने पर भी सीटों का दान नहीं दे रहा राजद : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजीव रंजन ने कहा है कि गाँधी परिवार की गुलामी के कारण कांग्रेस की बिहार में इतनी खस्ता हालत हो गयी है कि वह मनचाही सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ सकती। केंद्र में सरकार बनाने के चक्कर में गाँधी परिवार ने यहां राजद के सामने जिस तरह से आत्मसमर्पण किया है उसने बिहार कांग्रेस के नेताओं के मनोबल को तोड़ दिया। हालात ऐसे हैं कि राजद आज उन्हें मांगने पर भी मनचाही सीटों का दान तक नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि जब राजद सीटों के मामले में कांग्रेस को इस तरह से बेइज्जत कर रहा हो, बल्कि हर चुनाव में राजद कांग्रेस को इसी तरह उसकी औकात बताते रहता है। लोगों का कहना है कि लालू परिवार ने बिहार कांग्रेस में अपने वफादार भर रखे हैं और हर चुनाव के दौरान राजद, कांग्रेस को उतनी ही सीटें देता है, जिनमें उनके वफादार कांग्रेसी एडजस्ट हो सकें। बाद बाकि कांग्रेसियों की किस्मत में गाँधी और लालू परिवार की पालकी उठाना ही लिखा है। गुलामी मानसिकता के कारण उनकी बेबसी इतनी अधिक है कि वह अपना दर्द भी किसी को नहीं बता सकते। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि हकीकत में बिहार कांग्रेस की इस दुर्दशा के लिए इनकी पार्टी में व्याप्त वंशवाद जिम्मेदार है। गाँधी परिवार और उनके सलाहकारों को जनता से जुड़े कार्यकताओं की परख ही नहीं है। इनके सन्गठन में केवल चाटुकारों की चलती है। इसीलिए इनके पास ऐसे नेता बचे ही नही है, जिन्हें जनता की नब्ज पता हो, ऊपर से राहुल के नेतृत्व ने रही सही कसर भी पूरी कर दी है। उन्होंने कहा कि इन्हीं कारणों से हर राज्य में कांग्रेस अपने से कहीं छोटे राजनीतिक दलों के सामने नतमस्तक हो चुकी है।

## जीत का प्रतीक है जनसैलाब : अभय



प्रात : किरण

पटना। लोक सभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए नामांकन की अंतिम दिन राजद के प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के पास दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के उपरांत उन्होंने एक जन सभा को भी सम्बोधन किया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हम किसी को छेड़ते नही है और अगर हमे कोई छेड़ता है तो हम उसे छोड़ते नही है। उन्होंने यह भी कहा की यह अपार जन सैलाब जीत का प्रतीक है। जितनी भारी संख्या में आज लोग मेरे नामांकन में उपस्थित हुए है। मैं इसके लिए उनका शुक्रगुजार हूं। हालाँकि अपने एकत्रित भीड़ का पोल भी खोल दिया कहा की इस भीड़ में सासाराम, गया, जमुई, अरवल, जहानाबाद तथा अन्य जिला से भी मेरे साथी आए हुए है। इससे आप खुद अंदाजा लगा सकते है की इस भीड़ की राज क्या था। उन्होंने अपने साथियों से यह अपील किया है की मेरे इस आवाज को जन जन तक पहुंचने का कार्य करेंगे।

# स्नान के दौरान गंगा में डूबे 3 युवक, दो लापता

प्रात : किरण



पटना। गंगा नदी में स्नान के दौरान तीन युवकों को डूबने की खबर प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार, जिले के मोकामा प्रखंड के हाथीदह गंगा घाट पर गंगा स्नान के दौरान तीन दोस्त डूब गए। हालांकि,गंगा में डूब रहे दो युवकों ने तैर कर अपनी जान बचा ली। लेकिन एक युवक रघुवीर कुमार देखते ही देखते गंगा की गहराई में डूब गया। जिसके बाद लोगों में अफरा -तफरी का माहौल कायम हो गया। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहैल कायम हो गया है। परिजनों का भी रो -रो कर बुरा हाल है। फिलहाल घटना की सुचना के बाद आस- पास के लोगों की भी भीड़ लग गई है। बताया जा रहा है किम ये तीनों दोस्त मरांची गंगा के महादलित परिवार के रहने वाले हैं। ये लोग गंगा नदी में स्नान करने पहुंचे थे तभी गहरे पानी में जाने से तीनों लोग डूबने लगे। जहां दो युवक तो तैरकर अपनी जान बचा लिए, लेकिन एक युवक की डूबने से मौत हो गई। इस हादसे की सूचना पाकर पहुंचे मोकामा सीओ मौके पर कैंप कर राहत और बचाव कार्य की मानेटरिंग कर रहे हैं। उधर, सिमरिया घाट से एसडीआरएफ की टीम लगातार लापता युवक की गंगा नदी में तलाश कर रही है। लोकल गोताखोर की टीम भी तलाशी अभियान में जुट गयी है। हाथीदह पुलिस भी तलाशी अभियान की निगरानी कर रही है। जबकि, हादसे की सूचना पाकर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी गंगा घाट पर पहुंच गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस गंगा घाट पर आये दिन हादसे हो रहे हैं। युवक के डूबने से परिजनों में मातम पसर गया है।

## पहली बार लोकसभा चुनाव में जीते जदयू के तीन सांसद बेटिकट

पटना। लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल जदयू से वर्ष 2019 में हुये लोकसभा चुनाव में पहली बार जीते नौ सांसदों में से तीन सांसद बेटिकट हो गये हैं। उनकी जगह दो नये प्रत्याशी को जीत का अवसर मिला है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जदयू के टिकट पर सीतामढ़ी से पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, कटिहार से पूर्व मंत्री दुलाल चंद गोस्वामी, गोपालगंज (सु) से डॉ. आलोक कुमार सुमन, सीवान से दरौंधा की विधायक और बाहुबली अजय सिंह की पत्नी कविता सिंह ,भागलपुर से नाथनगर के विधायक अजय कुमार मंडल ,जहानाबाद से पूर्व विधान पार्षद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ,गया (सु) से विजय कुमार मांझी और सुपौल से दिलेश्वर कामत पहली बार चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में जदयू के नौ सांसदो में से सीवान से कविता सिंह ,सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू और गया (सु) से विजय कुमार मांझी बेटिकट हो गये हैं। दरौंधा की विधायक कविता सिंह की टक्कर पूर्व बाहुबली सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन की पत्नी और राजद प्रत्याशी हिना शाहब से हुयी। कविता सिंह ने हिना शहाब को एक लाख 16 हजार 958 मतों के अंतर से शिकस्त दी और पहली बार लोकसभा पहुंची। सीतामढ़ी सीट से सुनील कुमार पिंटू की टक्कर राजद प्रत्याशी और पूर्व सासंद अर्जुन राय से हुयी। श्री पिंटू ने श्री राय को दो लाख 50 हजार 539 मतो के अंतर से शिकस्त दी और पहली बार लोकसभा सांसद बन गये। गया (सु) से विजय कुमार मांझी ने हिंदुस्तान आवामी मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी को एक लाख 52 हजार ,426 मतों से हराकर पहली बार लोकसभा के लिये निर्वाचित हुये। इस बार के चुनाव में जदयू ने सीवान से जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी विजया लक्ष्मी देवी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं सीतामढ़ी से बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को चुनावी दंगल में उतारा है। देवेश चंद्र ठाकुर और विजया लक्ष्मी देवी पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में अपना भाग्य आजमां रही हैं राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार (हम) को दे दी गई है ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–83–23–24. 2. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेल के धनबाद और डीडीयू डिवीजन के अंतर्गत कष्ठा से पहाड़पुर तक डीएफसीसी परियोजना की तीसरी और चौथी नई लाइन के संबंध में गया में कार्यालय भवन, 1 नग टाइप V क्वार्टर, 2 नग टाइप IV, 6 नग टाइप III और 4 नग टाइप II (विशेष) स्टाफ क्वार्टर का निर्माण। जल आपूर्ति, स्वच्छता कार्य, सड़क कार्य और भवन से संबंधित अन्य सहायक कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹8,00,40,990.48, 4. निविदा प्रपत्र का लागत (रू) : ₹0.00, 5. अग्रधन राशि (रू) : ₹5,50,200.00, 6. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 (आठ) माह। 7. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 19.04.2024 at 15.30 बजे अपराह्न।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/
निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रघाट, पटना
पीआर/02658/कॉन/अभि./टी/23–24/48

# भाजपा के तीन सांसद हैट्रिक लगाने से चुके, दो पूर्व विधायक को मिला मौका

## अश्विनी चौबे, अजय निषाद व छेदी पासवान का चुनावी पिच पर हैट्रिक लगाने की मंशा अधूरी

प्रात : किरण







**पटना।** आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के तीन सांसद चुनावी पिच पर हैट्रिक लगाने से वंचित हो चुके हैं। पार्टी ने उन्हें टिकट से वंचित कर दिया है। वहीं, दो पूर्व विधायक और एक उप विजेता को लड़ने मौका दिया है। भाजपा द्वारा17 उम्मीदवार की जारी सूची के अनुसार भाजपा ने इस बार के चुनाव में बक्सर से केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, मुजफ्फरपुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जय नारायण प्रसाद निषाद के पुत्र अजय निषाद, सासाराम (सु) से छेदी पासवान और शिवहर से रमा देवी को बेटिकट कर दिया है। इनमें अश्वनी कुमार चौबे, अजय निषाद, छेदी पासवान के चुनावी पिच पर हैट्रिक लगाने की मंशा अधूरी हो गयी है। अश्विनी चौबे ने लगातार दो बार वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में बक्सर संसदीय सीट पर भाजपा के टिकट पर निर्वाचित हुये हैं। इस बार बक्सर से भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर अश्विनी चौबे की हैट्रिक लगाने की मंशा अधूरी रह गयी। वहीं इस सीट पर भाजपा ने नये प्रत्याशी गोपालगंज के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को मौका दिया है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जय नारायण प्रसाद निषाद के पुत्र अजय निषाद मुजफ्फरपुर संसदीय सीट से वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में लगातार दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के उम्मीदवार राजभूषण निषाद को पराजित किया था।राज भूषण निषाद हाल ही में वीआईपी छोड़कर भाजपा में शामिल हुये थे। मुजफ्फरपुर से राज भूषण निषाद के भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद अजय निषाद का इस सीट से हैट्रिक लगाने सपना अधूरा हो गया है। छेदी पासवान ने चार बार सासराम संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व किया है। वर्ष 1989 और वर्ष 1991 में छेदी पासवान सासाराम सीट पर जनता दल के टिकट पर निर्वाचित हुये। छेदी पासवान ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में भी भाजपा के टिकट पर सासाराम सीट से जीत हासिल की। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर छेदी पासवान भी हैट्रिक लगाने से चूक गये। छेदी पासवान की जगह भाजपा ने भोजपुर के अगियांव (सु) से पूर्व विधायक शिवेश राम को चुनावी रणभूमि में उतारा है। शिवेश राम पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व सांसद दिवंगत मुनि लाल के पुत्र हैं। मुनि लाल ने सासाराम सीट पर वर्ष 1996 में पहली बार भाजपा का ह्यकमलह्व खिलाया था। इसके बाद मुनि लाल वर्ष 1998 और वर्ष 1999 में भी भाजपा के टिकट पर सासाराम सीट पर विजयी बनें। मिथिलेश तिवारी और शिवेश राम पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस के कैदी वाहन की ठोकर से इलाज के दौरान हुई मौत

दरभंगा बिरौल थाना क्षेत्र मे पुलिस के कैदी वाहन की ठोकर से इलाज के दौरान हुई मौत के मामले मे वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से जारी पत्र मे कैदी भान से ठोकर जरूर लगी ,लेकिन महज संयोग था कि यह घटना घट गई। सएसपी कार्यालय से जारी प्रेस नोट मे कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से यह पाया गया है कि एक मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार होकर दरभंगा से कुशेश्वरस्थान की और जा रहें थे ,इसी क्रम मे सुपौल बाजार के नजदीक मोटरसाइकिल सवार पहुंचे तो एक ऑटो आगे से निकला लेकिन मोटरसाइकिल की रफ्तार इतनी थी कि मोटरसाइकिल स्किट कर गया और टेम्पो मे धक्का मार दिया। धक्का लगने के कारण मोटरसाइकिल बाएं तरफ और उसपर सवार दोनों दाहिने तरफ सड़क पर गिर पड़ा। इसी क्रम मे कैदी वाहन वहां से गुजर रहा था जिसके नीचे मोटरसाइकिल सवार आ गया। इस कारण वह गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे स्थानीय अस्पताल लें जाया गया जहां उसकी मौत रास्ते मे हो गई। मृतक की पहचान हाटी गांव के राम नारायण पासवान के पुत्र बलराम पासवान के रूप मे हुई वहीं एक और सवार वसीम अहमद को कम चोटें आने के कारण वह बाल बाल बच गये ।

### सरल स्वभाव के धनी थे सरदार अरविंद सिंह

दरभांगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अधीन संचालित स्ववित्तपोषित संस्था दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के पूर्व निदेशक डॉ. सरदार अरविंद सिंह के आकस्मिक निधन पर निदेशक डॉ. हरे कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर निदेशक डॉ. सिंह ने बताया कि स्व. सरदार अरविंद सिंह सरल, सहज व मृदु भाषी व्यक्ति थे। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व निदेशालय कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. सिंह ने बताया कि वे एक दक्ष शिक्षक ही नहीं वरन प्रशासनिक पदों पर भी संस्था के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। डॉ. सरदार अरविंद सिंह दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक के पद पर 1 नवंबर 2017 से 3 नवंबर 2020 तक रहे। इसके पूर्व उन्होंने बतौर शिक्षक सीएम साइंस कॉलेज में काम किया। इसके साथ ही कई कॉलेजों में प्रधानाचार्य के पद को भी सुशोभित किया। सेवानिवृत होने के बाद स्व. सिंह पारिवारिक जीवन में अधिक समय दे रहे थे ।मुंबई में 24 मार्च को उनका निधन हो गया। वही निदेशालय से जुड़े संस्थान बीएड (नियमित) में मो. मिर्जा रहुल्ला बेग के संयोजकतत्व में तथा गांधी सदन में सुबोध कुमार के नेतृत्व में शांति सभा का आयोजन किया गया । सभी कर्मचारियों ने दिवगंत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### हथियार के बल पर पेट्रोल पंप कर्मी से तीन लाख 88 हजार की लूट

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र में पल्सर बाइक सवार तीन अपराधियों में पेट्रोल पंप कर्मी से लाखों रुपए लूट लिया और हसनपुर पुल के रास्ते खानपुर की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। साथ ही खानपुर एवं रोसड़ा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। घटना गुरुवार दोपहर की है। उक्त घटना रोसड़ा थाना के बलुआहा पेट्रोल पंप के पास की बताई गई है। पेट्रोल पंप के कर्मी अमरकांत राय ने बताया कि कि वह तीन लाख 88 हजार 214 रुपये लेकर एरौत स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा में जमा करने जा रहा था। इसी दौरान रोसड़ा की ओर से पल्सर सवार तीन बाइक सवार अपराधी ने आगे से घेर लिया फिर पिस्टल के बलपर और रुपए लूट कर खानपुर की ओर भाग गया। कर्मी ने बताया कि वह जान बचाने के लिए खेत की ओर भाग गया। इधर, रोसड़ा एवं खानपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही पीड़ित कर्मी से भी पूछताछ की गई। इसके अलावा कई सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी अपराधियों की पहचान नहीं हो पाई है।

### मोती की खेती देखने पहुंचे वैशाली किसान

विभूतिपुर मोती की खेती को करने के उद्देश्य से जानकारी लेने के लिए प्रखंड के शिवनाथपुर गांव पहुँचे वैशाली जिले के महुआ के किसान कुन्दन सिंह कुशवाहा तथा दीपक सिंह कुशवाहा। उन्होनें मोती उत्पादक किसान रामनाथ सिंह से इस खेती के विधि की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद किसान द्वय ने खेती करने का निर्णय लिया। मालूम हो कि परंपरागत कार्यो से अगल हट कर नए अध्याय की शुरूआत प्रखंड आत्मा के पूर्व अध्यक्ष रामनाथ सिंह तीन बर्ष पहले मोती की खेती करने की शुरूआत किया। इसके लिये उन्होंने उड़ीसा के सिफा रिसर्च सेंटर से ट्रेनिंग लेकर मोती कि खेती की शुरूआत की। आज वे इससे अच्छी कमाई कर रहे है। इस नए खेती को देखकर समस्तीपुर के जिला समाहर्ता के द्वारा उन्हें पुरस्कृत भी किया जा चुका है। इस खेती को विस्तृत करने के लिये इनको बैंक द्वारा इस कार्य के लिए पारदर्शिता पूर्ण सहयोग भी किया गया है। खेती का विस्तार करने के बाद अब तो प्रायः इनके यहां मोती की खेती की जानकारी लेने के लिए प्रदेश को कौन कहे प्रदेश से बाहर के किसानों का प्रायः आना जाना लगा ही रहता है। इनको इस विषय पर ट्रेनिंग के कृषि विश्व विद्यालय में भी बुलाया जाता है।

# दस घंटे के अंदर लूट की स्कॉर्पियो बरामद, एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



सिंहवाड़ा संवाददाता दरभंगा सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के जाले भरवाड़ा पथ पर भरवाड़ा बाजार से पहले कब्रिस्तान के समीप सुनसान स्थल पर बुधवार की शाम बिना नंबर की बुलेट बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने स्कार्पियो लूट कर फरार मामले का पुलिस ने दस घंटे के अंदर पदार्फाश कर लूट की स्कॉर्पियो समेत एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। वही पुलिस ने घटना में को अंजाम देने में शामिल बिना नंबर के बुलेट बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। गुरूवार की दोपहर कमतौल एसडीपीओ पूजा कुमारी ने सिंहवाड़ा थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि सीतामढ़ी की ओर से आ रही स्कार्पियो का बुलेट बाइक पर सवार तीन बदमाश ने जाले भरवाड़ा पथ के रास्ते पिछा कर बुधवार की शाम भरवाड़ा बाजार के बाद कब्रिस्तान स्थल के समीप ओवर टेक कर गाडी धीमें होने पर चालक से बोला की तुम एक्सीडेंट घर भाग रहा था।जब स्कार्पियो चालक ने इनकार किया तो धक्का मुक्की कर चाभी झपट लिया।मोबाइल हाथ से फेका जाने के कारण बदमाश नहीं ले सका। बुलेट पर सवार तीन बदमाश में एक युवक स्कार्पियो लेकर भागने में सफल रहा। शेष दोनो बुलेट से स्कार्पियो के पिछे पिछे चलने लगा।स्कार्पियो चालक समस्तीपुर पूसा थाना के महमदपुर देवपार निवासी शंभू राय के पुत्र राजीव कुमार राय के आवेदन पर सिंहवाड़ा थाना में कांड संख्या 77/24 अंकित किया गया।वह सीतामढी सुरसंड गांव बहन को पहुंचा कर समस्तीपुर पुसा गाडी पर एक बच्चे को बैठा कर वापस लौट रहा था।घटना के बाद स्कार्पियो चालक ने डायल 112 पर मामले की जानकारी दी।सूचना उपरान्त स्थानीय थानाध्यक्ष मनोज कुमार, प्रशिक्षु दारोगा सतीश कुमार,व विक्रांत कुमार घटना स्थल पर जांच पड़ताल कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज व लोकेशन के माध्यम से बुलेट पर बैठे दोनो बदमाश की पहचान कर जगह-जगह छापेमारी की।इस दौरान बिना नंबर के बुलेट के साथ सीतामढ़ी बोखरा थाना के महिसौथा निवासी स्व.जनार्दन यादव के पुत्र सुशील कुमार यादव को दबोच लिया गया।इस बीच गिरफ्तार बदमाश सुशील की निशानदेही पर लूट की स्कार्पियो सीतामढी में सड़क किनारे से जब्त कर लिया गया है।शातिर सुशील ने घटना में संलिप्त अपने दोनो सहयोगी मित्र के नाम का खुलासा कर वारदात अंजाम देने की बात स्वीकार की है। चालक ने गिरफ्तार बदमाश की पहचान कर ली है।डीएसपी ने बताया है कि इस घटना में संलिप्त शेष दोनों बदमाश व गिरफ्तार युवक के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।शीघ्र दोनो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डायन कह कर गाली गलौज करने पर झड़प, प्राथमिकी दर्ज



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र ईनरवा पंचायत के वार्ड संख्या - 10 , गाँव ईनरवा निवासी श्याम कुमार सिंह ने मंगलवार को स्थानीय थाना में आवेदन देकर गांव के ही राम चन्द्र सिंह राम कुमार सिंह एव सुक्की गांव निवासी लाल बाबू सिंह के पुत्र रंजीत कुमार सिंह ने मिलकर श्याम कुमार सिंह उनके पुत्र,पत्नी को घातक हथियार से वार करके मारपीट कर घायल कर दिया गया. सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया.जहाँ डियूटी पर तैनात डॉक्टर ने सभी घायल को प्राथमिकी इलाज करके सदर हास्पिटल रैफर कर दिया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम कुमार सिंह एव उनकी परिवार ने रामचंद्र सिंह की पत्नी को डायन कह कर गाली गलौज करने पर दोनों पटीदार में झड़प हुआ. झड़प के दौरान दोनों पक्ष में मारपीट के दौरान एक पक्ष बुरी तरह घायल हो गया. वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि प्रथम पक्ष श्याम कुमार सिंह के आवेदन आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान चालू कर दिया गया.

# छात्रा का अपहरण कर गैंगरेप, फुफेरे भाई समेत चार हैवान ने मिलकर दिया घटना को अंजाम



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(प.च)। नगर पुलिस ने बुधवार की शाम नगर के बसवरिया टीओपी से महज 100 कदम की दूरी पर चंद्रावत नदी के किनारे झाड़ी से एक 8 वर्षीय बच्ची का शव बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार बच्ची का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर शव को छिपा दिया गया था। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और हड़कंप पहुंच गया ।हालांकि बेतिया पुलिस अधीक्षक के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दुष्कर्म की बात से साफ इनकार किया गया है। जबकि मृत बच्ची के परिजनों ने दुष्कर्म की पुष्टि की है । बताते चले की उक्त बच्ची बसवरिया वार्ड नंबर 19 निवासी रोशनी खातून 8 वर्ष पिता हसनैन अंसारी 22 मार्च की संध्या बगल के माइकल कॉलोनी निवासी अपने फुफु गुलशन के घर अफ्तारी का सामान पहुंचाने गई थी । जिसके बाद वह गायब हो गई थी । परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद नगर थाने में इस संबंध में एक आवेदन दिया था, जिसके आलोक में नगर पुलिस तत्परता से खोजबीन कर रही थी ।अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मृत बच्ची के फुफेरे भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू किया। जिसके निशानदेही पर पुलिस ने बुधवार की शाम बच्ची का शव बरामद किया और इसके आधार पर पुलिस ने तीन और युवकों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार युवकों ने उक्त बच्ची की हत्या कर लाश को छुपा देने की बात स्वीकार किया है। इस मामले में बेतिया पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी विज्ञप्ति में उक्त बच्ची को बेचने की नीयत से अपहरण कर हत्या की बात बताई गई है। इस घटना के बाद पूरा बसवरिया मोहल्ला पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है ।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

# दुकानदार व शराब सप्लायर को पांच वर्ष कारावास व एक लाख जुमार्ना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने गुरुवार को उत्पाद वाद कांड संख्या 161/18 के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उन्हें धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत प्रत्येक अभियुक्त को पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्तों की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के चांदचौर के स्व. राम स्वरुप भगत के पुत्र पान दुकानदार सूर्य नारायण प्रभाकर एवं नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर वार्ड नंबर 13 के स्व. राम लखन महतो के पुत्र गणेश कुमार के रूप में बतायी गई है।

बताया गया कि 23 मई 2018 की शाम नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर रोड में अभियुक्त पान दुकानदार सूर्य नारायण प्रभाकर के कब्जे वाले झोले से विदेशी शराब का दो बोतल बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया था। वहीं इस दौरान शराब सप्लायर गणेश कुमार फरार होने में कामयाब रहा था। इसके बाद बरामद विदेशी शराब के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता गौतम भारद्वाज एवं अभियोजन पक्ष से उत्पाद अधिवक्ता पंकज कुमार थे।

# वजन बढ़ाने के लिए एफसीआई खाद्यान्न के बोरियों को पानी से भीगाया, वीडियो वायरल



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के जितवारपुर स्थित सेंट्रल वेयरहाउस के गोदाम में रखे हुए एफसीआई के खाद्यान्न के बोरियों को पानी से भीगा कर बोरियों के वजन बढ़ाने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें बताया जा रहा है कि पानी का पाइप से गोदाम में रखे गेहूं की बोरियों को भीगाया जा रहा है, ताकि बोरियों का वजन बढ़ जाए। हालांकि दैनिक भास्कर इस वायरल वीडियो के पुष्टि नहीं करता है। सूत्रों के अनुसार मार्च क्लोजिंग से पहले हर वर्ष गरीबों को दिए जाने वाले खाद्यान्न में हेराफेरी छुपाने को लेकर गोदाम में रखे गेहूं के बोरियों का वजन बढ़ाने को लेकर उन्हें पानी से हल्का भीगा दिया जाता है। ताकि वजन बढ़ने के बाद पुरानी गड़बड़ियों को एडजस्ट किया जा सके। वहीं इस संबंध में सेंट्रल वेयरहाउस के मैनेजर एसके सुमन ने बताया वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आने के बाद जांच की गई है। गोदाम में एक जगह थोड़ा सा पानी लगा हुआ था, जिसे हटवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि गोदाम में कीड़े से बचाव के लिए पानी में मिलाकर दवा का छिड़काव किया गया था। इस दौरान पाइप में कहीं छेद रहने के कारण पानी का लीकेज हुआ था और इसी कारण गोदाम में हल्का सा पानी लगा हुआ था। बता दें कि पिछले साल भी इस गोदाम में इस तरह का मामला सामने आया था। जिसकी जांच डीएसओ की टीम के द्वारा की गई थी।

# नीतीश चंद्र बने हाई कोर्ट के सहायक शाखा पदाधिकारी



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत निवासी संगीत महल नामक दुकानदार रामचन्द्र महतो तथा आंगनवाड़ी सेविका मीना देवी के छोटे पुत्र नीतीश चन्द्र पटना हाईकोर्ट में सहायक शाखा पदाधिकारी के पद चयनित होकर क्षेत्र, अपने परिवार, गुरुजनों तथा समाज का नाम रौशन किया है।

नीतीश चन्द्र अपने परिवार में तीन भाई बहनो में सबसे छोटे है। उनके पिता रेडियो, टेलीविजन और मेकेनिक है। माता मीना देवी आगनवाड़ी सेविका, बड़ा भाई डॉ अमन कुमार उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में डॉक्टर है। बहन गूंजा कुमारी बीपीएससी से चयनित शिक्षिका है।

उसके इस उपलब्धि पर यूनिक चिल्ड्रेंस एकेडमी के प्राचार्य अर्जुन कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार ने उनके आवास पर पहुंच कर उनके माता- पिता आदि को बधाई दिया है।

नीतीश की प्रारंभिक शिक्षा यूनिक चिल्ड्रेन्स एकेडमी सिंघियाघाट से हुई थी। इसके बाद उसने जवाहर नवोदय विद्यालय से प्लस टू की परीक्षा उतीर्ण की। उसने हरिद्वार से बीटेक (इलेक्ट्रिकल) करने कर बाद उसने उक्त सफलता हासिल की। उंसने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व माता-पिता को दी है।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर प्रखंड के सुरौली बावन घाट में श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरबारी परिषद के प्रांगण में नौ दीवशीय श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन हेतु भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 700 कलश धारी ने कलश यात्रा में भाग लेकर अनुष्ठान सफल करने के लिए संकल्प लिया है। इस कलश यात्रा का शुभारंभ पूज्या श्रीमति रत्नमणि द्विवेदी, पूर्व प्रमुख रूपांजलि कुमारी, भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर यज्ञशाला परिसर से कलश धारी को कलश भरने हेतु रवाना किया गया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से होते हुए बावन घाट, सुरौली, शाहपुर, भुसवर, पतैलिया के रास्ते पतैलिया घाट पहुंचा। जहां सभी अपने-अपने हाथ में लिए कलश में बूढ़ी गंडक नदी से जल भरकर पुनः मुख्य मार्ग होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचा। इस कलश यात्रा में मंडलेश्वर आचार्य श्री श्री 108 श्री राम सेवक दास जी महाराज, पूज्य श्रीमति रत्नमणि द्विवेदी, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार सिंह, सचिव सोनेलाल महतो, कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद सिंह, मुख्य आचार्य कौशलेंद्र आचार्य महाराज सहित पांच पंडित, मुख्य यजमान रामकुमार सिंह सपत्नी शैल कुमारी देवी, सुखदेव प्रसाद सिंह सपत्नी मधुबाला देवी, ललन कुमार, सुरेश कुमार, राम कुमार महतो, अशोक कुमार, सभी सपत्नी के द्वारा यज्ञ अनुष्ठान संपन्न करने हेतु मुख्य कलश धारी और मुख्य यजमान तथा कर्ताधर्ता थे। इस मौके पर समस्त ग्रामवासी एवं आसपास के इलाके के लोग श्रद्धा विश्वास के साथ इस यज्ञ में भाग ले रहे थे। कलश यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए रंजीत कुमार के नेतृत्व में गाजे, बाजे, ढोल, नगाड़े, हाथी, घोड़ा, ऊंट, सहित सुसज्जित रथ पर विराजमान कथा वाचिका, राम दरबार की झांकी सहित अन्य आकर्षक का केंद्र बना रहा। कलश यात्रा की सेवा में समस्त ग्रामवासी अपने-अपने घर के आगे पानी, सरवत, फल, फूल लेकर स्वागत कर रहे थे। वहीं कुछ श्रद्धालु कलश धारी का चरण स्पर्श के बहाने चरण धोकर चरणामृत भी प्राप्त कर रहे थे। इस सुखद छन के साक्षी हजारों की संख्या में लोग हुए।

# कल से शहर के पेठिया गाछी में आयोजित होगा 47वां वार्षिक पंच दिवसीय विराट संत सम्मेलन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के पेठिया गाछी स्थित नवजीवन क्लब में श्रीरामचरितमानस सत्संग समिति के तत्वावधान में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक 47वां वार्षिक पंच दिवसीय विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को सत्संग समिति के स्थाई सदस्यों की बैठक शहर के पेठियागाछी स्थित नवजीवन क्लब परिसर में गुरुवार को हुई। सत्संग समिति के अध्यक्ष संत कुमार ने बताया कि श्रीरामचरित मानस सत्संग समिति की ओर 47वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आगामी 30 मार्च से शहर के नवजीवन क्लब परिसर में पंच दिवसीय विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8:30 से पूजन एवं सामूहिक श्री सुंदरकांड पाठ के साथ की जाएगी। वहीं इसके बाद दिन के 1:00 बजे से रात के 10:00 तक प्रवचन एवं भजन का कार्यक्रम होगा। पंच दिवसीय विराट संत सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के खलिलाबाद और अयोध्या से मानस मर्मज्ञ स्वामी वैराग्यानंद परमहंस, विजय शरण, वंदना रामायणी, रामबिहारी दास, कौशल किशोर महाराज, रामामणि पाण्डेय के द्वारा प्रवचन व भजन किया जाएगा। विराट संत सम्मेलन के प्रचार-प्रसार को लेकर सत्संग समिति के अध्यक्ष संत कुमार, कोषाध्यक्ष अशर्फी राय, संयुक्त सचिव सुजीत कुमार, उपाध्यक्ष देवानंद झा, त्रिलोकी राय, पंडित देवाकांत झा आदि मौजूद थे।

# दस लाख की सुरक्षित जमा वाले नजरबाग पार्क की 17.26 लाख में बंदोदोबस्ती : गरिमा



- राज ड्योढी परिसर में स्थित पर्यटन पार्क का ठेका पाने के लिए 71 वीं चक्र तक चली दावेदार संवेदकों के बीच होड़
- वर्षों से जारी नजरबाग पार्क में विभागीय वसूली के मोड को बदल कर बोली लगवाकर बंदोबस्ती का दिया आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।बेतिया नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि गुरुवार को चार दावेदार संवेदकों में बोली लगवा कर बेतिया राज के ऐतिहासिक नजरबाग पार्क की बंदोबस्ती की गई। कुल दस लाख की सुरक्षित जमा वाले नजर बाग पार्क पर 17.26 लाख की अधिकत्तम बोली लगाने वाले पुरानी गुदरी के इमरान खान इस पार्क की बंदोदोबस्ती पाने में कामयाब रहे। हालांकि बोली लगाने का दौर 71 वे राउंड तक जारी रहा। इस चक्र में सफल दावेदार के प्रतिद्वंदी रहे सिकटा शिकारपुर के मुन्ना कुमार ने 17.25 लाख तक की बोली लगा कर इमरान खान का पीछा किया। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित यह पार्क का पर्यटन और मनोरंजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ बेतिया राज के ऐतिहासिक धरोहर भी है। यहां उल्लेखनीय है कि वर्षों से जारी विभागीय वसूली के प्रारूप को बदलते हुए महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में इसकी खुले तौर पर बोली लगवाने की निविदा जारी करवाया था। इसकी बंदोबस्ती के लिए 10 लाख की सुरक्षित राशि का निर्धारित की गई थी। दस लाख की सुरक्षित राशि से ऊपर की बोली लगाने वाले संवेदक दावेदारों के बीच बोली लगाने की प्रक्रिया 28 मार्च को पूरी की गई। महापौर ने बताया कि नजरबाग पार्क की बंदोबस्ती पाने वाले ठेकेदार को पार्क में दस रुपया प्रति व्यक्ति से दैनिक प्रवेश शुल्क के साथ नगर निगम प्रशासन से निर्धारित दर पर मॉर्निंग और इवनिंग वॉक के लिए मासिक और वार्षिक शुल्क की भी वसूली कर सकेंगे।

# दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : कुशेश्वरस्थान एसएच 56 थाना क्षेत्र के सतीघाट स्कूल चौक के निकट विती बुधवार की शाम करीब 8 बजें दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने पीएचसी सतीघाट में इलाज के लिए भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम के करीब 8 बजे विष्णु पुर निवासी कोरियर ब्वाय अनिल सिंह बाइक से ग्राहक को सामान डिलीवरी देकर वापस अपने गांव विष्णु पुर लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे सुकमार पुर निवासी देवू यादव की बाइक से दोनों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल के पास हिरणी पंचायत के मुखिया श्रवण कमती के स्वजन एवं अन्य स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायल व्यक्ति को. पीएचसी सतीघाट में इलाज के लिए भर्ती कराया।

# 24 कुण्डली गायत्री महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा



प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : कुशेश्वर स्थान बाजार स्थित माँ वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर में 28 मार्च से शुरू होने वाले 24 कुण्डली गायत्री महायज्ञ को लेकर ग ुरुवार को भव्य मंगल कलश यात्रा 351 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर से निकाला गया। कलश यात्रा दुर्गा मंदिर परिसर से चल कर महादेव मंदिर में पवित्र कलश में चंद्रगुप्त से जल लेकर मंदिर की परिक्रमा करते हुए गाजे बाजे के साथ पूरा शिव नगरी कुशेश्वरस्थान बाजार भ्रमण किया। इस दौरान धर्म के नाम की लग रहे जय करे से पूरा माहौल भक्ति में वातावरण में मग्न था। चार दिवसीय 24 कुण्डली गायत्री महायज्ञ 28 मार्च से 31 मार्च तक होगा। कलश शोभा यात्रा के दौरान सुरेन्द्र साह, विजय कुमार पौद्दार, चंद्र भूषण चौधरी,महेश ठाकुर राम शंकर पौद्दार, शम्भू साह, गुड्डू महतो,रिंकू चौधरी, नरेश दास, दिनेश पौद्दार, सुरेन्द्र चौधरी, शम्भू पंडित, बैजनाथ जी, दिलीप कुमार, पूनम चौधरी,लुड़की देवी, रेणु देवी, आरती देवी, निर्माण देवी सहित कुशेश्वरस्थान गायत्री परिवार के अनेक सदस्य शामिल थे।

# पुलिस ने देशी नेपाली शराब के साथ मोटरसाइकिल किया जब्त, तस्कर फरार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला की ग्राम सतलखा के तरफ एक अज्ञात व्यक्ति पलास्टिक के बोरा में शराब लेकर घूम रहा है।सूचना की सत्यापन करने बताए जगह पर पहुंचे रहिका थाना पुलिस ग्राम सतलखा तो तेज रफ्तार से लापरवाही से मोटरसाइकिल पर बोरा लादकर घूम रहा है पुलिस बल के द्वारा रोकने का प्रयास किया लेकिन मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्ति ग्राम सतलाखा लक्सार स्थित महंत स्थल के पास बगल रोड पर मोटरसाइकिल गिरकर भागने लगा पुलिस बल के द्वारा भाग के व्यक्ति का पीछा किया परंतु अज्ञात व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। रहिका पुलिस ने मोटरसाइकिल पर लदे प्लास्टिक बोरे को जप्त कर थाना परिसर लाया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल पर लदे बोरे से नेपाली सौरभ सौफी शराब 300 एमएल का 56 बोतल जिसकी कुल मात्रा 16.800 लीटर बरामद किया गया।रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शराब कारोबारी व वाहन मालिक चालक के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है जल्द ही शराब तस्कर को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खो खो खेल आयोजन कराने को लेकर हुआ बैठक

राजापाकर ।
राजापाकर प्रखंड मुख्यालय में खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन किए जाने को लेकर जिला स्तरीय खो खो खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन समिति की बैठक हाई स्कूल राजापाकर रोड मे स्थित जय नारायण राय के भवन परिसर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली जिला खो खो खेल संघ के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह, सचिव धीरज कुमार उपस्थित हुए।बैठक में प्रखंड के सभी खो-खो खिलाड़ी सहित शिक्षाविद, समाजसेवी, ग्रामीण भी उपस्थित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक चतुर्भुज प्रसाद सिंह एवं संचालन शिक्षक राजेश कुमार ने किया।बैठक में प्रखंड स्तरीय खो खो खेल प्रतियोगिता के आयोजन पर विचार विमर्श हुआ। जिसमें सर्व समिति से हाई स्कूल राजापाकर के खेल मैदान में अप्रैल के प्रथम सप्ताह में खेल के आयोजन कराए जाने पर सहमति हुई।वहीं बैठक में खेल प्रतियोगिता शुरू होने से पहले खेल

# मेडिकल दुकान पर बच्चे को सूई लगाते ही हुई मौत, परिजन में छाया मातम

- चामगढ़ चौक स्थित एक मेडिकल दुकान पर हुई घटना
- आक्रोशित लोगों ने जमकर किया बवाल पुलिस के पहुंचने पर हुए शांत



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा जीतापुर पंचायत के चामगढ चौक स्थित गोपाल मेडिकल स्टोर पर बुधवार की शाम सूई लगाते हीं बच्चे की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद गोपाल मेडिकल स्टोर बंद कर प्रो गोपाल फरार हो गया। बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजनो के द्वारा देर शाम चामगढ चौक पर जमकर बवाल किया गया। हालांकि सूचना पर पहुंचे 112 पुलिस के आने और स्थानीय लोगों के समझाने पर आक्रोशित परिजन शांत हुए। पुलिस बच्चे के शव को कब्जे में लेकर परिजन के साथ थाना पहुंचे। सुबह में पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया। बताया गया कि चामगढ वार्ड सात निवासी दिलीप ऋषिदेव के पुत्र शिवम कुमार (4) वर्ष की मौत हुई है। मृत बच्चे की दादी पुनीता देवी ने बताया कि शिवम का तबियत खराब होने पर चामगढ चौक स्थित गोपाल मेडिकल स्टोर पर लेकर गए थे। जहां मेडिकल दुकानदार विभिन्न तरह के दो सूई लगाए और तीसरी सूई लगाते हीं शिवम दम तोड़ दिया। मृतक की मां फुलवती देवी ने कहा कि मेडिकल दुकानदार के लापरवाही के कारण मेरे पुत्र की मौत हुई है। इधर घटना से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। मातमी माहौल गमगीन है। मृतक शिवम के पिता दिलीप ऋषिदेव दूसरे राज्य में मजदूरी करते हैं। थानाध्यक्ष मंजू कुमारी ने कहा कि बच्चे की मौत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद उक्त मेडिकल दुकानदार फरार है। शव की पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया है। छापेमारी की जा रही है।

# कामरेड अरविंद कुमार चौधरी के मूर्ति का अनावरण

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। बिदुपुर प्रखंड के मझौली में मेघन चौक स्थित भाकपा माले के दिवंगत नेता अरविंद कुमार चौधरी केआवासीय परिसरके निकट कामरेड अरविंद कुमार चौधरी के मूर्ति का अनावरण पार्टी के जिला सचिव और राज्य कमेटी सदस्य विशेश्वर प्रसाद यादव, अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सचिव तथा भाकपा माले नेता कामरेड उमेश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस अवसर पर ब्रिटिश साम्राज्यवाद विरोधी लड़ाई में अक्षयवटराय के सहयोगी रहे धबौली के मटुकधारी सिंह की अध्यक्षता एवं भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य और किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुमन कुमार के संचालन मेंआयोजित श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा को उपरोक्त माले नेताओं के अलावा योगेंद्र राय, रामबाबू भगत सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राम पारस भारती, मनोज पांडे, कमल देवनारायण भगत, रामबाबू पासवान, संगीता देवी, विकास कुमार, अरविंद ठाकुर,गोपाल पासवान, मजिंदर शाह, किरण कुमारी, मंजू देवी, लाला प्रसाद सिंह, पंचायत के सरपंच और पार्टी नेता पारस नाथ राय, धबौली पंचायत के उपसरपंच डॉ इंद्रजीत सिंह, हरेंद्र राम, बच्चा बाबू, अधिवक्ता विजेंद्र प्रसाद, भोजेंद्र सिंह, राजवल्लभ राय, रामसागर राय, सहित दर्जनों नेताओं और ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मानव द्वारा मानव के शोषण के खात्में तक संघर्ष जारी रखने के अरविंद चौधरी के सपनों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लिया।वक्ताओं ने कहा कि का0 अरविंद कुमार चौधरी वर्तमान फासीवादी निजाम को समाप्त कर संविधान और लोकतंत्र पर जारी हमलों के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाने के दौर में गंभीर बीमारी से ग्रसित होकर हम सबों को छोड़कर इस दुनिया से चले गए, उनको श्रद्धांजलि देने का मतलब है उनके इस संघर्ष को आगे बढ़ने का संकल्प लेना।

# कृषि भवन मधेपुरा के प्रांगण में किसान चौपाल-सह-मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुराः कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसान चौपाल कार्यक्रम के अंर्तगत तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें उन्नत कृषि, नवीन तकनीक एवं फसलों में लगने वाले रोग के उपचार संबंधी चर्चा की गयी। किसान चौपाल में उपस्थित कृषकों एवं प्रसार कर्मियों के बीच जिलाधिकारी, मधेपुरा द्वारा आधुनिक कृषि यंत्र का उपयोग बुआई से लेकर कटाई तक करने पर परिचर्चा की गई। साथ ही खेतों में रसायनिक खाद के उपयोग कम करते हुए वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन एवं उपयोग पर बल दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि मिट्टी का जॉच कराते हुये मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुरूप मिट्टी में उर्वरक का प्रयोग करें। इस अवसर पर समावेशी स्वीप कार्यक्रम मधेपुरा के तहत किसान बंधुओं को जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी, मधेपुरा द्वारा मधेपुरा है तैयार, मतदान करेगें सब इस बार का नारा दिया गया। इस वर्ष नये मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो गयी है, उनको मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही मतदान एक जिम्मेवारी, उम्र अठारह की है बारी का नारा दिया गया। इस कार्यक्रम में वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, मधेपुरा, जिला कल्याण पदाधिकारी, मधेपुरा, जिला सूचना जन सम्पर्क पदाधिकारी, मधेपुरा, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण ईकाई, मधेपुरा, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, मधेपुरा, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज, सहायक निदेशक, उद्यान, मधेपुरा, सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, मधेपुरा,, सहायक निदेशक, शष्य, प्रक्षेत्र-सह-उप परियोजना निदेशक, आत्मा, मधेपुरा एवं जिले के सभी पदाधिकारी/कर्मी, प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

# मधेपुरा में दिन दहाड़े बेखौफ अपराधियों ने लूट की घटना को दिया अंजाम

## लूट के दौरान पशु व्यवसाई को मारी गोली,मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुराः दिन दहाड़े बेखौफ बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पशु व्यवसाई को लूट के दौरान मारी गोली, गंभीर रूप से घायल व्यवसाई मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती, एक मोबाइल और नगद 8 हजार लूट कर अपराधी हुए फरार, सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के सुखासन बाल गृह के समीप बेखौफ अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस। बता दें कि सिंहेश्वर थाना क्षेत्र में इस तरह की घटना कोई नई बात नहीं है लगातार पशु व्यवसायियों के साथ लूट और छिनतई की घटनाओं में हो रहा है इजाफा,हाथ पर हाथ धरी बैठी रह जाती है पुलिस।बहरहाल गंभीर रूप से घायल पशु व्यवसाई का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है इलाज,चिकित्सकों के मुताबिक खतरे से बाहर है व्यवसाई।

# समाजसेविका के निधन पर शोकसभा कर दिया गया श्रद्धांजलि

प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर। राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजापाकर के परिसर में गुरुवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें इस विद्यालय के शिक्षक केशव नारायण राय की माता स्वर्गीय रामपरी देवी को उनके देहावसान के बाद श्रद्धांजलि दी गई। शोक व्यक्त करने वालों में शिक्षक बिंदेश्वर प्रसाद सिंह, राजकुमार रवि, अमरेश कुमार, शिल्पी कुमारी, कामिनी कुमारी, शबनम खानम, प्रवीण कुमार, रोहित रंजन, विनोद कुमार, पुष्पा कुमारी, रविंद्र कुमार रवि, कुमारी पल्लवी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, रूपा कुमारी, शीदरा शरीफ, परिचारी मीना देवी, सुरेश दास प्राचार्य राजकीय कन्या आवासीय विद्यालय प्लस टू गोपालगंज, जय विजय सिंह पीजीटी शिक्षक राजकीय कन्या आवासीय विद्यालय प्लस टू जहानाबाद, स्थानीय मुखिया सरिता पटेल, समाजसेवी मुकेश पटेल, अनिल कुमार, तपसी प्रसाद सिंह, चुन्नू सिंह, नागेंद्र सिंह, रघुनाथ सिंह, राजेश कुमार राम आदि शामिल हुए। इसके पूर्व उनके तैलीय चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर तेंदुए की चहलकदमी देख सैलानी हुए मंत्रमुग्ध

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया।बगहा-वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर तेंदुए को चहलकदमी करते देख सैलानी मंत्रमुग्ध हो गए। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। बतादें की वीटीआर जंगल के बीचोबीच लहराती काली मुख्य सड़क जो वाल्मीकिनगर को अन्य गन्तव्य से जोड़ती है,पर तेंदुए को चहलकदमी करते पर्यटकों ने देखा जिसका वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया । बतातें चलें कि वीटीआर वन प्रमंडल दो के वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र में शाकाहारी और मांसाहारी जीव जंतुओं की तादाद में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। जिसे देखते हुए वन प्रशासन काफी प्रफुल्लित है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों तेंदुए की संख्या में काफी वृद्धि दर्ज की गई है। बुधवार की देर शाम वाल्मीकिनगर बगहा मुख्य पथ पर कोतराहा नर्सरी के समीप तेंदुए की चहलकदमी देखी गई ।टाइगर रिजर्व से पटना लौट रहे पर्यटक मोतिहारी निवासी अजय कुमार,अभिनव श्रीवास्तव,विनोद कुमार ने बताया कि वे वापसी के क्रम में मुख्य मार्ग में तेंदुए को मुख्य सड़क पर बुधवार की रात्रि देख रोमांचित हो गए । उन्होंने अपनी गाड़ी को रोक दिया और उस रोमांच के पल को अपने कैमरे में उतार लिया। थोड़ी देर बाद तेंदुआ चहलकदमी करता हुआ जंगल की ओर चला गया। पर्यटकों ने बताया कि टाइगर रिजर्व का उनका यह टूर सफल रहा। बहुत नजदीक से उन्होंने तेंदुए का दीदार किया ऐसा लगा जैसे कि वह रॉयल टाइगर हो।

# विश्व रंगमंच दिवस और जन सरोकार विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




हाजीपुर। विश्व रंगमंच दिवस पर साहित्य संस्कृति एवं रंगमंच की संस्था बाबू शिवजी राय मेमोरियल लाइब्रेरी हाजीपुर ने सिनेमा रॉड स्थित अपने सभागार में ह्यरंगमंच और जन सरोकारह्न विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। वरिष्ठ रंग निर्देशक एवं निर्माण रंगमंच के सचिव क्षितिज प्रकाश के अध्यक्षता में विचार रखते हुए प्रशिक्षित अभिनेता सोनू ने कहा कि रंगमंच को आज अच्छे दर्शको की जरूरत है और दर्शक तब ही आएंगे जब नाटक में उनकी बात होगी। अभिनेता यशवंत कुमार ने कहा कि आज के नाटक जन सरोकारों से भाग रही है जिसका कारण है अभिव्यक्ति की आजादी पर सत्ता की पहरेदारी और भय का माहौल। अभिनेता अपूर्व ने माना कि जन सरोकार के अभाव ने वैशाली के रंगकर्म को कमजोर किया है। युवा रंगकर्मी कर्नल कुमार कमल ने नुक्कड़ों से जन सरोकारों के नाटकों का रंगमंच की प्रस्तुतियां गायब होने पर चिंता जतायी। अभिनेत्री अंजू चौबे ने कहा कि रंगमंच करने के लिए साधन और धन के साथ परिवार का भी साथ चाहिए होता है जो मिडिल क्लास परिवार में नहीं मिल पाता है। वरिष्ठ अभिनेता रविशंकर पासवान ने कहा कि जन सरोकार का अभाव नाटक और नाट्यकर्म को एक मुर्दा कला बना देता है जबकि रंगमंच की कला सरोकार की ही कला है। रंगदर्शक और साहित्यकार मेदिनी कुमार मेनन ने कहा कि आमजन की समस्या और आमजन की भागीदारी दोनों को जोड़ने के लिए नुक्कड़ नाटकों का आन्दोलन चलाना होगा। फिल्म कोरियोग्राफर और अभिनेता मुकेश डिसूजा ने कहा रंगकर्म में प्रशिक्षण का अभाव है और अभिनेता करियर देखते हैं जनता का मुद्दा नहीं देखते। वरिष्ठ नाट्य लेखक और अभिनेता - निर्देशक विजय कुमार गुप्ता ने तीखे स्वर में कहा कि अब जन सरोकार का रंगमंच करना जान से खेलना है अब के सत्ता, प्रशासन और राजनेताओं में अपनी आलोचना बर्दास्त करने की क्षमता नहीं रही। अध्यक्षीय वक्तव्य में क्षितिज प्रकाश ने विगत पैतीस वर्षों के जन आन्दोलनों में वैशाली के रंगमंच, रंगकर्म, रंगसंस्थान और रंगकर्मियों की सीधी भूमिकाओं का उल्लेख किया और कहा कि हमें जनता से सीधे जुड़ना होगा और पुनः एक निर्भीक जन सरकार का रंगमंच खड़ा कर जनता के पक्ष में सड़क पर उतरना होगा। स्वागत सुरेंद्र चौधरी, विषय प्रवेश और संचालन प्रो कुमार वीर भूषण ने और धन्यवाद ज्ञापन रंगकर्मी संतोष यादव ने किया।

# जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक पक्ष के एक महिला घायल



प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के यदुआ पट्टी वार्ड सात में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष गुलशन खातून दूसरा पक्ष मो ० कमरुद्दीन के बीच घर बनाने को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक पक्ष के गुलशन खातून घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती करवाया । जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। घायल गुलशन खातून ने बताया अपने निजी जमीन में पक्की घर बना रहे थे । दूसरा पक्ष के मो ० कमरुद्दीन, मो ० आशिक ,सुबेदा खातून अन्य परिजन आए और घर बनाने से रोकने लगे । विरोध किए तो उक्त सभी नामित व्यक्ति गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में गुलशन खातून घायल हो गई।परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया।

# फसल चराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

प्रात: किरण, संवाददाता



कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के रहटा पंचायत स्थित रहटा वार्ड नौ में गुरुवार को मक्का के फसल बकरी द्वारा चराने को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में चार लोग घायल हो गए। परिजनों ने सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। बताया गया कि रहटा वार्ड नौ निवासी एक पक्ष जीतन मुखिया , दूसरा पक्ष के बिरेन मुखिया के बीच मक्का के फसल बकरी द्वारा चराने को लेकर मारपीट की घटना हुई है। घायल एक पक्ष के जीतन मुखिया ने बताया मेरे खेत में लगे मक्का के फसल को बिरेन मुखिया अपनी बकरी से चरा रहा था। बार बार कहने के बाद भी नहीं माने । दूसरा पक्ष के बिरेन मुखिया , गुलशन मुखिया शराब के नशे में गाली गलौज करने लगे हैं। जब मना किए तो बिरेन मुखिया गुलशन मुखिया ,कृष्णा कुमार अन्य परिजन गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में जीतन मुखिया, छोटू मुखिया, आशा देवी, गुंजन देवी घायल हो गई। इलाज के सभी घायल अस्पताल में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है।

# सिहपुर स्थित मंदिर परिसर में अग्निशमन द्वारा आग और भूकंप से बचाव के लिए लोगो को दी जानकारी

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा कुमारखंड प्रखंड के सिहपुर गढ़िया पंचायत स्थित सिहपुर मंदिर परिसर में गुरुवार को आग और भूकंप से बचाव के बारे में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी और कर्मी ने लोगो को जानकारी दिए। अग्नि शमन पदाधिकारी ने लोगो आग से बचने के बारे में जानकारी देते हुए बताया गैस सिलेंडर में आग लगने पर आप को डराने और घबराने की जरूरत नहीं । आग बुझाने के लिए सबसे पहले बाल्टी में पानी लेकर बेड शीट को गीला कर दोनो तरफ से सिलेंडर को बंद कर दे आग पूरी तरह बुझ जाएगा। गर्मी के समय खाना बनाने के दौरान हमेशा ख्याल रखे । हवा के समय से पहले भोजन तैयार कर लें। भूकंप से बचाव खेत खलिहान में आग से बचाव के बारे में जानकारी लोगो को दिया गया है। मौके पर ग्राम पंचायत के मुखिया ललिता देवी, गैस एजेंसी संचालक ब्रजेश कुमार, अग्नि शमन पदाधिकारी भगवान पासवान, सिपाही जोगेंद्र कुमार, सुजीत कुमार और दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# डीपीआरओ से डेलिगेशन मीट कर पंच सरपंच संघ, मुखिया संघ एवं वार्ड सदस्य संघ ने लंबित मानदेय भुगतान करने की किया मांग

प्रात: किरण, संवाददाता



खगड़िया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी राकेश रंजन से बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल पंचायती राज कार्यालय में मिलकर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों यथा पंच, उप सरपंच, सरपंच, वार्ड सदस्य, उप मुखिया, मुखिया, पंसस, उप प्रमुख, प्रमुख, जिला पार्षद, उप चेयरमैन, चेयरमैन का लंबित मानदेय जल्द भुगतान करने की मांग किया। श्री यादव ने कहा कि विगत सत्र का भी मानदेय लंबित है। जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधि आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। डीपीआरओ राकेश रंजन ने अधीनस्थ कर्मी से स्थिति से अवगत होकर प्रतिनिधियों का मानदेय जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिए। तथा बीपीआरओ, बीडीओ को मानदेय जल्द भुगतान के मुद्दे पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल में पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव, जिला महासचिव मनोज कुमार, जिला सचिव रतन राम, उपाध्यक्ष रविंद्र यादव तथा मुखिया संघ के महासचिव मक्खन शाह ने जनप्रतिनिधियों की समस्या समाधान करने की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

# वाहन चेकिंग व पुलिसिया गश्ती के बावजूद जिले में नहीं थम रहा अपराध

## कुछ महीनों में लूट, छिनतई, हत्या व चोरी की घटनाओं में हुई बेतहाशा वृद्धि

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में पुलिस की सक्रियता व चौकसी बढ़ाने का निर्देश है। आपराधिक वारदातों पर लखम लगाने के लिए जगह-जगह चेक पॉइंट व वाहन चेकिंग करने का भी निर्देश है। इसको लेकर सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है और जिले में केंद्रीय बल की दो कंपनी दी गई है। ऐसा नहीं है कि पुलिस वाहन जांच नहीं कर रही है, वाहन जांच तो कर रही है लेकिन बगैर हेलमेट बाइक सवारों को पकड़ने के अलावा वह अपराधियों को नहीं पकड़ पा रही है।

यही कारण है कि जिले में अपराधी बेखौफ होकर एक के बाद एक लूट, छिनतई, चोरी व हत्या की बड़ी वारदातों को अंजाम देकर आराम से फरार होने में कामयाब रहते हैं। सही ढंग से पुलिसया गस्ती नहीं होने के कारण भी जिले में आपराधिक वारदातों में इजाफा हुआ है। जिले में आपराधिक घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। जिले में पुलिस के इकबाल को चुनौती देते हुए अपराधी लगातार वारदात को अंजाम दे रहे हैं। घटना के बाद इधर-उधर छापेमारी व अपराधियों को पकड़कर अपराधिक वारदातों पर लगाम लगाने के दावों को छोड़कर पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने में कामयाब नहीं हो पा रही है। जिले में अब तक की हुई सबसे बड़ी डकैती की वारदात के एक महीने में बीतने के बावजूद भी गिरफ्तारी तो दूर, पुलिस घटना में संलिप्त अपराधियों का सुराग नहीं लगा सकी है। इसके अलावा अधिकांश लूट, छिनतई, हत्या व चोरी की घटना का पुलिस खुलासा भी नहीं कर सकी है। जिले में बढ़ते आपराधिक घटनाओं को लेकर मुख्यालय डीएसपी कृष्ण कुमार दिवाकर बताते हैं कि चुनाव को लेकर जिले को प्राप्त बलों के साथ क्षेत्र में जगह-जगह फ्लैग मार्च भी निकाला जा रहा है। ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे। वहीं उन्होंने कहा कि आपराधिक वारदातें हो रही हैं, लेकिन उनका डिटेक्शन भी पुलिस कर रही और घटना में संलिप्त अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही।

# भूमिहार और ब्राह्मण समाज को लोकसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से बिहार में लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवारों की सूची पर पुनर्विचार करते हुए भूमिहार और ब्राह्मण समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। शहर के बीबीगंज मोहल्ला में गुरुवार को भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजीत कुमार की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित प्रांतीय बैठक में एनडीए उम्मीदवारों की सूची पर जमकर आक्रोश प्रकट किया गया। राज्य के अलग-अलग जिलों से आए जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियों ने टिकट वितरण में भूमिहार -ब्राह्मण समाज की अनदेखी पर तीखी नाराजगी जताई। प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा है कि भूमिहार- ब्राह्मण समाज की परंपरागत सीटों पर उम्मीदवारी नहीं दिए जाने से समाज के लोगों में भारी निराशा और आक्रोश है। विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने कहा कि मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, पाटलिपुत्र, जहानाबाद, महाराजगंज, वाल्मीकि नगर एवं मधुबनी में भूमिहार और ब्राह्मण समाज की परंपरागत दावेदारी को नजरंदाज किया गया है। बैठक में फ्रंट के पदाधिकारियों ने कहा कि औरंगाबाद, आरा, सारण, पटना साहिब, गोपालगंज, पश्चिमी चंपारण, उजियारपुर और समस्तीपुर समेत राज्य के अधिकांश लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में भूमिहार और ब्राह्मण समाज के वोटर निर्णायक, प्रेरक और उत्साह वर्धक की भूमिका में होते हैं। पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने तक राज्य और देश की हर राजनीतिक मुहिम में भूमिहार और ब्राह्मण समाज ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व से उम्मीदवारों की सूची में एक सप्ताह में पुनर्विचार की मांग की है। भूमिहार-ब्राह्मण को उचित प्रतिनिधित्व देने का लाभ आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी मिलेगा। बैठक में गोपालगंज, बेतिया, मोतिहारी, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सीतामढी, शिवहर, बेगूसराय मधुबनी, सुपौल, छपरा जिलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, दर्जनों पंचायतों के मुखिया और फ्रंट के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री धर्मवीर शुक्ला, मुखिया अवधेश प्रसाद सिंह, संजय कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार, श्याम बिहारी चौधरी, विजय चौधरी, जिला परिषद सदस्य विपिन शाही, कुंदन कुमार सिंह , मुकेश ओझा ,पंडित शंभू नाथ चौबे, साकेत रमन पांडे , जितेश कुमार उर्फ राजा बाबू, इंद्र मोहन झा, नरेंद्र कुमार सिंह, सुनील शर्मा, भूषण सिंह, निखिल कुमार, अंकेश ओझा शांतनु सत्यम तिवारी कामेश्वर शुक्ला ,नरेंद्र कुमार सिंह, हरे राम मिश्रा, सुरेश प्रसाद सिंह, गोपाल कृष्ण, महंत सुबोध ठाकुर, शशि रंजन कुमार सिंह उर्फ डब्लू , कुमार केशवम, राजकुमार , रणधीर कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह ,मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार, मुखिया विनोद सिंह, प्रसून कुमार , चंद्र माधव प्रसाद सिंह, पंकज पांडे, संजय कुमार फौजी, अभिषेक कुमार, विवेक कुमार, अवनीश कुमार, रंजीत चौधरी, शुभम कुमार , राकेश कुमार सिंह ,पप्पू कुमार, किशन कुमार, गुड्डू कुमार, गुड्डू ओझा आदि लोगों ने अपना-अपना विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व से भूमिहार ब्राह्मण समाज के परंपरागत सीट पर उम्मीदवारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

# मुद्दा : जन सरोकार व संघ का विस्तार

नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा के दौरान संपूर्ण भारत और भारत में अभिरु चि रखने वाले विश्व भर के मीडिया का एकत्रीकरण था। सामने लोक सभा चुनाव के कारण ऐसा लग रहा था कि वहां से इसके संबंध में कुछ रणनीति ऐसी बनेगी, ऐसा वक्तव्य आएगा जो समाचार, बहस और विचार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होगा। लंबे अनुभव के बावजूद पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की धारणा बदली नहीं है कि चुनाव या राजनीतिक दल या सरकार को फोकस करके संघ के आयोजन नहीं होते। यह संभव नहीं कि चुनाव हो और इसमें संघ की अभिरु चि नहीं हो या उसमें उनकी कोई भूमिका हो ही नहीं। यह भूमिका किस रूप में हो सकती है? इस बारे में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का वक्तव्य ध्यातव्य है-चुनाव देश के लोकतंत्र का महापर्व हैं। संघ के स्वयंसेवक सौ प्रतिशत मतदान के लिए समाज में जन-जागरण करेंगे। समाज में इसके संदर्भ में कोई भी वैमनस्य, अलगाव, बिखराव या एकता के विपरीत कोई बात न हो, इसके प्रति समाज जागृत रहे। राजनीति और चुनाव को सर्वोपरि मान लेने वाले इस माहौल में सहसा विश्वास करना कठिन है कि देश का सबसे बड़ा स्वयंसेवकों का संगठन मतदाता जागरूकता या समाज में सौमन्स्य आदि की दृष्टि से ही चुनाव के दौरान काम करेगा। यह पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की जिम्मेवारी है कि देखें कि ऐसा होता है या नहीं? ऐसे सभी संगठनों, जो सीधे दलीय चुनावी राजनीति में शामिल नहीं हैं, की यही यथेष्ट भूमिका हो सकती है। मतदान में किसी दल या उम्मीदवार को अवश्य सहयोग करिए लेकिन संगठन के रूप में चुनावी भूमिका नहीं होनी चाहिए। आप मतदाताओं के बीच जाएं, उन्हें मुद्दों के प्रति जागरूक करें, मतदान के लिए प्रेरित करें तथा इस बीच राजनीतिक दलों के परस्पर आक्रामक तीखे बयानों, आरोपों तथा समाज के अंदर मतदान के लिए वैमनस्य फैलाने वालों या तनाव और हिंसा पैदा करने वालों के असर को कम करने की कोशिश करें। संघ स्वयं को अगर समाज में एक संगठन की जगह समाज का संगठन मानता है तो उसके लिए कोई राजनीतिक दल दुश्मन नहीं हो सकता। हां, राजनीतिक दलों की नीतियां उसके विरुद्ध हैं यानी उसके अनुसार देश हित में नहीं हैं, तो तात्कालिक विरोध किया जा सकता है। प्रतिनिधि सभा ऐसी बैठक होती है जिसमें संघ के सभी शीर्ष पदाधिकारी, प्रांत स्तर के पदाधिकारी और 36 आनुषंगिक संगठनों के प्रमुख या प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं। इस नाते 1500 वैसे प्रमुख प्रतिनिधियों की एक जगह उपस्थिति, विमर्श और निर्णय अत्यंत महत्त्व के होंगे। इसमें सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का पुनर्निर्वाचन हुआ और वे 2027 तक पद पर रहेंगे। संघ पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले इसका खंडन करते हैं कि यहां चुनाव होता ही नहीं। चुनाव नियमित होते हैं किंतु ज्यादातर अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह पदों की होड़ न होने के कारण नकारात्मक प्रतिस्पर्धा नहीं होती। प्रतिनिधि सभा से घोषित कार्यक्रमों में अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के 300वें वर्ष में मई, 2024 से अप्रैल, 2025 तक जन्म वर्ष मनाया जाना है। कितने राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के महत्त्व का आभास है? कौन राष्ट्रीय संगठन समाज विशेषकर महिलाओं को प्रेरणा देने की दृष्टि से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेगा? इसके अलावा जो विषय वहां चर्चा में थे उनमें स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष में किए गए मुख्य कार्य, श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का राष्ट्रीय जागरण की दृष्टि से प्रभाव, संदेशखालि की भयावह घटना और मणिपुर, पंजाब आदि शामिल थे। अगर होसबोले कहते हैं कि स्वतंत्र भारत में संदेशखालि जैसी घटनाएं झकझोर देने वाली हैं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए तथा इसमें सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वाथरे को छोड़कर महिला सुरक्षा और समाज के इस विषय पर एक मत से ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा करने की कोई सोच भी नहीं सके तो इससे कौन असहमत हो सकता है।

# महिलाओं की सुरक्षा है जरुरी

चुनाव में महिलाओ एक साइलेन्स वोटर के रूप में उभरी है और इस हेतु महिला लाभार्थी ने एग्जिट पोल को भी बदल दिया है फिर भी आज कई राज्यों में महिला सुरक्षित नहीं है ऐ हाल सिर्फ भारत के लोकतान्त्रिक प्रणाली में केवल नहीं है ऐ विश्व के चुनाव पर भी असर डाल रही है जहाँ लोकतान्त्रिक व्यवस्था है दरअसल किसी शारीरिक हिंसक कृत्य की उग्रता इसकी शारीरिक चोटें पहुंचाने की संभावना के अनुसार आंकी गई थीं। थप्पड़ मारना, धक्का देना अथवा रूखेपन से ठेलना को औसत दर्जे की शारीरिक हिंसा के रूप में परिभाषित किया जाता है। मुक्के से मारना, लात मारना, दम घोटना, जला देना, घसीटना, किसी हथियार से धमकाना अथवा किसी हथियार का महिला के विरुद्ध उपयोग करना, इन सब बातों को उग्र शारीरिक हिंसा के रूप में परिभाषित किया जाता है। इस तरह के कृत्यों को उग्रता के हिसाब से आंकना विवादास्पद है। स्पष्ट है, कुछ परिस्थितियों में ठेलने से भारी चोट लग सकती है। भले ही इसको औसत दर्जे की हिंसा के वर्ग में रखा गया हो। फिर भी अधिकांशतः इस तरह का अंकन (तंदापदह) उग्रता के अन्य तरीकों, जैसे-चोट आदि से मेल खाता है। इस परिभाषा के अनुसार 4 प्रतिशत जापानी महिलाओं ने और 49 प्रतिशत पेरू के ग्रामीण इलाकों की महिलाओं ने उग्र शारीरिक हिंसा का अनुभव किया, जबकि अधिकांश देशों में यह प्रतिशत 13 और 26 के बीच में है। यदि महिलाओं के साथ आंशिक हिंसा का व्यवहार हुआ है तो इस बात की बड़ी भारी संभावना है कि किसी समय उनके साथ उग्र हिंसा का व्यवहार भी हो सकता है। केवल तीन देशों-बंगला देश, जापान, सर्बिया और मोन्टेनेग्रो में उन महिलाओं के साथ, जिनके साथ उग्र हिंसा का व्यवहार किया गया था, औसत दर्जे की हिंसा की समस्या का भी सामना करना पड़ा। उन महिलाओं का अनुपात, जो अपने पुरुष साथियों की शारीरिक हिंसा से पीड़ित हुई, जापान में 13 प्रतिशत से लेकर पेरू के ग्रामीण क्षेत्रों में 61 प्रतिशत तक रहा। जापान में यौन हिंसा का प्रतिशत भी सबसे कम 6 प्रतिशत रहा, जबकि सबसे अधिक प्रतिशत 59 प्रतिशत इथियोपिया में रहा। कुल मिलाकर उन महिलाओं का प्रतिशत, जिनका उनके साथी के द्वारा यौन उत्पीड़न किया गया, जापान, सार्बिया और मोन्टेनेग्रो में 6 प्रतिशत और इथियोपिया में 59 प्रतिशत रहा। अधिकांश क्षेत्रों में यह प्रतिशत 10 और 50 प्रतिशत के बीच में रहा। उन महिलाओं का प्रतिशत, जिन्हें शारीरिक संभोग के लिए जबरन मजबूर किया गया, सर्बिया और मोन्टेनेग्रो में 4 प्रतिशत और बंग्लादेश और इथियोपिया के ग्रामीण क्षेत्रों में 46 प्रतिशत रहा। लगभग एक तिहाई इथियोपियन महिलाओं ने पिछ्ले एक वर्ष में किसी साथी के द्वारा उनकी इच्छा के विरुद्ध यौन-संबंध बनाने की शिकायत की। जबरन यौन-संबंध की ऊंची दर एड्स की बीमारी और अधिकांश महिलाओं की अपने-आपको संक्रमण से न बचा पाने वाली कठिनाई के प्रकाश में विशेष रूप से चैंकाने वाली है। अधिकांश स्थानों में यौन शिक्षा पर्याप्त रूप से कम रही। इस तरह की घटनाएं बांगलादेश और इथियोपिया के ग्रामीण क्षेत्रों और थाइलैण्ड के शहरी क्षेत्रों में अधिक हुई। उन देशों में, जहां बड़े शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों, दोनों का अध्ययन किया गया, कुल मिलाकर साथी के द्वारा की गई हिंसा का स्तर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ऊँचा रहा। हिंसा का वह सामान्य कृत्य, जो महिलाओं के साथ किया गया, उनको अपने साथी के द्वारा थप्पड मारा जाना था। इस कृत्य का प्रतिशत जापान में 9 और ग्रामीण पेरू में 52 था। थप्पड़ मारने के कृत्य के बाद दूसरे स्थान पर मुक्के से मारा जाना रहा और हिंसा के इस रूप में भी यही दोनों देश सबसे ऊँचे प्रतिशत (2 प्रतिशत और 42 प्रतिशत क्रमशः) पर रहे। अधिकांश देशों में 11 से 22 प्रतिशत के बीच महिलाओं ने अपने साथी द्वारा मुक्के से मारे जाने की बात कही। अधिकांश देशों में यौन हिंसा के लगभग आधे मामले भय की बजाय शारीरिक बल के प्रयोग के परिणाम थे। फिर भी इथियोपिया और थाईलैण्ड में महिलाओं ने इस भय से यौन संबंध बनाने की बात कही कि उन्हें इस बात का डर था कि कहीं उनके साथी कुछ कर न बैठें। सब जगहों पर कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्हें यौन संबंध बनाने के लिए इस प्रकार बाध्य किया गया, जिससे उन्होंने अपने आपको अपमानित महसूस किया। पेरू के ग्रामीण क्षेत्रों की 11 प्रतिशत महिलाओं की तुलना में इथियोपिया, जापान, सर्बिया और मौन्टेनेग्रो और तान्जानिया की 2 प्रतिशत से भी कम महिलाओं ने ऐसी सूचना दी।

# अंतरराष्ट्रीय दबाव को समय रहते पहचाने सरकार

**तत्कालीन सरकार पर दबाव बनाया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आपातकाल को खत्म करना पड़ा था। तत्कालीन सरकार को लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव कराने पड़े। जेल में बंद सारे मीसा बंदियों को छोड़ना पड़ा था। उस समय इंदिरा गांधी ऐसा नहीं करती, तो अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जगत के कई प्रतिबंधों का सामना भारत को करना पड़ता। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद भारत के ऊपर अमेरिकी प्रतिबंध पहले से ही लागू थे। जिसके कारण भारत सरकार को 1977 में दबाव में आना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण ही भारत सरकार को चुनाव कराने पड़े थे। आपातकाल खत्म करना पड़ा था। अभी अघोषित आपातकाल की तरह स्थिति है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर जो सहमति भारत सरकार ने दी है। भारतीय कानून भी अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थन करते हैं। विशेष रूप से मानव अधिकार, वैश्विक व्यापार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जो सहमति हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दे रखी है।**





**सनत जैन**
**लेखक**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी और अमेरिका की सरकारों द्वारा जिस तरह की टिप्पणी की गई है। भारत सरकार ने जिस तरह से जर्मन और अमेरिका की सरकार को प्रतिक्रिया से अवगत कराया है। उसको लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है। भारत सरकार ने जर्मन और अमेरिका के राजनायिकों को दिल्ली के विदेश मंत्रालय में तलब करके, भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने पर नाराजी जताई है। यह भारत का आंतरिक मामला नहीं है। वैश्विक व्यापार संधि के बाद सारी दुनिया के देश आपस में जुड़े हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय समझौते के रूप में भारत ने दर्जनों समझौते मानव अधिकार और लोकतंत्र वैश्विक व्यापार इत्यादि के मसले पर कर रखे हैं। भारत की वर्तमान न्यायपालिका और लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत में इसी तरह की प्रतिक्रिया होनी थी, जो हुई है। भारतीय न्यायपालिका और भारत सरकार दोनों को ही अमेरिका और जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापार मे पडना तय है।

भारत सरकार राजनीतिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेगा। यह संदेश भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय जगत को देने की कोशिश की है। भारत की कानूनी प्रक्रिया पर अमेरिका ने जिस तरह से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वह केवल भारत का मामला नहीं है। भारतीय न्याय पालिका से सारे दुनिया के देश जो भारत से किसी भी तरह से कोई रिश्ता रखते हैं। किसी भी देश का कोई नागरिक या कंपनी भारत के साथ रिश्ता रखती है। भारत की न्यायिक व्यवस्था उसे प्रभावित करती है। जिस तरह से भारत की न्यायपालिका को अंतरराष्ट्रीय जगत में स्वतंत्र भारतीय न्यायपालिका के स्थान पर, सरकार के प्रभाव में काम कर रही न्यायपालिका के रूप में देखा जा रहा है। उससे सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ रही है। भारत में जो नियम कायदे कानून लागू है। वह भारतीयों के साथ-साथ पूरी दुनिया के देशों के उन नागरिकों और उन कंपनियों के ऊपर भी लागू होते हैं।

जो भारत के साथ व्यापार, पर्यटन, बैंकिंग, मानव अधिकार और धार्मिक आधार में जुड़े होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जो भारत को आर्थिक मदद देते हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत के साथ जिस तरह अंतरराष्ट्रीय कानून की सहभागिता को देखते हुए रिश्ते बनाते हैं। यदि उन्हें लगता है, कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो रही है। न्यायपालिका पर सरकार की दखलंदाजी है। मानव अधिकार कानूनों का पालन ठीक तरीके से नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय दबाव बनना एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू किया था। वह घोषित आपातकाल था। संसद का कार्यकाल बढ़ाया गया था। इसके विरोध में अंतरराष्ट्रीय जगत में उस समय भी इसी तरह की के प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। तत्कालीन सरकार पर दबाव बनाया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आपातकाल को खत्म करना पड़ा था। तत्कालीन सरकार को लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव कराने पड़े। जेल में बंद सारे मीसा बंदियों को छोड़ना पड़ा था। उस समय इंदिरा गांधी ऐसा नहीं करती, तो अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जगत के कई प्रतिबंधों का सामना भारत को करना पड़ता। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद भारत के ऊपर अमेरिकी प्रतिबंध पहले से ही लागू थे। जिसके कारण भारत सरकार को 1977 में दबाव में आना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण ही भारत सरकार को चुनाव कराने पड़े थे।

आपातकाल खत्म करना पड़ा था। अभी अघोषित आपातकाल की तरह स्थिति है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर जो सहमति भारत सरकार ने दी है। भारतीय कानून भी अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थन करते हैं। विशेष रूप से मानव अधिकार, वैश्विक व्यापार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर जो सहमति हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दे रखी है। उसी के कारण अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की वर्तमान स्थिति पर टीका टिप्पणी की जा रही है। यदि इसको सही तरीके से नहीं देखा गया, तो आगे चलकर भारत के लिए मुसीबतें खड़ी हो सकती हैं। भारत सरकार का यह कहना है, जर्मन और अमेरिका ने भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया है। यह सही प्रतीत नहीं होता है। जिस तरह से विपक्षी दलों के ऊपर सरकारी एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। न्यायपालिका से पीड़ित पक्ष को राहत नहीं मिल रही है। विभिन्न कानूनो के माध्यम से नागरिकों को आरोप के आधार पर कई महीने और सालों तक जेल में बंद करके रखा जा रहा है। न्यायालय से आरोपियों को जमानत नहीं मिल रही है। उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। तारीख पर तारीख दी जा रही है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं, नागरिकों की स्वतंत्रता और अधिकार धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्रता के साथ काम नहीं कर पा रही हैं। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय जगत से इस तरह के सुर उठते हैं। भारत सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। भारत सरकार के साथ-साथ भारत की न्यायपालिका, चुनाव आयोग, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग जैसे संस्थान जो स्वतंत्र संस्थान माने गए हैं। इन्हें स्वतंत्रता के साथ यदि काम नहीं करने दिया जाएगा। इसमें निष्पक्ष लोगों की नियुक्ति नहीं होगी। ऐसी स्थिति में भारत अंतर्राष्ट्रीय जमात में अलग-थलग पड़ सकता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसका अपना एक लिखित संविधान है। संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार और सरकार के गठन को लेकर एक निश्चित प्रक्रिया निर्धारित है। भारत में 75 वर्षों का लोकतांत्रिक इतिहास है। यदि इन सब बातों को हम नजर अंदाज करके वह करना चाहते हैं, जो भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानव अधिकारों के अनुरूप नहीं है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय जगत का दबाव पहले भी पडता रहा है। एक बार फिर यही अंतरराष्ट्रीय दबाव 1977 के बाद 2024 में देखने को मिल रहा है।

# अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

**रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की।**

**बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।**





**प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी**
**भारत सरकार**

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरूआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी।

आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया।

स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत ह्यआत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय चह्न का अमिट उदाहरण है।

रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की।

बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी।

भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे। ओम शांति।

# धार्मिक स्थल में भगदड़ रोकने के उपाय तलाशने होंगे

**ऋतुपर्ण दवे**

भारत में धार्मिक आयोजनों की भीड़ में भगदड़ आम हो चुकी है। ऐसी घटनाओं में मौतें होना न नई हैं, और न ही अब हैरान करने वाली। लेकिन लगता है कि गंभीरता को जानते-समझते हुए भी सीख नहीं लेने से इन मौतों पर विराम तो दूर सोचना भी बेमानी लगता है। दो-चार दिन बाद बात आई-गई हो जाती है। बीते दिनों वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी की रंगीली होली की शुरू आत के एक दिन पहले भीड़ ऐसी बेकाबू हुई कि एक श्रद्धालु ने दम तोड़ दिया जबकि एक की तबीयत बिगड़ गई। भारी भीड़ के दबाव में फंसी महिलाओं और बच्चों की चीखें निकलती रहीं और पुलिस की मुस्तैदी इस बात पर ज्यादा थी कि अति विशिष्टजनों की सेवा में कोई खलल न पड़े। ऐसी ही एक घटना अगस्त, 2022 में घटी जब श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और बांके बिहारी मंदिर में रात 2 बजे मंगला आरती के दौरान दम घुटने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, 9 घायल हो गए। आरोप लगे कि भीड़ नियंत्रित कराने वाले अपने परिजनों को वीआईपी दर्शन कराने में जुटे थे तो कई वीडियो बनाने में मशगूल रहे। परिसर में श्रद्धालु क्षमता 800 लोगों की है, जबकि वहां 25-30 हजार श्रद्धालु मौजूद थे। धार्मिक आयोजनों में भारी भीड़ जुटना नया नहीं है। लेकिन हादसों के बाद समझ आता है कि सुरक्षा कैसी होती है? वैज्ञानिकों ने 1900 के बाद से विश्व में भगदड़ या भीड़भाड़ की घटनाओं का एक डेटाबेस तैयार किया ताकि ऐसी मौतों को रोकने के उपायों को खोजा जा सके। इसमें 1900-2019 के बीच ऐसी 281 घटनाएं शामिल की जिनमें या तो कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई या दस से ज्यादा लोग घायल हुए। यही आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में भारत और पश्चिमी अफ्रीका ऐसी दुर्घटनाओं के सबसे बड़े केंद्र हैं। वक्त के साथ बढ़ती तकनीक के बावजूद तीन दशकों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं क्योंकि घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। भारत में बीते कुछ वर्षों के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धार्मिक कार्यक्रमों में भगदड़ में सैकड़ों जानें गई। 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचल कर मौत हो गई, सैकड़ों घायल हुए। नारियल तोडे से सीढिंों में फिसलन से यह भगदड़ हुई। 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैना देवी मंदिर में भू-स्खलन की अफवाह से मची भगदड़ में 162 जान चली गई, 47 लोग घायल हुए। 30 सितम्बर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह से मची भगदड़ में 250 लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए। 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की मौत हुई जो वहां कपड़ा और भोजन लेने आए थे। 13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की मौत हुई और 100 से अधिक घायल हुए। ऐसे और न जाने कितने हादसों ने सैकड़ों जान ली हैं। दुर्भाग्यवश कभी भगदड़ में फंस जाएं तो थोड़ी सतर्कता बरत कर खुद को बचाया जा सकता है। अपनी ताकत बेवजह भीड़ के खिलाफ दूसरों को धकेलने में न लगाएं। चीखने-चिल्लाने या शोर मचा कर भी ताकत जाया न करें। कोशिश करें कि पैर फैला कर रखें ताकि धक्का लगने पर संतुलन बना रहे। धैर्यपूर्वक गहरी सांसें लेकर शांत रहें। बजाय विपरीत दिशा में जाने के हमेशा भीड़ के साथ चलें जिससे बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हाथों को अपनी छाती के सामने किसी बॉक्सर की तरह अड़ा रखें ताकि सीना सुरक्षित रहे जिससे आप खुद को सुरक्षित रख सकेंगे। भीड़ में गिरने पर उठ नही पा रहे हों तो तिरछे हो जाएं, दोनों पैरों को सीने से चिपकाएं, सिर पर हाथ रख कर खुद को बचाने की कोशिश करें ताकि सीना, पसली और सिर बचा रहे। दीवारों और बैरिकेडिंग से भी दूर रहें। ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें कि खुली जगह में जल्द से जल्द पहुंच जाएं। यह कहना कि एकाएक भीड़ आ गई गलत है। आजकल धार्मिक स्थलों के पूरे क्षेत्र, गलियारों, चौक, चौराहों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस या निजी सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों के अलावा सैटेलाइट से भी भीड़भाड़ की जानकारी लेना संभव है। हर पल पता होता है कि कहां से कितनी भीड़ आ रही है। यही प्रबंधन तो करना है ठीक वैसे, जैसे ट्रैफिक का करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में चादरपोशी के साथ उर्स मेला संपन्न

इसुआपुर । प्रखंड के नवादा गांव स्थित फकीर टोला में बुधवार को कुंवारे पीर साहब के मजार पर सालाना उर्स मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी सीओ करूण करण, राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय तथा स्थानीय थानाध्यक्ष टिंकू कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद थे। कुंवारे पीर साहब पर चादरपोशी के साथ उर्स मेले की शुरूआत हुई। मालूम हो कि यह उर्स मेला लगातार 36 वर्षो से होता आ रहा है। जिसे सभी कौम के लोग मिलकर आपसी सौहार्द के साथ मनाते हैं। मान्यता के अनुसार कुंवारे पीर साहब के दरबार में जो सच्चे मन से अपना फरियाद व दुःख तकलीफ लेकर आता है पीर साहब की कृपा से दूर हो जाता है। उर्स मेले के मौके पर उनके मजार पर चादरपोशी की गई। चादरपोशी करने वालों में स्थानीय जिला पार्षद छविनाथ सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन, पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, लुकमान अली, सचिव नईमुद्दीन, मैनुद्दीन शाह, रवि हुसैन, अशोक सिंह, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर सत्येंद्र राय, तारकेश्वर सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि मिंटू कुमार सोनी के साथ हजारों की संख्या में लोग थे।

### नगरा में ट्रक से अज्ञात चोरों ने किया डीजल चोरी, जांच में जुटी पुलिस

नगरा। थाना क्षेत्र के नगरा मोहल्ला के समीप से बीती रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा हाइवा ट्रक से तेल चोरो कर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है.प्राप्त जानकारी अनुसार नगरा गांव निवासी इरशाद कुरैशी ने नगरा थाना ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की है.दिए हुए आवेदन ने उन्होंने कहा है की मेरे घर के सामने हाइवा ट्रक खड़ा था और घर के सामने सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है.सुबह में उठे तो देखे की ट्रक का टंकी का कवर निचे गिरा हुआ ,पास जाकर देखा तो टंकी में 360 लीटर तेल चोरो ने चोरी कर लिया है.वहीं घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है.सीसी टीवी चेक करने पर पता चला कि 12:32 बजे एक सफेद कार ट्रक के बगल में खड़ा हुआ और दो आदमी उतरा टंकी से तेल चोरी कर लिया और लगभग 12:41 में कार चला गया यानी नौ के अंदर 360 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गया.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष बिजय रंजन कुमार ने बताया कि मामले की आवेदन प्राप्त है ,आवेदन के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है.

### घर से घूमने निकले व्यक्ति नही लौटे घर।

शेरघाटी। घर से घूमने के लिए निकला व्यक्ति 10 दिन बाद भी नहीं लौटा घर घटना से शहर के सोमाली मोहल्ला के रहने वाला मोहम्मद अशफाक अहमद 59 वर्षीय घर से घूमने के लिए निकले थे, हालांकि परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चलने के बाद पुत्र तौकीर आलम ने ल थाना में लिखित आवेदन देते हुए शिकायत किया है उधर जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ पर लगाए आरोप

मढ़ौरा। मढ़ौरा प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने मढ़ौरा के बीडीओ पर गंभीर आरोप लगा कर निर्वाचन कार्य से अलग रखने की मांग की है। माधोपुर निवासी व मढ़ौरा प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने उक्त आशय का पत्र मेल के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिल्ली, निर्वाचन आयोग पटना एवं अन्य अधिकारियों को भेजी है। जिसमें प्रखंड विकाश पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी मढौरा, सारण को चुनाव प्रक्रिया से हटाने के संबंध में पत्राचार किया गया है। प्रखण्ड प्रमुख द्वारा कहा गया है कि प्रखंड विकाश पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी मढौरा प्रखंड में चल रहे सरकारी विकास योजनाओं में मनमानी कर रहे हैं। आर्थिक प्रलोभन में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। इन्हें चुनाव प्रक्रिया से हटाया जाये नहीं तो उनके रहते चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकता है। भ्रष्टाचार के कई आरोपों की जिक्र पत्र में किया गया है। उक्त संबंध में बीडीओ ने कहा कि सभी आरोप गलत एवं मनगढ़ंत है।

### रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत किया जायेगा स्पीड ट्रायल

हाजीपुर। रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 10 किमी लंबे रेणुकूट-जोगीडीह रेलखंड पर दिनांक 30.03.2024 को स्पीड ट्रायल तथा संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा । अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल एवं निरीक्षण के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें । साथ ही अपने मवेशी इत्यादि को भी रेल लाइन से दूर रखें । इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा । विदित हो कि 160 किलोमीटर लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत 145 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है । अब 10 किमी लंबे रेणुकूट-जोगीडीह रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के उपरांत इस परियोजना का लगभग 155 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो जायेगा तथा इस परियोजना के तहत अब मात्र 6 किमी लंबे ओबरा-फफराकुंड रेलखंड का कार्य शेष है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा ।

# डीडीसी ने सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा आज मशरख प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में 19- महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के 115- मशरख विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मशरख प्रखंड के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सेक्टर पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निदेश प्राप्त है। बैठक में कई निदेश दिये गये जिनमे सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने सेक्टर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों पर आधारभूत संरचना तथा उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक सत्यापन कर पेयजल, शौचालय, उपयुक्त प्रकाश एवं विद्युत की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए छायादार स्थान, निःशक्त मतदाताओं के लिए रैंप, मतदान के लिए आवश्यक फर्निचर की उपलब्धता/व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि मतदाता मतदान दिवस पर सुचारू और बिना किसी परेशानी के सुविधाजनक रूप से अपना मत डाल सकें। वहीं मतदान केन्द्र के निकट रहने वाले ऐसे व्यक्तियों जिनसे विभिन्न प्रकार की जानकारियां मिल सके, उनका नाम, पता, मोबाईल संख्या आदि की जानकारी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने पास रखेंगे। साथ ही सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने सेक्टर क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण करेंगे एवं मार्ग तालिका तथा नक्शा का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करेंगे कि मार्ग तालिका/नक्शा ठीक है एवं उसमें किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है।मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने को कहा गया।

प्रखंड अन्तर्गत पर्याप्त संख्या में मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित करना है। इस बिन्दु पर भी भौतिक सत्यापन करना है कि मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि के अन्दर किसी राजनैतिक दल/अभ्यर्थि द्वारा पार्टी कार्यालय बनाया गया है या नहीं। अपने सेक्टर क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान क्षेत्र के लिए मतदान केन्द्रवार भेद्यता मानचित्र तैयार करना।

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय और अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, विलासपुर के बीच हुआ एमओयू पर हस्ताक्षर

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा सदर जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा और अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, विलासपुर के बीच गुरुवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई और अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।

एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद अब जहां जयप्रकाश विश्वविद्यालय और इसके क्षेत्रान्तर्गत महाविद्यालयों में अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, विलासपुर में संचालित कोर्सेज की पढ़ाई हो सकेगी। वहीं, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, विलासपुर के छात्र-छात्रा भी जयप्रकाश विश्वविद्यालय में संचालित कोर्सेज की अपने यहां पढ़ाई कर सकेंगे। फिलहाल यह सुविधा सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज के लिए ही उपलब्ध होगी। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। नैनो टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नालॉजी, नैनो साइंस, बायो इनफारमेटिक्स, बायो केमेस्ट्री, जियो फिजिक्स, एस्ट्रो फिजिक्स आदि बड़े कोर्सेज जयप्रकाश विश्विद्यालय में अब यथाशीघ्र लागू होंगे और इससे जयप्रकाश विश्विद्यालय के क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी छात्रों को इससे बहुत लाभ होगा। इस उपलब्धि पर सीसीडीसी प्रो हरिश्चंद, प्रॉक्टर प्रो विश्वामित्र पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसे जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताई है। सीसीडीसी प्रो हरिश्चंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के 32 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब इतने अहम एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा होगी।

# वैश्य समाज, भाजपा एवं राजीव प्रताप रूडी के साथ : धर्मेंद्र कुमार साह



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भाजपा द्वारा पुनः प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार सारण की धरती पर राजीव प्रताप रूडी का भव्य स्वागत भाजपा महामंत्री एवं वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र कुमार साह के द्वारा बजरंग चौक एवं हरिहरनाथ मंदिर के प्रांगण में किया गया। अपने स्वागत से भाव विभोर अभीभूत सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि वह आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , और बिहार प्रदेश के वरीय नेताओं का आभारी है जिन्होंने पुनः मुझ पर विश्वास कर प्रत्याशी बनाने का काम किया। उन्होंने ने सारण की जनता का भी आभार जताया कि कहा की सारण के आशीर्वाद स्नेह से एक बार फिर यह सीट जीत कर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करूंगा मैं सारण के विकास के लिए कृत संकल्पित हूं। महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि सारण की जनता रूढ़ी के साथ है इस बार सारण जीत का नया कृतिमान रचेगा। प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह ने कहा अबकी बार चार सौ पार फिर एक बार मोदी सरकार सारण के जनता सांसद के साथ झ साथ देश और राज्य मुख्य भूमिका में देखना चाहती है।

# बी ई ओ ने लोक सभा चुनाव के मद्देनजर सरकारी आदेशो के अनुपालन हेतु बुलाई प्रखंड स्तरीय बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर। बनियापुर बी आर सी भवन सभागार मे बी ई ई राम नाथ बैठा ने लोक सभा चुनाव को लेकर सरकारी आदेशो का अक्षरशः अनुपालन के लिए प्रधान शिक्षको का प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया,बैठक अलग अलग पालियों मे आयोजित की गयी,जिस बैठक मे बी ई ओ ने बताया कि आसन्न चुनाव मे आयोग के हर आदेश पर खड़ा उतरना है,सेक्टर पदाधिकारी सहित सभी पदाधिकारी तन्म्यता से लगे है आप सभी अपने बूथ हेतु व्हिलचेयर खरीद कर 29 मार्च को दस बजे भाऊचर प्रस्तुत करे,वही बी ई ओ बार्षिक मुलयाँकन सहित प्रवेशोत्स्व,विशेष नामांकन सहित कई बिन्दुओ पर बी ई ओ ने प्रधानाध्यापको को अवगत कराते सचेत किया, चुनाव कार्य मे कही सिथिलता बर्दास्त नही की जाएगी।जहा मौके पर प्रधानाध्यापक शत्रुघन प्रसाद मनोज प्रसाद प्रदीप कुमार गुप्ता राजेश्वर प्रसाद श्री राम रामाधार कुमार इंद्रजीत महतो अरविन्द कुमार राम लाल राम सलीम आरिफ राजीव पाठक सहित दोनी भाग के सभी सम्मानित प्रधानाध्यापक शमिल थे।

# लोकसभा आम निर्वाचन में अवैध कैश एवं वस्तुओं के परिवहन एवं लेनदेन पर फ्लाइंग स्क्वाड की 39 टीम नजर रख रही है

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्याय। लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर अवैध कैश, मादक पदार्थ एवं अन्य बहुमूल्य वस्तुओं के परिवहन एवं लेनदेन पर नजर बनाये रखने हेतु सारण जिला में 39 फ्लाइंग स्क्वाड का गठन किया गया है। विधानसभा वार एकमा में 3, छपरा में 4, मांझी में 6, बनियापुरपुर में 4, अमनौर में 4, तरैया में 3, मढ़ौरा में 4, गरखा में 3, परसा में 3 तथा सोनपुर में 5 फ्लाइंग स्क्वाड का गठन किया गया है। प्रत्येक फ्लाइंग स्क्वाड में दंडाधिकारी के अतिरिक्त पुलिस पदाधिकारी एवं मद्य निषेध के पदाधिकारी शामिल हैं। फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा संबद्ध क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुये अलग-अलग स्थलों पर वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बुधवार को सभी फ्लाइंग स्क्वाड के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनके दायित्वों के बारे में स्पष्ट शब्दों में बताया गया था।

# राजयोगिनी जानकी दादी का मनाया गया चौथा स्मृति दिवस

● आध्यात्मिक उड़ान में शिखर को छूने वाली राजयोगिनी जानकी दादी के आदर्शो पर चलने की जरूरतः बीके अनामिका बहन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। महिलाओं द्वारा संचालित दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक संगठन ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासिका के अलावा स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर राजयोगिनी जानकी दादी की स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। ब्रह्मकुमारी संस्था से जुड़े लगभग सैकड़ों भाई और बहनों द्वारा तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की स्थानीय इकाई छपरा शहर के गुदरी राय के चौक स्थित सेवाकेंद्र में आयोजित स्मृति दिवस के अवसर पर स्थानीय संचालिका बीके अनामिका बहन ने उपस्थित भाई बहनों को बताया कि दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक संगठन ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासिका द्वारा बताए गए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है। ताकि राजयोगिनी जानकी दादी को जिस उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भारत सरकार ने ‟स्वच्छ भारत मिशन” की ब्रांड एंबेसडर बनाया था। उसको लेकर हम सभी को समाज में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी (बीके) कोमल बहन, बीके मीरा बहन, बीके इंदु बहन, बीके कमलावती बहन, बीके वीना बहन, पूर्व मुखिया बीके राजकुमारी बहन, बीके प्रतिमा बहन, बीके मीनाक्षी बहन, बीके नेहा बहन, बीके नीतू बहन, बीके अंजू बहन, बीके शिवपरी बहन, बीके मनोज भाई, बीके रजनीश भाई, बीके उदय भाई, बीके अविनाश भाई, बीके प्रहलाद भाई, बीके ललन भाई सहित कई उपस्थित थे। जबकि बीके वीणा, प्रियांशु, शालिनी, खुशबू, दामिनी, प्रिया, रश्मि और पूजा बहन सहित कई अन्य के द्वारा सहयोग किया गया।

### दिघवारा हत्याकांड में तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

छपरा। दिघवारा हत्याकांड का तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात शंकरपुर बालू घाट पर एक युवक सनी कुमार उर्फ सनी देओल को चाकू मार कर हत्या कर दी गई। इस मामले में सारण पुलिस में त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर सूरज कुमार को हिरासत में लिया गया। जांच के क्रम में और पूछताछ के बाद रोहित कुमार को भी हिरासत में लिया गया। रोहित कुमार से पूछताछ के दौरान और उनकी निशानदेही पर अभिषेक कुमार उर्फ गोलू कुमार तथा सनी कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने संलिपिता स्वीकार की है। गिरफ्तार अभिषेक कुमार उर्फ गोलू के घर से खून लगा कपड़ा भी बरामद हो गया है, तथा दिघवारा स्टेशन से झाड़ी से हत्या में उपयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्त रोहित कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ गोलू कुमार एवं सनी कुमार को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। इस मामले में प्राथमिक की संख्या 83/24 दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जबकि इस मामले में गिरफ्तार सूरज कुमार को संलिप्त नहीं पाते हुए उन्हें बड़ी कर दिया गया।

# इसुआपुर में एनडीए के घटक दलों के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के सतासी गांव स्थित जिला पार्षद सह बिहार प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की सचिव प्रियंका सिंह के पैतृक आवास पर गुरुवार को एनडीए के घटक दलों के कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें महाराजगंज लोकसभा के एनडीए के घोषित उम्मीदवार निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भाग लिया। बैठक में सिग्रीवाल को तरैया विधानसभा से रिकॉर्ड मतों से जीताने का संकल्प लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रियंका सिंह ने कहा कि जनार्दन सिंह सिग्रीवाल धरतीपुत्र है। इनके साथ रहने वाला हर आदमी अपने को सांसद समझता है। इनकी जीत निश्चित करने के लिए हमें एक-एक वोट को जोड़ना होगा तथा बिहार में सबसे अधिक वोटो से इन्हें विजय दिलानी होगी। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि यह बैठक बड़े बैठक की तैयारी के लिए बुलाई गई है। जो सम्भावित 8 अप्रैल को किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्वगुरू बनने की तरफ अग्रसर है। साथ ही कहा कि विपक्ष में जहां परिवारवाद है, वहीं हमारे यहां राष्ट्रबाद है। इसलिए इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बना कर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। तरैया विधानसभा के पार्टी संयोजक संजय सिंह की अध्यक्षता तथा वरीय नेता धीरज सिंह के संचालन में बैठक को महाराजगंज लोकसभा के विस्तारक अनीश कुमार, तरैया विधानसभा विस्तारक अशोक सिंह लोकसभा संयोजक उमेश तिवारी, धीरज सिंह, नंदकिशोर सिंह, विजय सिंह सरपंच, पानापुर के जदयू अध्यक्ष अशोक कुमार, इसुआपुर जदयू अध्यक्ष अनवर हुसैन पानापुर मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बद्रीनारायण सिंह, विनीत सिंह ,जवाहर सिंह, मिथुन कुशवाहा ,वकील राय, भोला माझी ,रामदास राय, सिपाही राय, सत्संगी लाल, मंजूर आलम ,धर्मेंद्र राय, कुंदन सिंह ,मुकुल सिंह ,विमल किशोर सिंह पैक्स अध्यक्ष नंदकिशोर पांडेय ने भी संबोधित किया।

# मढौरा में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



मढौरा(ग्रामीण) ।मढौरा के खरौनी में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर गुरुवार को महिलाओं ने एक भव्य कलश यात्रा निकाली। महर्षि श्रीधर बाबा के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस 9 दिवसीय शतचंडी यज्ञ के लिए निकाली गई यह भव्य कलश यात्रा खरौनी युगल ब्रह्मस्थान से आरंभ होकर मढौरा होते हुए शिल्हौरी के प्रसिद्ध शिलानाथ मंदिर तक गई जहां पवित्र शिव पोखर में जलभरी के बाद पुनः यह यात्रा खरौनी ब्रह्मस्थान परिसर में पहुंची जहां निर्धारित स्थान पर सभी कलश को स्थापित कर आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच इस महायज्ञ का शुभारंभ किया गया । इस कलश यात्रा के दौरान सभी महिलाएं पीला व लाल वस्त्र धारण की थी। बैंड बाजे के साथ निकाली गई इस कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या महिलाओं के साथ-साथ पुरुष और बच्चे भी शामिल थे। यह यज्ञ 28 मार्च से आरंभ होकर 5 अप्रैल तक चलेगा इस यज्ञ का मुख्य आकर्षण झूला, मीना बाजार और दिन में विद्वानों का प्रवचन तथा रात में वृंदावन से आए कलाकारों के द्वारा की जाने वाली रासलीला है। इस कलश यात्रा के दौरान शिल्हौरी में सड़क किनारे मुखिया अमित राय के द्वारा कलश यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था कराई गई थी। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से वीरेंद्र शाह, धीरेंद्र राय ,मंटू राय सहित अन्य कई लोग सक्रिय भूमिका में दिख रहे थे।

### लूट कांड का अपराधी गिरफ्तार, मोबाईल भी हुआ बरामद

छपरा। इसुआपुर थाना लूट कांड के फरार अपराधी सिददू सिंह को लूटी गई मोबाईल के साथ गिरफ्तार करने में सारण पुलिस को कामयाबी मिली है। इस मामले में इसुआपुर थाना कांड संख्या 16/24 दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार अपराधी के पास से लूटी गई मोबाइल भी बरामद हो गया है। मामला 60000 नगद एवं मोबाईल लूट का था। एसपी कार्यालय के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार सिददू सिंह को इसुआपुर हाई स्कूल नहर के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी इसुआपुर थाना अंतर्गत सतासी गांव का निवासी बताया गया है, जो जितेंद्र सिंह का पूत्र है। पूर्व में भी इसका आपराधिक रिकार्ड रहा है।

# दलित परिवार के साथ मारपीट को लेकर मुकदमा हुआ दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के पत्थल कट्टी गांव में दलित परिवार के घर में घुसकर मारपीट किए जाने के मामले को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू पुलिस से की गई शिकायत में पीड़िता कलवतीया देवी पति मनोज मांझी ने कहा है, कि हम लोग अपने परिवार के साथ घर पर थे तभी अचानक लाठी डंडे व धारदार हथियार के साथ एजाज मियां, अख्तर मियां अवसर मियां, मो.डाउन, कमरू मियां, ताज अंसारी सहित कई लोग मेरे घर पर चढ़ गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया और मेरे पति मनोज मांझी के साथ मारपीट शुरू कर दिया. महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने मारपीट कर मेरे पति को लहूलुहान कर दिया वह जमीन पर गिर गए इसके बाद वे लोग बुरे नियत से मेरा बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया और मेरे कपड़े फाड़ दिए. इतना ही नहीं उक्त लोगों ने मेरे गले से चांदी की सीकरी एवं करीब 2500 रुपए नगद भी छीन लिया। हल्ला हंगामा होने के बाद जब ग्रामीण जनता आने लगे तो वह वहां से सभी लोग भाग निकले। महिला ने पुलिस को कहा कि सभी आरोपी ताड़ी पीने के लिए आए हुए थे. गांव वालों ने उन्हें भगा दिया था. इसी बात को लेकर वह नाराज थे, और उन्होंने मारपीट शुरू कर दिया। इधर थानाध्यक्ष सह आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि महिला के शिकायत पर पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा कि मारपीट की इस घटना में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी बहुत जल्द की जाएगी.

# उपविकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रियंका रानी द्वारा आज 19- महाराजगंज लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के निमित 115- बनियापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मशरख प्रखंड के ग्राम पंचायत चांद कुदरिया में मतदान केंद्र संख्या 01-07 तक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निम्न निर्देश दिए गए- मतदान केन्द्रों पर आधारभूत संरचना तथा उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक सत्यापन कर पेयजल, शौचालय, उपयुक्त प्रकाश एवं विद्युत की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए छायादार स्थान, निःशक्त मतदाताओं के लिए रैंप, मतदान के लिए आवश्यक फर्निचर की उपलब्धता/व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित सेक्टर पदाधिकारी को निर्देशित किया गया ताकि मतदाता मतदान दिवस पर सुचारू और बिना किसी परेशानी के सुविधाजनक रूप से अपना मत डाल सके।

# पटना के सिने पोलिस में हुआ सुपर स्टार रवि किशन की फिल्म महादेव का गोरखपुर का भव्य प्रीमियर

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। गोरखपुर सांसद व अभिनेता रवि किशन अभिनीत फिल्म ‟महादेव का गोरखपुर” भव्य प्रीमियर आज पटना के सिने पोलिस में संपन्न हुआ, जहां अभिनेत्री मानसी सहगल, इंदु तम्बी, अभिनेता केयान, सिनेपोलिस के सीईओ मयंक श्राफ ,टाइम्स म्यूजिक गौरी यडवालकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिनेत्री मानसी सहगल ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा इतिहास की सबसे अद्भुत फिल्म है। इस फिल्म को बेहद बारीकी से तराशा गया है, जो दर्शकों को मनोरंजन के उच्च मानदंडों से रूबरू कराएगा। इसमें मेरी भूमिका भी शानदार है। फिल्म में रवि किशन मुख्य भूमिका में है जिनके साथ काम करने का अनुभव बेहद खास रहा। वहीं, इंदु तम्बी ने कहा कि यह फिल्म करके में बेहद खुश हूं। आज इसी के बदौलत पटना आई हूं। यहां के लोग बड़े प्यारे हैं। पटना की जनता का प्यार मिला, तो फिर हमारी फिल्म को सुपर हिट होने से कोई रोक नहीं सकता। इससे पहले रवि किशन ने फोन के जरिए कहा कि यह फिल्म अदभुत बनी हैं। इस फिल्म को हर देशवासियों को देखना चाहिए। ऐसी फिल्में रोज नहीं बनती। यह सिर्फ फिल्म नहीं, कला की एक अनोखी कृति है, जो भारतीय सिनेमा उद्योग को ख्याति को बढ़ाएगा। साथ ही यह भोजपुरी को नई पहचान दिलाएगा। यह पहली फिल्म होगी, जो अमेरिका में भी रिलीज हो रही है। साथ ही देश के बड़े मल्टीप्लेक्स में एक साथ रिलीज होगी। यह सभी कलाकारों के लिए भी उत्साहजनक है। हम दर्शकों से अपील करेंगे कि बाबू इस फिल्म को आप सभी लोग मिलकर 29 मार्च से जरूर देखें।

# जेईई मेंस में 98 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सितेश को एसएवी स्कूल द्वारा किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। स्थानीय शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसएवी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त सीतेश कुमार को गुरुवार के दिन विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। स्मरणीय है कि सितेश ने जेईई मेंस में 98.72 परसेंटाइल के साथ सफलता प्राप्त की है। सितेश शहर के लक्ष्मीपुर निवासी राजेश कुमार गुप्ता के पुत्र है। सितेश जेईई में सफलता के बाद होली की छुट्टी में पहली बार घर आया है। जहा विद्यालय परिवार द्वारा सितेश को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सितेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी प्रारंभिक शिक्षा को तथा स्कूल के शिक्षको को दिया। उसने बताया अभी मेरा पूरा ध्यान जेईई एडवांस जो कि 8 अप्रैल को होने वाली है उस पर केंद्रित है। सितेश के पिता राजेश गुप्ता ने बताया कि मैं पहले अपने बच्चो के पढ़ाई के लिए चिंतित रहा करता था। परंतु इस विद्यालय के रूप में मुझे सही विद्यालय मिला, जहां पढ़ाई कर के हमारा बच्चा सफल हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य साइमन रेक्स तथा प्रबंधक श्री अरविंद कुमार सिंह एवं अशोक कुमार सिंह ने विद्यालय द्वारा मोमेंटो देकर सीतेश को सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विक्टर डेका, मंदीप गुप्ता, इंद्र सर्राफ, विकास सिंह, विपिन तिवारी, केशव सिंह, कृष्णा कुमार, रामभरोष कुमार, नसीम अख्तर, अतुल सर्राफ, नेहा कुमारी, काम्या कुमारी, साक्षी कुमारी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित थे। सभी ने अच्छे आचरण के साथ देश समाज तथा रक्सौल का नाम रौशन करने की शुभकामना दी ।

## संक्षिप्त खबरें

### कच्छवां पुलिस ने तीन वारंटी सहित एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

काराकाट(रोहतास)। कच्छवां पुलिस ने शराब मामले के एक आरोपी सहित तीन वारंटी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया की बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त विकाश कुमार पिता कामेश्वर सिंह को थाना क्षेत्र के खिरियाव में उनके घर से गिरफ्तार किया गया । वहीं कछवां से वारंटी महबूब अंसारी पिता रामानुजन अंसारी, नौशाद मियां पिता मोहर्रम मियां, जहीर मियां पिता मोहर्रम को गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया । थानाध्यक्ष ने बताया की गिरफ्तार चारो आरोपियों को जांचोंप्रांत जेल भेज दिया गया।

### प्रेमी युगल को पुलिस ने गुजरात प्रदेश के सुरत से किया गिरफ्तार

काराकाट(रोहतास): काराकाट थाना क्षेत्र के सुकहरा डिहरी से फरार प्रेमी युगल को काराकाट पुलिस ने गुजरात प्रदेश सुरत से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि सुकहरा निवासी राजेश कुमार पिता श्रीभगवान साह अपने हीं गांव के एक नाबालिग लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाकर लेकर फरार हो गया था। इस संबंध में लड़की के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। तकनीकी अनुसंधान के तहत मोबाइल ट्रेस के आधार पर दोनों को गुजरात प्रदेश के सुरत से गिरफ्तार कर लिया गया। लड़के को जेल भेज दिया गया है। लड़की को 164 के बयान के लिए न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### शराब के साथ वारंटी और शराबी को पुलिस ने भेजा जेल

करगहर (रोहतास) लोगों को पता है कि बिहार में शराबबंदी का दौर चल रहा है। इसे पालन करने के लिए पुलिस प्रशासन को आला अधिकारियों के द्वारा सख्त दिशा निर्देश भी दिया गया है। इसके बावजूद भी पूरी नियम कानून को ताक पर रखकर शराब माफिया शराब बेचने व पियक्कड़ लोग शराब पीने से बाज नहीं आ रहें हैं। रोहतास जिला अंतर्गत ग्राम धरहरा से पुलिस ने एक इश्तेहार वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अर्जुन सिंह पिता ललन सिंह ग्राम धरहरा थाना करगहर जिला रोहतास बताया गया। दूसरा मामला प्रखंड करगहर ग्राम पंचायत बकसडा का है। बकसड़ा मे स्थित विद्यालय के पास रखे पुआल में शराब माफियाओं द्वारा कुल मिलाकर 10.44 लीटर विदेशी व 1.4 लीटर देसी शराब को पुलिस ने रखे पुआल में से उखाड़ डाली। लेकिन शराब माफिया का पता नहीं चला। इधर पुलिस द्वारा मध निषेध अधिनियम के तहत कांड संख्या 102/24 30थ के आलोक में विधिवत अग्रिम उचित कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्व के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, दर्जनों जख्मी

इटाढ़ी (बक्सर) स्थानीय थाना क्षेत्र में होली त्योहार को लेकर मंगलवार की रात पूर्व के विवाद को लेकर अतरौना गांव में मारपीट हुआ। जिससें दर्जनों लोग जख्मी हो गया। जहां पुलिस ने मारपीट के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि होली त्योहार के रात अतरौना में पूर्व विवाद को लेकर मारपीट में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें प्रमोद राम, अखिलेश कुमार, सोमनाथ राम व अजित कुमार शामिल है।

### सड़क दुर्घटना में एंबुलेंस चालक की मौत

चौसा (बक्सर) होली पर्व पर चौसा निवासी सह एंबुलेंस चालक गंगा सागर मिश्र की लाढपुर के समीप बेलेरो की टक्कर में मौत हो गई। गंगा सागर मिश्र अपनी पत्नी को पवनी नैहर में पहुंचाकर वापस कमरपुर होते हुए चौसा वापस लौट रहे थे तभी बेलेरो उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गया। होली पर्व पर सन्नाटा होने के कारण कुछ देर बाद राहगीर द्वारा 112 पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने अस्पताल में पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शोक संवेदना प्रकट करते हुए मंडल महामंत्री अंशु पाण्डेय, कमलेश हिन्दू ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना थी। कोचाढ़ी में 50 वर्षीय किसान केदार राय की विद्युत करंट से मौत हो गई। वह बधार में खेत पर गए थे। जहां पर हाइटेंशन के लटकते तारों के स्पर्श में आ गए थे।

### लोकसभा में शिवेश राम और मिथिलेश तिवारी के प्रत्याशी बनने पर लोगों में खुशी

सासाराम (रोहतास) भाजपा रोहतास जिला इकाई द्वारा भाजपा के दो संघर्षशील कार्यकर्ता वर्तमान में प्रदेश भाजपा महामंत्री सासाराम सुरक्षित सीट से शिवेश राम और बक्सर से मिथलेश तिवारी को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व को कोटि कोटि साधुवाद दिया।

# मतदाता को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर किया जा रहा प्रेरित

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त भोजपुर जिला अंतर्गत स्वीप कोषांग के अन्तर्गत चल रही गतिविधियाँ जिला स्तरीय स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तर पर मतदाता को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप के तहत पोलिंग स्टेशन अंतर्गत मतदाताओं को मतदान हेतु पोलिंग स्टेशन की संख्या जहाँ जागरूकता कार्यक्रम किया गया : -37 & 38 पोलिंग स्टेशन का नाम : उमरांव गंज पंचायत - करजा , शाहपुर एवं परियोजना उदवन्तनगर के सेविका और सहायिका द्वारा शाला पूर्व बच्चों के अभिभावकों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया एवं जीविका दीदी द्वारा मतदाता शपथ का आयोजन किया गया जिससे मतदाता अधिक मात्रा मे मतदान कर सके। साथ -ही -साथ स्वीप कोषांग के तरफ से आवश्यक निर्देश भी दिया गया है । एक प्रतिभागी एक रील को ग्रुप एक ही बार भेजें। किसी भी प्रतिभागी का रील 2 मिनट से ज्यादा का नहीं होना चाहिए। किसी भी प्रतिभागी के रील में किसी भी राजनीतिक पार्टी या दल और संप्रदाय या धर्म का जिक्र नहीं होना चाहिए।

## शरारती तत्वों ने वकील से मांगी रंगदारी, कार्यालय को तोड़ा

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित निजी वकील की प्रैक्टिस कार्यालय को असामाजिक तत्वों ने तोड़ किया बर्बाद। इस संबंध में शहर के उतरी आस्कामिनी नगर निवासी पीड़ित वकील सुनील कुमार ने बताया कि होली पर्व से पहले नगर परिषद क्षेत्र के गोसाई मुहल्ला में रहने वाले कुछ की संख्या में शरारती तत्व उसके झोपड़ीनुमा निजी प्रैक्टिस कार्यालय पहुंच गाली गलौज करते हुए रंगदारी की मांग कर रहें थे। लेकिन वकील ने रुपए देने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद शरारती तत्वों ने वकील को धमकी देते हुए निकल पड़े। वही होली पर्व के बाद अनुमंडल कार्यालय खुलते ही जब वकील अपने निजी प्रैक्टिस कार्यालय पहुंचे तो उसके कार्यालय को शरारती तत्वों ने तोड़ कर बर्बाद कर दिया था। जिस घटना में उसके कार्यालय में रखें हजारों की संपति बर्बाद हो गई।

इस घटना के संबंध में वकील सुनील कुमार ने स्थानीय प्रशासन को सूचना देते हुए तीन नामजद आरोपी अभिलाप राय, शिवजी प्रसाद,पिंटू सिंह सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई का मांग की है। वही थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि वकील के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर स्थानीय पुलिस आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## श्रीराम कथा सह रूद्र यज्ञ को लेकर निकली जलयात्रा सह शोभायात्रा

बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज प्रखंड के खैरा भूधर पंचायत के निज ग्राम खैरा भूधर में यज्ञ एवं कथा की शुभारंभ से पूर्व शोभा यात्रा एवं जलभरी मन्ना पोखरा बहुआरा के मंदिर के पास किया गया । शोभायात्रा के दरम्यान श्रद्धालु श्रद्धा से ओतप्रोत उद्घोष लगा रहे थे । यज्ञ का अनुष्ठान सुबह से ही वैदिक रीति से प्रारंभ हुआ । यज्ञ समिति के अनुसार श्रीराम कथा का आयोजन 28 मार्च से 3 अप्रैल तक लगातार 3 बजे से 7 बजे रात्रि तक चलेगा । मौके पर अमरेश पांडेय , सुधीर पांडेय , नवीन चंद्र साह , राकेश शर्मा , पुष्पा पटेल , पूनम , शिवाजी , उत्पल कांत , गौतम तिवारी, मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ,रिंकी , अमर , सूरज शुक्ला ,जनार्दन ठाकुर , कालिका ठाकुर ,संजय तिवारी , वार्ड सदस्य अनिल सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग उपस्थित थे ।

## भोजपुर में सभी कोषांग के पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। राज कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह - जिलाधिकारी एवं विक्रम विरकर उप विकास आयुक्त, भोजपुर की संयुक्त अध्यक्षता में 32-भोजपुर, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं बिहार उप विधानसभा 195 - अगिआँव ( अ० जा० ) के सफल निर्वाचन के लिए जिला सभागार भोजपुर में सभी कोषांग के पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण में C - vigil कोषांग द्वारा बताया गया कि निर्वाचन सें संबंधित सभी तरह की शिकायत या नियम के उल्लंघन करने पर C - vigil द्वारा शिकायत दर्ज ऑनलाईन App के माध्यम से कर सकते जिस शिकायत को शिकायतकर्ता के लोकेशन के आधार पर 24 घंटे के अन्दर निष्पादन कर दिया जाएगा। EVM से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई जिसमे P3 लेवल पर निर्वाचन किया जाएगा साथ - ही - साथ ये भी बताया गया कि मतदान केन्द्र के स्थानीय या उस विधानसभा के अंतर्गत होना चाहिए इस लोकसभा निर्वाचन में प्रावधान किया गया है।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में वृद्ध, विकलांग व्यक्तियों के लिए घर पर ही मतदान करने का प्रावधान किया गया है। इस प्रशिक्षण मे कोषांग के नोडल पदाधिकारी , सहायक नोडल पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी , जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं विभिन्न कोषांग के प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों आदि उपस्थित थे ।

## अयोध्या धाम में हुआ लोक नाटक गंगा स्नान का मंचन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। शांति कल्चरल फाउंडेशन, अयोध्या द्वारा आयोजित 28 से 31 मार्च 2024 तक चलने वाले 6 वा नाट्य मेला, गोसाई गंज अयोध्या की प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी आरा के चर्चित लोक नाटक " गंगा स्नान " से हुआ। भिखारी ठाकुर की अमर कृति " गंगा - स्नान को निर्देशित किया है प्रसिद्ध युवा निर्देशक मनोज कुमार सिंह ने। कार्यक्रम के संयोजक व रंगमंच के प्रसिद्ध प्रकाश निर्देशक अयोध्यानिवासी जय कुमार भारती ने कहा कि आज "गंगा -स्नान " नाटक की देश में सर्वत्र चर्चा है। इस नाटक की प्रसिद्धि को सुन हमने इस नाटक को आमंत्रित किया था। भिखारी ठाकुर की इस अमर रचना को अवधवासी आजीवन याद रखेंगे।

नाटक के निर्देशक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भगवान राम की नगरी से निमंत्रण मिला और हम सभी कलाकर यहां हाजिरी लगाने आ गए। नाटक में मुख्य भूमिका निभा रही रागिनी कश्यप, ऋतू पाण्डेय, आशा पाण्डेय ने बताया कि भगवान श्री राम के पावन धाम में गंगा स्नान की प्रस्तुति करना हम सभी कालकारों के लिए सौभाग्य की बात है।

नाट्य दल में प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी के सचिव कमलेश कुंदन, राजा बसंत बहार, सूरज कांत पाण्डेय, दीपू कुमार, साहेब लाल यादव, लड्डू भोपाली, सुंदरम, मुकेश मुस्कान, निराला यादव, अर्पणा पाण्डेय आदि शामिल रहें।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक कि मौत एक गंभीर रूप से जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। पटना-बक्सर फोरलेन के कोइलवर थाना क्षेत्र के मनभावन मोड़ पर दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक पर सवार दो युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद दोनो को राहगीरों और पुलिस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोइलवर लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें सादर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया। बुरी तरह जख्मी दोनो युवकों की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के भदवर दलित टोला निवासी शिवकुमार मांझी के 20 बर्षीय पुत्र सन्नी मांझी और शिवराज मांझी के 21 वर्षीय पुत्र विक्रम मांझी के रूप में की गई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मनभावन मोड़ पर आरवन फाइव बाइक पर सवार दो युवक कोईलवर से आरा की ओर जा रहे थे। जो विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से टकरा गयी। जिस बाइक से टकराया उस पर सवार लोग तो बाच गए, लेकिन आरवन फाइव बाइक असंतुलित होकर फिसल गयी। जिसके बाद उक्त बाइक पर सवार दोनों युवक मनभावन मोड़ पर खड़ी घरेलु एलपीजी गैस गाड़ी के नीचे चले गये। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए पीएचसी कोईलवर लाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा उमेश कुमार सिंह, फार्मासिस्ट दिलीप कुमार ने दोनों जख्मी का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सादर अस्पताल आरा रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ विजय कुमार मिश्र, सर्किल इंस्पेक्टर संजीव कुमार, थानाध्यक्ष नरोतमचन्द्र मौके पर पहूंचे। डा उमेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार के समय दोनों जख्मी की स्थिति काफी क्रिटिकल थी, सिर के अंदरूनी हिस्से में चोट लगी है। एक्सरे के बाद जख्मी का पता चल पाएगा। आरा इलाज के दौरान एक युवक सन्नी की मौत हो गई वही दूसरे युवक की स्थिति को चिंताजनक देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में अब गैस चूल्हे पर बनेगा पोषाहार : सीडीपीओ

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को गैस कनेक्शन व मिला गैस चूल्हा रेगुलेटर व पाइप



संझौली(रोहतास)। संझौली बाल विकास परियोजना के कार्यालय से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के आंगनबाड़ी सेविकाओं को गैस कनेक्शन व सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सीडीपीओ सुषमा भालेरिया टोप्पो ने बताया कि सरकारी निर्देशानुसार गैस कनेक्शन,गैस चुल्हा के साथ रेगुलेटर पाइप का वितरण किया जा रहा है। इससे पहले आंगनबाड़ी केंद्रों पर लकड़ी के जलावन से पोषाहार तैयार किया जाता था। जिससे नौनिहालों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना बनी रहती थी। जिसे लेकर सरकार ने धुआं मुक्त आंगनबाड़ी केंद्र रखने का प्रावधान किया। इसे लेकर गुरुवार को 41 सेविकाओं के बीच गैस चुल्हा के साथ पाइप व रेगुलेटर दिया गया। शेष बचें 40 सेविकाओं को अगले दिन वितरित किया जाएगा। इसके बाद गैस संचालक के कर्मियों द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर डबल गैस सिलेंडर, निर्धारित तिथि के अनुसार पंचायतवार गैस वाहन की गाड़ी से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुचाया जाएगा। सीडीपीओ ने कहा कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर गैस चूल्हे पर पोषाहार बनेगा। इससे सेविका और सहायिका को धुएं से निजात मिलेगी। सेविकाओं को गैस चूल्हे के उपयोग के समय बरती जाने वाली सावधानी के बारे में भी बताया। सीडीपीओ ने कहा कि लकड़ी जलाकर पोषाहार बनाने के समय निकलने वाले धुएं से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। इससे निजात के लिए गैस चूल्हा का उपयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द गैस चूल्हा व सिलेंडर का वितरण कर दिया जाएगा। उन्होंने ने सेविकाओं को भी कई निर्देश दिए। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी ने कहा कि सेविकाएं अपने बच्चे की तरह आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों की देखभाल करें। उन्हें पोषणयुक्त भोजन खिलाएं। केंद्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। वहीं जिसका शुभारंभ सीडीपीओ मैडम ने किया। जिसमें भारत कम्पनी के दो सिलेंडर, रेगुलेटर व पाइप के साथ पासबुक दिया जाएगा। वही सेविकाओं ने कहा कि अभी तक कोयला या फिर लकड़ी पर बच्चों के लिए भोजन बनाना पड़ता है। इससे धुंआ अधिक होता है और हम लोगों के स्वास्थ पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अब भारत कंपनी के गैस पर बच्चों के लिए भोजन बनाने से सेविकाओं को राहत मिलेगी। साथ ही बच्चों को भी गर्म और अच्छा भोजन मिल सकेगा। मौके पर सेविका उर्मिला कुमारी, संगीता कुमारी, नीतू कुमारी, रिंकू कुमारी, नीतू कुमारी, संध्या कुमारी, रीता कुमारी, हिरामुन्नी देबी, मधु कुमारी सहित दर्जनों सेविका मौजूद थी।

## घर का ताला तोड़ चोरों ने आभूषण सहित नगद रुपए उड़ाया

प्रात : किरण संवाददाता



डेहरी (रोहतास) डेहरी नगर टीओपी थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित लाला मुहल्ला में गांव पर होली मनाने पुरे परिवार के साथ गये एक घर में घूस कर 45 लाख से अधिक के आभूषण सहित नगदी 50 हजार रुपए अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा लिया गया। घटना की जानकारी गृह स्वामी द्रुप सिंह को उस समय हुई जब टीपा गांव से लौटने के बाद बुधवार की शाम गेट में ताला खोलने गए । उन्होंने बताया की ताला उनसे नहीं खुला तो उन्होंने आसपास के लोगों और पुलिस दोनो को इसकी जानकारी दी ।

जिसके बाद पुलिस के मैजूदगी में ताला को तोडा गया तो देखा गया की खिडकी ग्रिल टूटा हुआ है। और उपर के फ्लोर के कमरा में रखे अलमारी खुला पडा है। आलमिरा में रखा लगभग 45 लाख रुपए से अधिक की आभूषण व नगदी 50 हजार रुपए नहीं है। गृह स्वामी द्रुप सिंह व भाई दिलिप सिंह ने बताया कि होली के त्योहार में पूरे परिवार के साथ 24 मार्च को घर गये थे। जब होली मना कर बुधवार को लौटा तो देखा की गेट बंद है। लेकिन ताला नहीं खुल रहा है। जिसकी तत्काल जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस के मौजूदगी में मुख्य गेट का ताला तोडा गया।

## होली महोत्सव समाप्त होने के साथ हीं चैता गायन हुआ प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) : लोक संस्कृति में गीत- संगीत के बहाने ढूंढे जाते रहे हैं । ऐसे में मधुमास कहे जाने वाले चैत की पहचान ही गीत- संगीत से होना अस्वाभाविक नहीं । हम सब सहज ही याद कर सकते हैं कि होली गायन का समापन होली के दिन होता है और इसी के साथ चैता गायन की शुरूआत भी हो जाती है । उतरल फगुनवा चईत चढ़ आइल हो रामा, अमवां में लउकता टिकोरवा, हो रामा । पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष तिथि प्रतिपदा से नया वर्ष शुरू होता है। नई फसल के घर आने का भी यहीं समय होता है।

जिसका उल्लास चैता में स्वर पाता है । चैता गायन की शुरूआत आदि शक्ति के स्मरण के साथ होती है। पहले सुमिरिला आदि भवानी ए रामा कंठे सुरवा। कंठे सुरवा होखना सहईया, ए रामा कंठे सुरवा। इसके बाद भूमि की आराधना की जाती है। स्वभाविक भी है, चैता अमूमन मंच पर नहीं जमीन पर बैठकर ही गाने की परंपरा रही है और जिस भूमि पर बैठकर सुर साधे जा रहे हों, उसका नमन कैसे भूलाया जा सकता। ह्यए रामा, सुमिरींले ठुइयां, सुमिरि माता भुइयां हो रामा, एहीं ठहिएं, आजु चइत हम गाइब हो रामा, एही ठहिएं।

चैत का महीना बहुत से धार्मिक पर्वो एवं भावनाओं से जुड़ा है। वह विविधता चैता में भी दिखती है। इसमें राधा-कृष्ण की भी चर्चा मिलती है, शिव-पार्वती की भी और तमाम लोकगीतों की तरह अपने प्रेम-विरह, सुख-दुख को तो यहां स्वर मिलते ही हैं। हो रामाह्य तो चैता का टेक ही होता है, रामनवमी के दिन चैता गाने का एक विशेष उत्साह भी होता है, जो रामजन्म एवं उनके जीवन की अन्य घटनाओं से संबद्ध रहता है। ह्यरामा चढ़ले चइतवा राम जनमलें हो रामा, घरे-घरे बाजेला अनंद बधइया हो रामा, दशरथ लुटावे अनधन-सोनवा हो रामा, कैकयी लुटावे सोने के मुनरिया हो रामा। यह अपने आप में गायन की अद्भुत परंपरा है, जहां वीर रस और श्रृंगार रस समाहित होते हैं। चैता का कमाल यह है कि नगाड़ा, मृदंग और डफ जैसे वाद्य भी प्रेम का सुर बिखेरते हैं। इसका एक स्वरूप चैती भी है, जो अकेले भी गाई जाती है, लेकिन हमारे तमाम लोक गीतों की तरह चैता की भी विशेषता इसकी सामूहिकता है। हालांकि शायद अब भी कहीं-कहीं औपचारिकता बच रही हो, कुछेक वर्ष पहले कई स्थानों पर सड़कों के किनारे दरी-चादर बिछाकर सैकड़ों लोगों को एक साथ चैता गाते देखा और सुना जा सकता था, अहले सुबह तक। चैता गायन की गति और उत्साह का यही कमाल है कि सारे काम निपटा कर जब रात में गायन की शुरूआत होती तो सूर्योदय कब हो जाता शायद ही लोगों को अहसास हो पाता। चैता का कमाल यह है कि इसके समूह में हर कोई गायक है, हर कोई वादक है। इसके उत्साह का अहसास कोई सिर्फ चैता सुनकर नहीं कर सकते। वास्तव में उस ऊर्जा, आनंद और उत्साह का अहसास बगैर उस समूह का हिस्सा बने नही किया जा सकता।

## रामपुर प्रखंड के निरबिसपुर गांव में पारंपरिक चैता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

### जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल को ग्रामीणों ने मुरेठा बांधकर किया सम्मानित



कैमूर। रामपुर प्रखंड के निरबिसपुर गांव में फाग के मदमस्त महीने में कैमूर जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह को ग्रामीणों ने मुरेठा बांधकर सम्मानित किया। फागुन मास समाप्त के दौर के बाद चैत महीना में चैता गीतों का पारंपरिक आनंद का लुफ्त उठाया। चैता प्रोग्राम में दूर दराज एवं आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों ने पहुंचकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया। जिला पार्षद विकास सिंह ने कहा की निरबिसपुर गांव में लंबे वर्षो से चैता का प्रोग्राम होते रहा है। उन्होंने कहा कि पारम्परिक चैता आरंभ होने से अपने बुजुर्गो की इतिहास याद आता है। उक्त अवसर पर डबलू तिवारी, आनंद कुमार दिनकर, सुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने चैता का आनंद उठाया।

## चित्रकला जीविकापार्जन का भी है साधन : जितेंद्र कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला कार्यशाला के दूसरे दिन आज 47 बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया। इसमें जाने-माने चित्रकार कौशलेश कुमार अपनी टीम के सदस्यों रूपा कुमारी, रुखसार परवीन एवं मीरा पांडे आदि के साथ रंगों की बारीकियां को समझाया गया। उन्हें प्राथमिक रंग के साथ लाइट टू डार्क एवं कलर सेड के बारे में विस्तार पूर्वक प्रैक्टिकल के साथ बताया गया। रंगो के मौलिक ज्ञान से रूबरू कराया। आज अतिथि के रूप में साहित्यकार जितेंद्र कुमार बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह की चित्रकला कार्यशाला से साधनहीन एवं जागरूकता का अभाव वाले बच्चों को चित्रकला के प्रति रुझान बढेगा। एक तरह से देखा जाए तो नई आशा द्वारा आयोजित यह चित्रकला कार्यशाला कला कौशल की प्रतिभा का खोज है। इस तरह का आयोजन बार-बार होने से गरीब बच्चे कला का मर्म समझने के साथ जीविकापार्जन के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। भीम सिंह भवेश और चित्रकार कौशलेश कुमार जी के निर्देशन में दलित बच्चों के बीच आयोजित कार्यशाला पूरी तरह सफल है। इन्हें अगर भविष्य में अच्छे अवसर मिले तो इनमें से अच्छे कलाकार निकालेंगे, क्योंकि इनमें प्रतिभा है। स्वाभाविक प्रवृत्ति है चित्र बनाने की। इन्हें अवसर देकर आगे बढ़ाना चाहिए। आज कार्यशाला में बच्चों की संख्या और ज्यादा देखी गई। कल जिस जगह यह कार्यशाला छोड़कर गए थे, आज बच्चे बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कलाकारों द्वारा होमवर्क दिया गया था, उसको बहुत शिद्दत से तैयार करके लाए थे। बच्चे बहुत ज्यादा उत्साह में हैं। इनका उत्साह देखते हुए प्रतीत होता है कि है यहाँ आठ से दस दिनों तक कार्यशाला चलनी चाहिए। कल 29 मार्च इस कार्यशाला का आखरी दिन होगा। मौके पर मानस कुमार, सोना कुमारी, अंजली देवी, जय प्रकाश दास, अमन बिहारी आदि थे।

### गंगा घाट में नहाने के क्रम में डूबने से दो युवकों की मौत

बक्सर (शाहाबाद) औद्योगिक थाना क्षेत्र के उमरपुर गंगा घाट पर नदी में स्नान करने के दौरान दो युवकों के डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक दिग्विजय कुमार के 18 राहुल कुमार और वीरा राम के 19 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार अपने अन्य दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद गंगा स्नान करने उमरपुर घाट पर गए थे। स्नान करने के दौरान एक युवक गंगा की गहराई में चला गया। उसे बचाने के लिए गया दुसरा युवक भी गंगा नदी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी और लोग युवक को निकालते ग्रामीण। बचाने के लिए गंगा में कूद गए। काफी प्रयास के बाद युवकों को पानी से निकाला गया। ग्रामीणों ने दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में दोनों युवक के परिवार के साथ पुरे गांव में होली की खुशी गम में बदल गया। मौके पर पहुंचे एसडीओ धीरेन्द्र मिश्रा एवम औद्योगिक थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया की मझरिया के दो युवको का गंगा में डूबने से मौत हो गयी है।

# रॉड से किया वार, युवक की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

धनसोई (बक्सर) होली की देर रात डीएवी स्कूल के सामने मंगलवार की रात दो लोगों में मारपीट की घटना हुई जिसमे घायल युवक महेश कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। चिकित्सक की माने तो युवक के सिर में गहरी चोट लगी थी। मृतक महेश कुमार धनसोई निवासी विनोद साह का पुत्र था। वह उत्तर प्रदेश के बलिया में सीए का काम करता था। द्वारका पांडेय के साथ रुपये का लेनदेन था। जिसका तगादा करने वह पहुंचा हुआ था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने यह स्वीकार किया है कि उसने लोहे के राड से उसे मारा। पुलिस ने इस मामले में आरोपी द्वारका पांडेय को हिरासत में भी ले लिया है। पुलीस से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट में घायल युवक के चिल्लाने की आवाज सुनकर घरवाले आए फिर उसे अस्पताल ले गए जहा उसकी मौत हो गई वही पुलीस को भी सूचना देकर शव को पुलीस को सौप दिया गया। इस मामले में पुलीस ने मृतक के परिजनो के ब्यान के बाद परिवार के चार लोगो पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपित गिरफ्तार हो चुका है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को पुलिस द्वारा रात बारह बजे मिली. सूचना मिलते ही घर की महिलाओ का रो रो कर बुरा हाल हो गया। इसके बाद परिजनो द्वारा अस्पताल पहुंच कर शव की शिनाख्त किया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनो को सुपुर्द कर दिया।

बताया जाता है कि महेश एक दम शांत स्वभाव लड़का था उसे काम के अलावा कोई नशा नहीं था। अपने माता पिता और परिजनो से भी कम बात किया करता था। इसकी अचानक मौत से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट गया है। मृतक की बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनो के अनुसार महेश बलिया में रह कर जीएसटी से संबंधित कार्य सीए के साथ करता था। अपने पिता का सबसे बड़ा पुत्र था परिजनो का आरोप है कि हत्या में पूरा पांडेय का परिवार शामिल है। इस संबंध में एसपी मनीष कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी आरोपीत के परिजनो के द्वारा ही दी गई है। जो ईलाज के क्रम में मरे युवक को पुलीस को सौप दिया गया एवम आरोपित को भी पुलीस के हवाले किया गया है। एसपी ने बताया कि जांच चल रही है जो भी मामले से जुड़े सही आरोपित होंगे उन्ही पर कार्रवाई होगी।

# हर्ष फायरिंग में जख्मी बच्चा का लंबे ईलाज के बाद मौत

प्रात : किरण संवाददाता

### आक्रोशित परिजनों ने शव के साथ ओपी थाना को घेरा

सिमरी (बक्सर) विगत 4 मार्च को तिलक राय के हाता ओपी क्षेत्र गांव के नियाजीपुर गांव में हर्ष फायरिंग के दौरान एक बिट्टू कुमार पिता छोटे लालराम नामक बच्चा को गोली लगने से घायल हो गया था। जिसका ईलाज विगत 20 दिनों से पटना एम्स में चल रहा था। लेकिन मामला तब बिगड़ गया जब ईलाज के दौरान बच्चा की मौत हो गई। तादपश्चात मृतक के परिजन शव को लेकर हाता ओपी पहुंच हंगामा करने लगे। लिहाजा ओपी प्रभारी लालबाबू सिंह ने समझाबुझाकर किसी तरह परिजनों को शांत किया फिर मृतक के शव लेकर परिजन दांह संस्कार के लिए गए उनका आरोप है कि इस प्रकरण में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे है। लगभग बीस दिनों से उपर हो गए। मगर पुलिस के गिरफ्त से आरोपियों का बाहर होना ओपी पुलिस के साथ मिलीभगत को दशार्ता नजर आ रहा है।

यदि ओपी पुलिस अगले सात दिनों के अंदर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो पुलिस अधीक्षक बक्सर के कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा। बता दें कि नियाजीपुर पूर्व टोला निवासी मोहन पासवान के घर बारात आई हुई थी इसी बीच अवैध हथियार से बराती एवं घराती की ओर से हर्ष फायरिंग किया जा रहा था। बखेड़ा तब बन गया। जब एक बच्चा को पेट में गोली जा लगी। इसके बाद गांव में अफरातफरी चल गई। इस संबंध में ओपी प्रभारी लालबाबू सिंह का कहना है कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार घटना के दिन ही कर लिया गया था लेकिन अन्य आरोपी को गिरफ्तारी के छापेमारी चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेहरू युवा केंद्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

अरवल। नेहरू युवा केंद्र अरवल के तत्वावधान मे स्वच्छता अभियान के तहत कलेर प्रखंड क्षेत्र के मेहंदिया समेत कई जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया।इस स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कलेर नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक उर्मिला कुमारी द्वारा चलाया गयो मौके पर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक उर्मिला कुमारी ने बताया कि सफाई अभियान चला कर सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित किया गया।मौके पर उपस्थिति क्लब के सदस्य , समाजसेवी के साथ छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक को उपयोग नही करने शपथ ली।इस मौके पर रोशन कुमार ,बृजनंदन पासवान, तसत्यम कुमार ,रंभा कुमारी रिमझिम कुमारी ,वर्षा कुमारी, सृष्टि श्रीवास्तव ,हीरालाल पासवान बृजनंदन पासवान के अलावे अनेकों शामिलथे।

### पोक्सो एक्ट में सशर्म सजा एवं अर्थ दंड की सजा

छपरा कोर्ट।विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सह ए डी जे पष्ठम सत्य प्रकाश ने सोनपुर थाना कांड संख्या 281/22 पॉक्सो सत्र वाद संख्या 40/22 में सोनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर ग्राम निवासी दिलीप कुमार महतो को 354 भादवि के अंतर्गत सशर्म तीन वर्ष तीन माहकी कारावास और एक एक हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त एक माह की सजा और धारा 8 पॉक्सो एक्ट में भी 3 वर्ष 3 माह सशर्म कारावास और एक हजार अर्थ दंड की सजा सुनाया है।दोनो सजाए साथ-साथ चलेंगी अभियुक्त की जेल में काटी गई अवधि सजा में समायोजित कर दी जाएगी।न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 27 मार्च को दोनों एक्ट में दोषी करार दिया गया था।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पोक्सो सुरेंद्रनाथ सिंह एवं उनके सहयोगी अश्वनी कुमार ने न्यायालय में अभियोजन का पक्ष रखा और कुल 6 गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई थी।पुलिस ने 2 अगस्त 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया था। न्यायालय ने पीड़िता को बिहार सरकार से 50 हजार आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन पत्र भेजा है बताते चले की नाबालिक पीड़िता के पिता ने प्राथमिकी 24 अप्रैल 2022 को दर्ज कराया था।अपने प्राथमिकी में उसने दशार्या था की अभियुक्त द्वारा उसकी लड़की के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म किया गया था।

### आपसी विवाद में मारपीट कर तीन को किया घायल

दरियापुर।डेरनी थाना क्षेत्र के रामजीतपुर में आपसी विवाद में पड़ोसी ने दादी पोती सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया।घायलों में फूल कुमारी देवी,उसकी दादी व उसकी 14 वर्षीया बेटी शामिल है।इस संबंध में पीड़िता फूल कुमारी देवी के फर्द बयान के आधार पर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।दर्ज एफआईआर में उसने हमलावरों पर 80 हजार रुपए के गहने छीन लेने का भी आरोप लगाया है।पुलिस छानबीन कर रही है।

### बिजली विभाग के द्वारा कृषि फीडर को चालू न करने से किसानों में मायुसी

करपी, अरवल। प्रखंड के रामपुर चाय पंचायत में सिर्फ रामपुर चाय गांव को छोड़कर के पंचायत के अन्य गांव में अभी तक बिजली विभाग के द्वारा कृषि फीडर को नहीं चालू किया गया है !कृषि फीडर को नहीं चालू होने से कृषि कार्य में किसानों के द्वारा डीजल के माध्यम से सिंचाई की व्यवस्था होती है या भगवान भरोसे लोग पानी का इंतजार करते हैं !रामपुर चाय ग्राम में भी पूर्ण रूप से कृषि फीडर को चालू नहीं किया गया है ! कमोबेश बिजली विभाग की यही लापारवाही करपी प्रखंड के बंभई पंचायत के भी गांवों में देखने को मिल रहा है ! बंभई पंचायत के बसन बिगहा पान बीघा कसौटी सहित सभी गांवों में अभी तक बिजली विभाग के द्वारा कृषी कार्य के लिए न तो खंभा गाड़ा गया है।

### एणडीए उम्मीदवार के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री ने किया नामांकन

गया।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक जीतन राम मांझी ने एणडीए गंठबंधन के उम्मीदवार के रुप में अपना नामांकन किए,इस नामांकन मे बिहार सरकार के कयी वरिष्ठ नेता बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, जेडीयू मंत्री श्रवण कुमार,रालोसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा,लोजपा रामविलास के चीफ चिराग पासवान,सहीत प्रदेश और राष्ट्रीय नेता उपस्थित थे।इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि हर कोई कोई उम्मीद से चुनाव लडते है,मेरी राजनीति जीवन लंबा समय देते आ रहे है ।अब मेरी शेष वर्ष में जनता की सेवा के लिए लगाना है इसके लिए हम आज नामकरण कर रहे हैं।मै गठबंधन में रहा या नही रहा तभी मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे प्रतिष्ठा दी है।

# सरकार और राजभवन के समन्वय से उच्च शिक्षा में बिहार का प्रदर्शन अच्छा : डॉ. चन्दन कुमार यादव

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।जनता दल यूनाइटेड,बिहार के प्रदेश सचिव सह संगठन प्रभारी डॉ. चन्दन कुमार यादव, बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर भगवान विष्णुपद चिन्ह एवं अंगवस्त्र दे कर सम्मानित करते हुए पावन होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया, साथ हीं डॉ. यादव ने बिहार के विभिन्न विश्विद्यालयों के वर्तमान वस्तुस्थिति, वहाँ कार्यरत अधिकारियों के क्रियाकलापों से महामहिम राज्यपाल को अवगत करवाया है। डॉ.यादव ने कहा कि बिहार का यह स्वर्णिम संयोग है कि एक सकारात्मक व्यक्तित्व बिहार को राज्यपाल के रूप में मिला है, जिनके व्यवहार कुशलता और व्यक्तिगत प्रयास से सीमित संसाधनों के बावजूद भी बिहार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अन्य राज्यों के अपेक्षा तुलनात्मक आगे बढ़ रहा है । डॉ. यादव ने राज्यपाल को मगध विश्विद्यालय, बोधगया के कई अधिकारियों के क्रियाकलापों से भी अवगत करवाते हुए कहा है कि राजभवन और सरकार सकारात्मक प्रयास के साथ उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है ।मगर आये दिन अधिकारियों के मनमानी व्यवहार और गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विश्विद्यालय और कॉलेज कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

छात्र-छात्राओं में अपने भविष्य को लेकर चिंता है, उनके नामांकन, परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम में विलंब होना, परीक्षा शुल्क के साथ हीं डिग्री शुल्क जमा होने के बावजूद डिग्री के लिए सालों इन्तेजार करना और समय पर डिग्री नहीं मिलना यह सब बड़ी और चिंताजनक विषयों से भी महामहिम राज्यपाल को डॉ. यादव ने अवगत करवाया है ।

डॉ. यादव ने को अवगत करवाते हुए आग्रह किया है कि बिहार में 2005 से लोकप्रिय मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार ने बिहार का बागडोर संभाला, तब से अभी तक उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिवर्ष शिक्षा के बजट में करोड़ों रुपए का बढ़ावा कर रही है, सरकार का शुरूआती दिनों से हीं संकल्प रहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को उसका पुराना गौरव लौटाया जाए, नालंदा विश्विद्यालय, पाटलिपुत्र विश्विद्यालय, आर्यभट्ट विज्ञान विश्विद्यालय जैसे कई विश्वविद्यालयों के निर्माण उस संकल्प का जीवंत उदाहरण है । मगर कुछ अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार के साथ मनमानी और गैरजिम्मेदाराना रवैया के वजह से छात्र-छात्राओं के कल्याण एवं विश्विद्यालय के विकास की योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो पा रही है साथ हीं छात्र-छात्राओं को मूलभूत जरूरत के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

डॉ. यादव ने महामहिम से आग्रह किया है कि सभी विषय छात्र कल्याण एवं विश्विद्यालय से जुड़ा है और ऐसे में संबंधित अधिकारियों को विश्वविद्यालय से बाहर हीं रखना विश्विद्यालय और छात्र-छात्राओं के लिए हितकर होगा।

## आरंभिक प्ले स्कूल में तोड़ फोड़ करने वाले के विरूद्ध 4 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं



गया। डुमरिया कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा संचालित आरंभिक प्ले स्कूल डुमरिया में अज्ञात सामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ कर चैंबर में रखे नगद पैसे सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गई है। इस संबंध में आरंभिक प्ले स्कूल के प्रिंसिपल के द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन देकर सामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर गुहार लगाया है। जानकारी देते हुए बताया कि कुछ वर्ष पूर्व बिहार के मंत्री जीतन राम मांझी के द्वारा आरंभिक प्ले स्कूल का उद्घाटन कर इसकी शुरूआत की गई थी। जिसमें असहाय गरीब परिवार के बच्चे स्कूल में पढ़ने आते थे। उन्होंने कहा कि किसी को आपसी विवाद हो तो वैसे लोग हमसे मिलकर बैठकर बात कर लेते लेकिन आरंभिक प्ले स्कूल तोड़फोड़ कर चैंबर में रखे नगद रुपए चोरी करने से छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य से खिलवाड़ करना है। आरंभिक प्ले स्कूल खुलने से यहां के लोगों में काफी खुशी था। कि हमारे भी बच्चे अब प्राइवेट स्कूल की तरह आरंभिक प्ले स्कूल में निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरंभिक प्ले स्कूल क्षतिग्रस्त होने से बच्चों का शिक्षा पर काफी प्रभाव पड़ेगा। बीते 4 दिन के बाद भी अब तक पुलिस आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जल्द जल्द असमाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर स्कूल में हुए क्षतिग्रस्त का मुआवजा दिलाते हुए आरंभिक प्ले स्कूल को फिर से शुरू कराया जाए।

# गया संसदीय क्षेत्र से कुल 22 लोगों को नामांकन किए

गया ।20 मार्च बुधवार से नामांकन,नाम निर्देशन पत्र देने की प्रक्रिया चल रही थी'

-नामांकन एवं नाम निर्देशन का समय 11:00 बजे सुबह से 3:00 शाम तक

नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 28 मार्च गुरुवार था।

-नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 30 मार्च शनिवार ।- अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 2 अप्रैल मंगलवार

28 मार्च को प्राप्त सुचनानुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त की संख्या 19 है ' नाम निर्देशन पत्र

जीतन राम मांझी, पिता रामजीत राम मांझी, ग्राम महकार, खिजरसराय ने किया है। इनका दल सम्बद्धता हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा है।

कुमार सर्वजीत, पिता स्व राजेश कुमार, प्रखंड बोधगया ने किया है। इनका दल सम्बद्धता राष्ट्रीय जनता दल है।

कमलेश कुमार पासवान, पिता भूषण पासवान, ग्राम पुनावा वजीरगंज ने किया है। इनका दल सम्बद्धता जागरूक जनता पार्टी है। गिरिधर सपेरा, पिता कारू सपेरा, समरडीह चाकण्ड ने किया है। इनका दल सम्बद्धता दि नेशनल रोड मैप पार्टी ऑफ इंडिया है। आयुष कुमार, पिता मदन पासवान, ग्राम कठौतिया गुरुआ ने किया है। इनका दल सम्बद्धता अखिल भारतीय देशभक्त मोर्चा है। सुषमा कुमारी, पिता छोटेलाल दास, ग्राम न्यायीपुर चौसा बक्सर ने किया है। इनका दल सम्बद्धता बहुजन समाज पार्टी है। महेंद्र मांझी, पिता काली मांझी, ग्राम नौडीहा फतेहपुर ने किया है। इनका दल सम्बद्धता मूल निवास समाज पार्टी है।

सुरेन्द्र मांझी, पिता प्रभु मांझी, ग्राम बजराहा इलरा बोधगया ने किया है। इनका दल सम्बद्धता राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी है। संतोष कुमार, पिता रघुनाथ चौधरी, मोहल्ला शाहमीर तकिया दुर्गा स्थान ने किया है। इनका दल सम्बद्धता आम जनता पार्टी राष्ट्रीय है।

रंजन पासवान, पिता राम चन्द्र पासवान, ग्राम बारा चाकन्द ने किया है। इनका दल सम्बद्धता निर्दलीय है। देवेन्द्र प्रताप, पिता राम स्वरूप प्रसाद, ग्राम मुस्तफाबाद रामपुर गया ने किया है। इनका दल सम्बद्धता शोषित समाज दल है। रंजन कुमार, पिता श्याम सुंदर पासवान, ग्राम पिपराही गोह औरंगाबाद ने किया है। इनका दल सम्बद्धता निर्दलीय है। दीपू कुमार चौधरी, पिता दीनानाथ चौधरी, ग्राम केनी खिजरसराय ने किया है। इनका दल सम्बद्धता किसान संघर्ष समिति है। सुदेश्वर पासवान, पिता रौदी पासवान, ग्राम जमहेता फतेहपुर गया ने किया है। इनका दल सम्बद्धता संख्यानुपति भागीदारी पार्टी है। अशोक कुमार पासवान, पिता कृष्ण पासवान, पता मुरली हिल मालगोदाम गया ने किया है। इनका दल सम्बद्धता निर्दलीय है। अमरेश कुमार, पिता भगलु रजक, पता श्रीरामपुर शेरघाटी गया ने किया है। इनका दल सम्बद्धता निर्दलीय है।

शिवशंकर, पिता स्व० रामकिसुन मांझी, पता अदालतगंज हाई कोर्ट कॉलोनी पटना ने किया है। इनका दल सम्बद्धता भारतीय लोक चेतना पार्टी है। धीरेंद्र प्रसाद, पिता महावीर प्रसाद, पता तरेगनाडीह मसौढ़ी ने किया हैं। इनका दल सम्बद्धता लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी है। योगेंद्र कुमार, पिता कन्हाई रविदास, पता कुजापि चंदौती ने किया है।

## रामपुर प्रखंड के निरबिसपुर गांव में पारंपरिक चैता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कैमूर। रामपुर प्रखंड के निरबिसपुर गांव में फाग के मदमस्त महीने में कैमूर जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह को ग्रामीणों ने मुरेठा बांधकर सम्मानित किया। फागुन मास समाप्त के दौर के बाद चैत महीना में चैता गीतों का पारंपरिक आनंद का लुफ्त उठाया। चैता प्रोग्राम में दूर दराज एवं आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों ने पहुंचकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया। जिला पार्षद विकास सिंह ने कहा की निरबिसपुर गांव में लंबे वर्षो से चैता का प्रोग्राम होते रहा है। उन्होंने कहा कि पारम्परिक चैता आरंभ होने से अपने बुजुर्गो की इतिहास याद आता है। उक्त अवसर पर डबलू तिवारी, आनंद कुमार दिनकर, सुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने चैता का आनंद उठाया।

## कपड़ा व्यवसाई की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के शेखपुरा धूप गांव के शैलेन्द्र सिंह के एक दुतीय पुत्र कपड़ा व्यवसाई रणवीर कुमार उर्फ भोला 27 वर्ष की मौत हजारी बाग (झारखंड)में संदेहास्पद स्थिति में हो गई ।जिसकी सूचना मंगलवार को वहाँ के पुलिस ने परिजनों को फोन कर बताया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गई ।बुधवार की देर संध्या युवक का शव गांव में पंहुचा ।शव के आते ही अंतिम दर्शन के लिए लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी ।ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन पूर्व युवक मौसी की लड़की के शादी में गांव आया था ।इसके बाद बिजनेश सिलसिले से झारखंड चला गया ।युवक दो भाई में छोटा था।

इनके पिता मुम्बई में निजी कम्पनी में काम करते है ।युवक कपड़ा का ब्यवसाय कर घर परिवार चलता था ।मृतक युवक गांव के नवजवान मंडली में काफी लोकप्रिय था ।हर समाजिक कार्य मे गांव के नवजवानों के साथ चढ़ बढ़ कर हिस्सा लिया करता था ।इनके मृत्यु से गांव में मातम छाया हुआ है ।परिजनों के बीच तो दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है।

# बेटी वंदना के साथ करें हर काम की शुरूआत : तेजस्वी



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने समर्थकों को कहा है कि अपने हर काम की शुरूआत बेटी की वंदना करके ही करें। सोशल मीडिया अकाउंट पर तेजस्वी ने लिखा है -बिहार के उपमुख्यमंत्री ने नारी शक्ति और बिहार की बेटी को लेकर जो विवादास्पद और घृणाप्रद बयान दिया है वो भाजपा के चरित्र को चित्रित करता है। ऐसी सोच ना हमारे संस्कारों में है और ना बिहार की संस्कृति व संस्कारों में। मैं ईश्वर से प्रार्थना करूँगा कि उपमुख्यमंत्री और उनकी पार्टी को मातृशक्ति का सम्मान करने की सदबुद्धि आए। मैं समस्त कार्यकताओं और बिहारवासियों से भी आग्रह करता हूँ वो बेटी वंदना के साथ अपने हर कार्य का प्रारम्भ करें। बीजेपी ने बिहार में एक भी महिला को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाकर महिला विरोधी होने का परिचय दिया है। हमने पहले भी कहा था महिला आरक्षण बिल इनका ढकोसला था। बिहार की पहचान भाजपा नहीं है, बिहार ओछे बयान देने वालों की धरती नहीं है। बिहार माता सीता की जन्मस्थली है। बिहार बेटियों का, माताओं का, महिलाओं का सम्मान करने वाली पावन धरा है। हमारे संस्कार, हमारे आचरण, व्यवहार में मातृशक्ति का सर्वोच्च महत्व हैं और हमारे कार्य में इसकी झलक मिलती हैं। इसी कड़ी में बेटी वंदना हमारे बिहार की समृद्ध संस्कृति का आचरण करने की प्रेरणा देगी तथा मतिभ्रष्ट एवं पथभ्रष्ट भाजपा नेताओं को सही पथ पर आने के लिए प्रेरित करेगी।

## 60 लीटर देशी शराब जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

परसा ।गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने बहमाड़र में छापेमारी करते हुए अपाची बाइक के साथ 60 लीटर देशी शराब किया जब्त ।जबकि मौका का फायदा उठाते हुए बाइक चालक बाइक छोड़ भागने में सफल रहा ।पुलिस द्वारा बाइक स्वामी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है ।दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्तचर द्वारा सूचना मिली कि अपाची बाइक से देशी शराब बिक्री करने के लिए ले जाया जा रहा है ।जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए बहमाड़र में छापेमारी करते हुए ब्लू रंग के अपाची बाइक पर लदे उजला बोरा व बैग रखे 60 लीटर देशी शराब को जब्त कर लिया ।जबकि मौका का फायदा उठाते हुए बाइक चालक बाइक छोड़ फरार हो गया ।वही मामले में बाइक स्वामी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रहा है।

# किसानो के ऊपर प्रशासन द्वारा किए गए बर्बर पर सरकार के खिलाफ आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता



तेघरा । नरेंद्र दामोदर दास मोदी और नीतीश कुमार की डब्ल इंजन की सरकार के इशारे पर बक्सर जिला के चौसा प्रखंड अंतर्गत बनारपुर,मोहनपुरवां और कोच्चाढी में किसानो के ऊपर बक्सर जिला प्रशासन द्वारा किए गए बर्बर भीषण लाठी चार्ज,तोड़फोड़ एवं लूटपाट की सुनियोजित घटना के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के आह्वान पर आज तेघरा में पीएम और सीएम का होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि चौसा थर्मल पावर प्लांट के लिए किसानों से अधिग्रहित की गई जमीन का वाजिब मुआवजा आज तक किसानों को नहीं मिला। विगत 22 अक्टूबर 2022 से किसान अनवरत अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर 550 दिनों से धरना दे रहदेहै। बार-बार कंपनी और जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया,कंपनी द्वारा लिखित समझौता भी हुआ ।परन्तु आज तक उसे पूरा नहीं किया गया। जिला प्रशासन एक षडयंत्र के तहत चुनाव आचार संहिता लगने और होली में न्यायालय बंद रहने का अवसर चुनकर आतंकवादियों,नक्सलवादियों या भेटरेन अपराधकर्मियों की तरह किसान आंदोलन को कुचलने का षड्यंत्र रचा और 20 मार्च 2024 को उचित अवसर देख उसे अन्जाम देने की गुप्त साजिश रची। पहले आंदोलनकारी किसानों को प्रभोक करने की योजनानुसार किसानों को भद्दी-भद्दी गाली देकर उकसाया गया और फिर लगभग 500 एसटीएफ के जवानों को लेकर जिला के डीएम, एसपी, एसडीओ और डीआईजी के नेतृत्व में बनारपुर,मोहनपुरवां और कोच्चाढी गांव के निर्दोष किसानों के घरों पर आतंकवादियों की तरह हमला किया गया। क्या मनुष्य ?क्या जानवर ?, क्या पुरुष ? क्या महिला ?, क्या बूढ़े ? क्या बच्चा ?किसी को नही बक्सा। 2 साल के बच्चों से लेकर 90 साल की बूढी महिलाओं को भी नहीं छोड़ा ।बेरहमी के साथ लाठी से रौंदा गया। घरों में घुसकर घरों के सभी साजों-सामानों को तोड़ दिया। गाय,भैंस कुत्ता सभी माल-मवेशी को बेरहमी से पीटा गया ।बेशकीमती सामानों को खासकर गहना बगैर लूटकर चल दिया। आजाद भारत में जिला प्रशासन के नेतृत्व में इस तरह की आतंकी कार्रवाई की शायद यह पहली घटना है। बिहार राज्य किसान सभा इसकी सख्त निंदा करते हुए आज डबल इंजन की सरकार का होलिका दहन करने का फैसला लिया है। इस अवसर पर किसान सभा के कार्यकारी जिला सचिव दिनेश सिंह, पूर्व मुखिया अशोक सिंह,एटक नेता रविंद्र सिंह,कंचन सिंह,नौजवान नेता प्रदीप कुमार चिंटू ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुखाग्नि देकर होलिका दहन किसान नेता परमानंद सिंह ने की।

# पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

पटना। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड भारत में बीआईएस-पंजीकृत आउटलेट्स के सबसे बड़े बाजार महाराष्ट्र में जनवरी, 2024 तक स्टोरों की संख्या के मामले में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड के इनीशियल पब्लिक ऑफर में 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 8,500 मिलियन रुपए तक है और 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो कुल मिलाकर 2,500 मिलियन रुपए है। कुल ऑफर आकार में 10 रुपए के फैस वैल्यू के इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कुल मिलाकर 11,000 मिलियन रुपए तक हैं। बिक्री के प्रस्ताव में एसवीजी बिजनेस ट्रस्ट (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 10 रुपए के फेस वैल्यू के इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कुल मिलाकर 2,500 मिलियन रुपए तक हैं। आईपीओ के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग महाराष्ट्र में 12 नए स्टोर स्थापित करने, कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए किया जाना प्रस्तावित है। जनवरी, 2024 तक स्टोरों की संख्या के मामले में पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड महाराष्ट्र के प्रमुख संगठित आभूषण खिलाड़ियों में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, जो भारत में बीआईएस-पंजीकृत आउटलेट्स के लिए सबसे बड़ा बाजार है। वित्त वर्ष 21 और वित्त वर्ष 23 के बीच राजस्व वृद्धि के आधार पर, कंपनी भारत में प्रमुख संगठित आभूषण खिलाड़ियों के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाला आभूषण ब्रांड भी है।

# वी ने की अल्टीमेट एंटरटेनमेन्ट ऐप की घोषणा

पटना। जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज वी के सभी सब्सक्राइबर्स के लिए एंटरटेनमेन्ट के वन-स्टॉप डेस्टिनेशन वी मुवीज एण्ड टीवी को नए अवतार में पेश किया है। वी मुवीज एण्ड टीवी का नया अवतार एक ही प्लेटफॉर्म पर 13 से अधिक ओटीटी ऐप्स, 400 से अधिक लाईव टीवी चैनल्स तथा कई कंटेंट लाइब्रेरीज के कॉम्पलीमेंटरी एक्सेस के साथ मनोरंजन का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है ।प्रीपेड के लिए मात्र रु 202 और पोस्टपेड के लिए रु 199 की कीमत पर वी मुवीज एण्ड टीवी कई प्लेटफॉर्म्स के लिए सिर्फ एक सब्सक्रिप्शन के साथ व्यूइंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। यह कई सब्सक्रिप्शन्स की लागत बचाकर उपभोक्ताओं को पैसा वसूल अनुभव देता है। अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वी ने कहा, भारत ऐसा कंटेट देख रहा है जो इससे पहले यहं कभी नहीं देखा गया है जैसे मल्टीपल फोर्मेट्स, मल्टीपल सब्सक्रिप्शन, और रोजाना स्क्रीन पर कई घंटे बिताना। हालांकि इतने सारे विकल्पों के बीच दर्षक थकान और मुश्किल महसूस करते हैं। ऐसे में सर्वश्रेष्ठ ओटीटी और टीवी कंटेंट के लिए एक ही सब्सक्रिप्शन वी मुवीज एण्ड टीवी की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुषी का अनुभव हो रहा है। हम अपने उपभोक्ताओं को एंटरटेनमेन्ट का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने और हर किसी के लिए एंटरटेनमेन्ट को सुलभ, सरल और किफायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विज्ञान भवन नई दिल्ली में 'नेशनल आयुष कॉन्फ्रेंस' आयोजित

नई दिल्ली। आयुष्मान और इंटीग्रेटेड आयुष काउन्सिल के संयुक्त तत्वावधान द्वारा दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में "नेशनल आयुष सम्मेलन" का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों के भिन्न-भिन्न जिलों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया क सम्मेलन का विषय "विकसित भारत का आधार - आयुष से आरोग्य" रखा गया था। आयुष, आयुर्वेद, योग, नेचुरोपैथी, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करता है। यह न केवल रोगों का इलाज करता है, बल्कि समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। भारत, जो अपने प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के लिए मशहूर है, आज एक स्वस्थ और समृद्ध देश की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के उदघाटन सत्र की शुरूआत में राष्ट्रीय आयुष सम्मेलन के संयोजक डॉ. बिपिन कुमार ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए वर्तमान परिदृश्य में आयुष की महता के संबंध में विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज आयुष का महत्व बढ़ा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत को प्रशिक्षित आयुष सहायकों की अत्यंत आवश्यकता है, जिससे अपनी प्राचीन उपचार पद्धति को दुनिया तक पहुंचा जा सके। उन्होंने उपस्थित सभी श्रोताओं से यह संकल्प लेने को कहा कि वे आयुष के संदेश को लोगों तक पहुचाएं। आयुष संबर्द्धन के लिए डॉ बिपिन कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया, साथ ही आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों के फलस्वरूप, आयुष भारत और विदेशों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। आयुष स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुंच में वृद्धि हुई है और आयुष शिक्षा और अनुसंधान को मजबूती मिली है। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिल्ली के सचिव स्वामी सर्वलोकनंद जी महाराज एवं वरिष्ठ आरएसएस प्रचारक श्री रवि कुमार अय्यर ने अपने विचार रखे। स्वामी सर्वलोकनंद जी ने आयुष की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए आयुर्वेदिक-योग चिकित्सा पद्धति की प्रसंशा की। उन्होंने सुदूर आदिवासी एवं पहाड़ी इलाकों में पाये जाने वाले औषिधीय भंडार की चर्चा की। स्वामी सर्वलोकनंद जी ने निराशा प्रकट की कि इस भंडार का सही उपयोग नहीं किया गया हैं। आज वर्तमान सरकार ने इस दिशा में सार्थक पहल की है। नये तरीकों, नई पद्धतियों पर चिंतन हो रहा है। आज दुनिया भर के लोग भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष पद्धति का निरंतर विकास हो रहा है। वर्तमान सरकार तमाम आसान सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। वरिष्ठ आरएसएस प्रचारक रवि कुमार अय्यर ने आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के महत्व पर जोर डालते हुए मोदी सरकार की आयुष्मान भारत योजना की प्रसंशा करते हुए कहा कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति भी मुफ्त इलाज करा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन और स्वस्थ मन से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है।



उन्होंने जल, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के संबंध में ग्रामीण अंचलों के बड़े रोचक उदाहरणों से प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय त्योहारों और सांस्कृतिक उत्सवों को मानने के पीछे के वैज्ञानिक कारणों की रोचक जानकारी दी। रवि कुमार अय्यर ने खानपान और मन के संयम को आज के समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि सादा जीवन, जीवन का आधार होना चाहिए। साथ ही उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आज उपभोक्तावादी समाज में बुजुर्ग बेहद अकेला हुआ है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद एवं होम्योपैथी आज के चिकित्सा विज्ञान का आधार है, हमें पुनः इस ओर विचार करना है। उन्होंने भारत सरकार के प्रयासों की भूरि भूरि प्रसंशा की। श्री रवि कुमार अय्यर ने इस दौरान भारत सरकार की कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाओं का जिक्र किया, जिनमें आयुष्मान भारत एवं तालाबों की स्वच्छता की 'अमृतसरोवर परियोजना' प्रमुख हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के अपर सचिव शांतमनु ने कहा कि आयुर्वेद हो या योग एवं आयुष चिकित्सा पद्धति के समस्त आयाम, हमारी एक ऐसी धरोहर हैं, जिसे अपने जीवन में आत्मसात कर जीवन की श्रेष्ठता को हासिल कर सकते हैं। इन पद्धतियों में जीवन की समृद्धता को भंडार है और आज वैश्विक दृष्टिकोण में हमारी एक अनूठी पहचान भी बन चुकी है। यह चिकित्सा प्रणाली न केवल चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को रोजगार का मौका देती है, बल्कि परंपरागत चिकित्सा के क्षेत्र में भी नौकरियों का अवसर प्रदान किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद इंटीग्रेटेड आयुष काउन्सिल के अध्यक्ष एवं प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सृष्टा नड्डा ने प्राचीन चिकित्सा पद्धति एवं आयुवेर्दाचार्यो की बात करते हुए उस पद्धति को वर्तमान शिक्षा पद्धति से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने पर्यावरण-शिक्षा के महत्व को आज की जरूरत बताया और सांख्य दर्शन के प्रकृति एवं पुरुष पर बात की। उनके अनुसार प्राचीन शिक्षा पद्धति आज की जरूरत है। कार्यक्रम में लेडी हार्डिंग अस्पताल के निदेशक डॉ. सुभाष गिरी ने अपनी प्रस्तुति में उस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारत ह्रदय रोगियों का गढ़ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही भारत इससे मुक्त होगा। उन्होंने ह्रदय रोग से बचने के अनेक तरीके बताये। उन्होंने बताया कि ह्रदय रोग की सबसे बड़ी वजह नकारात्मक तनाव है। कार्यशैली में बदलाव से हम ह्रदय रोग से बच सकते हैं ।दोपहर के भोजन के बाद के सत्र का मंच एम्स के कार्डीऑलॉजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष पद्मश्री डॉ. सुभाष चंद मनचंदा ने किया। इस सत्र में डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ.अपर्णा रॉय, श्रीमती अरुणिमा सिन्हा (मेरु चिकित्सक) ने अपनी बात रखी। डॉ.अखिलेश ने विदेशों में भारतीय आयुर्वेद पद्धति के महत्व पर बात की। डॉ. अपर्णा रॉय ने अरविंद दर्शन को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी माना। श्रीमती अरुणिमा सिन्हा ने उपस्थित श्रोताओं को मेडिटेशन कराया। पद्मश्री डॉ. सुभाष चंद मनचंदा ने निरोगी जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

नेशनल आयुष कांफ्रेंस के पहले दिन के सफल आयोजन के बाद दूसरे दिन के पहले सत्र का उद्घाटन राष्ट्रीय आयुष सम्मेलन के संयोजक डॉ. बिपिन कुमार के स्वागत भाषण से हुआ। इस सत्र में उन्होंने अपने वक्तव्य में कार्य और परिवार के बीच संतुलन की आवश्यकता को बेहद जरूरी माना। उन्होंने कार्यस्थल पर तनावमुक्त जीवन शैली पर प्रकाश डाला।

इसी सत्र में प्रख्यात मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. बिश्वरूप रॉय चौधरी ने अपने अंदाज में अपने विषय की शुरूआत की। उन्होंने 'स्यूडो इलनेस' पर बात रखी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में कहा कि बीमारी से ज्यादा 'बीमारी का भ्रम' व्यक्ति को मारता है। हमारा समाज इन भ्रामक बीमारियों से ग्रसित है। उन्होंने कोरोना और मंकीपोक्स जैसी बीमारियों को लेकर विश्व संस्थाओं के नजरिए को तथ्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने लोगों को एलोपैथी की बजाय नेचुरोपैथी की तरफ जाने का सुझाव दिया। उन्होंने अपने रिसर्च सेंटर में किये कोरोना संबंधी खोजों के कई चौंकाने वाले तथ्य प्रस्तुत किये। इस संबंध में उन्होंने अपनी पुस्तक 'नेकेड ट्रुथ ऑफ कोविड टेस्ट' पढ़ने की सलाह दी।

सत्र में पद्मभूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुना अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अथर्ववेद में वर्णित पंचतत्व ही जीवन की आधारशिला है। डॉ. त्रिगुना के अनुसार पूरा बृह्मांड इन्हीं पंचतत्वों से बना है। उनका मानना है कि शरीर इन पंचतत्वों के संतुलन से ही स्वस्थ रह सकता है और अनुशासन से ही इस संतुलन को बनाये रखा जा सकता है।

मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. सृष्टा नड्डा ने आयुष पद्धति से मधुमेह रोग के उपचार की सलाह दी और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने तनाव को मधुमेह का सबसे बड़ा कारण बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने औचक निरीक्षण किया

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बुधवार को मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक ने हवेली खड़गपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने थाना पंजी का अवलोकन कर थाना के विधि व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर फेरारी वारंटी विभिन्न मामलों के नामजद की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रखने आदि के अलावा कई आवश्यक निर्देश दिए इस मौके पर एसडीपीओ चंदन कुमार प्रशिक्षित पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार अपर थाना अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह मौजूद थे।

### बाजार निकला युवक लापता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। शनिवार को थाना क्षेत्र के मुरादे पंचायत की गंगटी गांव से राशन लाने के लिए बाजार निकला युवक अब तक अपनी घर नहीं पहुंचा है। इस संबंध में युवक के पिता ने खड़गपुर थाना में गुमशुदी का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार 23 मार्च को अपने घर से विमल साह के 22 वर्षी पुत्र अभिषेक कुमार राशन लाने के लिए खड़गपुर बाजार गया था। लेकिन लौट कर घर नहीं आया तो स्वजनों ने उसका खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। वहीं उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। पिता ने खड़कपुर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया।

### बालू का अवैध कारोबार जरी

बरियारपुर(मुंगेर) मुंगेर - बरियारपुर मुख्यमार्ग एन एच 80 पर चल रहे है अवैध कारोबार का शिला - शिला बेहिचक जारी है। बरियारपुर पुलिस ने गंगा नदी के बालु लदे दो ट्रेक्टर को गांधी पुर गांव के समीप पकड़ा। बताया जाता है कि पुलिस ने ट्रेक्टर चालक से चलान मांगा तो चालक फरार हो गया। बरियारपुर पुलिस ने चालकों को पकड़ कर बरियारपुर थाना प्रांगण मे ट्रेक्टर सुरक्षित रख कर खनन एवं भुतत्व विभाग मुंगेर को सुचित कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दिया है।

### आदर्श आचार संहिता के मामले में प्राथमिक की दर्ज

संग्रामपुर(मुंगेर)। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में लोक तांत्रिक समाजिक न्याय पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पर मंडलीय प्रभारी मुंगेर से तारापुर विधानसभा प्रभारी अरविंद कुमार कुशवाहा पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। थानाध्यक्ष रुबीकांत कच्छप ने बताया कि संग्रामपुर सीओ निशीथ नंदन द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान तीन वटियां सरकटिया मोड़ के पास बिजली के खंभे पर लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय पार्टी का बैनर लगा पाया गया था। जिसकारण पार्टी के प्रदेश सचिव एवं प्रमंडलीय प्रभारी मुंगेर सह तारापुर विधानसभा प्रभारी अरविंद कुमार कुशवाहा पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### 600 लीटर अर्ध निर्मित महुआ शराब नष्ट किया

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर पुलिस ने प्रशिक्षु डीएसपी विकास कुमार के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भविष्य देखकर नदी गांव से 600 लीटर अर्ध निर्मित महुआ शराब को विनाश किया। वही श्यामपुर थाना क्षेत्र के जवाई पुरुषोत्तम पुर में छापामारी कर 15 लीटर देसी शराब बेचते हुए लक्ष्मी मांझी के पुत्र दामोदर मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा एक शराबी थाना क्षेत्र के भामसी पुल के समीप शराब के नशे में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गश्ती दल ने थाना क्षेत्र के भामसी पुल के समीप भामसी गांव निवासी सदन मंडल का पुत्र सोनू कुमार को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शस्त्र सत्यापन की तारीख आगे बढ़ाया गया

- 1757 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी में से मात्र 738 लाइसेंसी गन का सत्यापन किया गया है शेष 821 लाइसेंसी हथियार का सत्यापन के वास्ते जिला पदाधिकारी ने तारीख को आगे बढ़ाया

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर मुंगेर जिले में विधि व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के निमित आयुध नियम, 2016 के नियम 30 के अंतर्गत जिला दण्डाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश के तहत 13 से 20 मार्च के बीच जिले के विभिन्न थानों में व्यक्तिगत शस्त्र के भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू कराया गया था। जिसमें 1757 अनुज्ञप्ति में से मात्र 738 अनुज्ञप्ति धारियों के 821 शस्त्रों का ही सत्यापन हो पाया है। विषय की महत्ता को देखते हुए जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा पुनः 01 से 06 अप्रैल 2024 तक शस्त्रों के सत्यापन कार्य कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए जिले के 21 पदाधिकारियों को शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 43 (2) में वर्णित प्रावधानों तथा आयुध नियम, 2016 के नियम 30 के तहत 21 निरीक्षी पदाधिकारी को थानावार शस्त्रों के भौतिक सत्यापन के लिए प्राधिकृत किया गया है। उक्त सभी पदाधिकारियों द्वारा 1 से 6 अप्रैल 2024 के बीच विभिन्न थानों में शेष बचे सभी अनुज्ञप्ति धारियों के शस्त्रों एवं कारतूसों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी सह जिलाधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों द्वारा कारतूस क्रय की तिथि, कारतूस की संख्या, उपयोग किए गए कारतूस का विवरण, अवशेष कारतूस तथा कारतूस उपयोग का औचित्य के साथ प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि तक शत प्रतिशत शस्त्र सत्यापन संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# हरिमोहन सिंह सीनियर बिहार महिला खो- खो टीम के कोच बनाएं गए

मुकेश कुमार, प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। खो- खो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं खो- खो एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 27 मार्च से 1 अप्रैल 2024 को करनाल सिंह स्टेडियम एवं इंडिया गांधी इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित 56 वीं सीनियर नेशनल खो- खो चैंपियनशिप -2024 में भाग लेने वाली बिहार स्टेट सीनियर महिला खो-खो का टीम के कोच मुंगेर जिला खो-खो संघ के सेक्रेट्री सह जनकल्याण शिव शक्ति हरिमोहन फाउंडेशन के फाउंडर हरिमोहन सिंह को खो -खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू के द्वारा बनाएं गए। इसके लिए उन्होंने राज्य खो- खो संघ का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि हरिमोहन सिंह खो-खो खेल व दिव्यांग खेल व खिलाड़ी को बढ़ावा देने के लिए निस्वार्थ भाव से पिछले कई सालों से कार्य कर रहे हैं। और इनके नेतृत्व में दर्जनों खिलाड़ी राष्ट्रीय -अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जिला व प्रदेश का नाम रौशन कर चुके हैं। महिला व दिव्यांग खेल व खिलाड़ी को निस्वार्थ भाव से विशेष रूप से बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। इस से पहले विभिन्न नेशनल खो- खो चैंपियनशिप में मुंगेर के हरिमोहन सिंह को छत्तीसगढ़ में 26-30 दिसंबर को आयोजित होने वाले 42 वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप-2023 में बिहार स्टेट जूनियर बालिका टीम ,महाराष्ट्र में आयोजित 32 वीं सब जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप ,महाराष्ट्र के जिला सहारा में खेले गए नेशनल खो-खो चैंपियनशिप 32वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप,के आईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर , उड़ीसा में 22 से 26 सितंबर 2021 को आयोजित 40 वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप 2021-22 सहित कई नेशनल खो- खो चैंपियनशिप में बिहार स्टेट खो- खो महिला टीम प्रबंधक एवं कोच के रूप में सेवा दे चुके हैं। खेल व खिलाड़ी को बढ़ावा देने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री , उप मुख्यमंत्री,खेलमंत्री , समाज कल्याण मंत्री, स्वस्थ मंत्री, विधि कानून मंत्री , पर्यटन मंत्री , ग्रामीण कार्य मंत्री द्वारा एवं देश के विभिन्न राज्यों में आठ राष्ट्रीय अवॉर्ड (युवा भारत गौरव सम्मान , पतंजलि अवॉर्ड, बेस्ट यूथ ऑफ द ईयर 2022, आजाद शत्रु अवॉर्ड, अखिल भारतीय गौरव सम्मान, भीम अवॉर्ड आदि) से सम्मानित किए जा चुके हैं। युवाओं में इनकी लोकप्रियता को देखते हुए इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा इन्हें बिहार विधानसभा चुनाव 2020 का मुंगेर जिला पीडब्ल्यूडी ब्रांड एंबेसडर भी नियुक्त किया गया था। वर्तमान में हरिमोहन सिंह मुंगेर जिला एसोसिएशन ऑफ पीडब्ल्यूडी के प्रेसिडेंट , जंप रोप एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव , एवं स्पेशल ओलंपिक भारत , एवं सेरेब्रल पल्सी के राष्ट्रीय ऑफिशियल एवं टेकनिकल हैं। ये दिव्यांग जनों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने में भी हमेशा मदद करते हैं। बिहार सीनियर महिला खो- खो टीम कोच बनाएं जाने पर हरिमोहन सिंह को पेफी बिहार मुंगेर चैप्टर के पदाधिकारी, मुंगेर जिला के खिलाड़ी एवं खेल प्रशिक्षक, बुद्धिजीवियों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# कांग्रेस दल के चर्चित नेता के निधन पर अंतिम दर्शन हेतु उमड़ा जनसैलाब

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के चर्चित सह बिहार प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक के उपाध्यक्ष मो. अरशद अली का पटना में इलाज के दौरान हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। जैसे ही मौत की सूचना स्वजनों व इलाके के लोगों को मिली तो सभी हैरान हो आश्चर्य रह गए, देखते ही देखते पूरा प्रखंड शोक के माहौल में डूब गया। प्रदेश उपाध्यक्ष की हुई मौत को लेकर लोगों का कहना था कि मरहूम अरशद अली एक अच्छे और नेक इंसान थे। जो अपने कुशल नेतृत्व में अपने कार्यों से गांव क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के हर सुख दुख की घड़ी में हमेशा लोगों के साथ खड़े रहते थे। गांव में हर कोई इस दुखदाई खबर सुनकर अपने आंसू नहीं रोक पा रहे थे। वही इलाके के सैकड़ो लोग इनके जनाजे में शामिल हुए। मो. अरशद अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र और दो पुत्री को छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कह गये। घटना से आहत हो उनकी पत्नी व बड़े पुत्र मो. अतहर, छोटे अनवर रसीद, एवं पूरा परिवार सदमे में है। वही दूसरी तरफ मरहूम अरशद अली के जनाजे को बिहपुर कांग्रेस स्वराज परिसर में लाया गया और बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा, जिला अध्यक्ष परवेज जमाल एवं सैकड़ो कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस स्वराज आश्रम से जनाजे को लेकर बिहपुर बाजार होकर सर्वोदय मैदान पहुंचे। मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा, भागलपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष परवेज जमाल, राजीव गांधी पंचायती राज के जिलाध्यक्ष राधा कृष्ण सिंह, नवीन शर्मा, जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, मो. जुल्फिकार, डॉ. मो. मुर्शिद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला, प्रखंड अध्यक्ष मो. इरफान आलम, अल्पसंख्यक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इशरत जहां, बिहपुर राम जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत महंत नवल किशोर दास, जिला परिषद प्रतिनिधि चंदन भारद्वाज, पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ झा उर्फ बैजू राजा, मुखिया मो. सलाउद्दीन, बभनगामा पंचायत के मुखिया मो. गुलजार, कांग्रेस नेता सोनू ईश्वर एवं पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, मुंगेर कई जिलों से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहीं बुधवार को भागलपुर नगर विधायक अजीत शर्मा भी अपने समर्थकों के साथ मरहूम अरशद अली के आवास पर पहुंचे।

# शराब के साथ कारोबारी हुआ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में होली के मौके पर एक तरफ जहां पुलिस प्रशासन की टीम शराब कारोबारी, नशेड़ियों व शराब के कारोबार को वृहित पैमाने पर खपाने की कड़ी में हर इलाके में पूरी सतर्कता के साथ दबिश देने की कवायद में जुटी हुई हैं, तो वही दूसरी ओर शराब कारोबारी नवगछिया पुलिस के आंखों में धूल झोंक अपने नशे के व्यापार को धड़ल्ले से खपाने में लगी हुई हैं। इन गतिविधियों को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र इलाके में वैसे कारोबारियों पर नकेल कसने की दिशा में उनकी धड़ पकड़ के लिए लगातार हर इलाके में संदिग्ध ठिकानों पर ताड़बतोड़ छापेमारी के साथ शराब कारोबारियों व उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने में लगी हुई हैं। अनुमंडल के हर क्षेत्र में लगातार पुलिस टीम द्वारा दबिश दिये जाने के कारण कारोबारियों व नशेड़ियों के बीच में हड़कंप मचा हुआ दिखाई दे रहा है। बिहपुर थाना पुलिस ने विगत देर रात गोपनीय सूचना पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिहपुर के समीप मुख्य सड़क मार्ग किनारे झाड़ी में छिपाकर रखा हुआ करीब साढ़े तेरह लीटर विदेशी शराब की खेप को बरामद किया है।

वही मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि शराब बरामदगी मामले में अज्ञात कारोबारी के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस कारोबारियों का पता करने में जुटी है। वही दूसरी तरफ बिहपुर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गंगा पार दुधेला दियारा क्षेत्र इलाके में छापेमारी कर एक शराब कारोबारी को 24 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। वही थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी गुरुदेव मंडल पिता प्रभात मंडल के विरुद्ध शराब अधिनियम का मामला दर्ज कर मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# निर्वाचन की तैयारी को लेकर हुई बैठकः डीएम

- विभाग के सभी कोषांग के क्रियान्वयन योजनाओं की हुई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन प्रांगण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर क्षेत्र के सभी कोषांगो के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी के साथ कोषांग क्रियान्वयन की अंतिम तैयारी की समीक्षा की गई। इस दौरान कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि 32318 कर्मियों का डेटाबेस तैयार कर लिया गया है। वही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि महिला मतदान कर्मी जहां भी रहेंगी कम से कम दो की संख्या में रहेंगी, साथ ही उन्हें शहरी क्षेत्र एवं उनके पदस्थापन स्थल के समीप के क्षेत्र में ड्यूटी लगाई जायगी। साथ ही पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों के लिए कम मतदाता वाले मतदान केंद्र का ही चयन किया जाया। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि विगत 7 मार्च एवं 12 मार्च को मास्टर प्रशिक्षक को प्रशिक्षित किया जा चुका है। चुनाव की तिथि की घोषणा हो गई है 26 अप्रैल 2024 को भागलपुर में चुनाव कराया जाना है, अब 18 हजार मतदान कर्मी का प्रशिक्षण तीन चरणों में कराया जाएगा। वही जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कर्मी समय पर आए एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ही जाए, इसके लिए प्रशिक्षण केंद्र पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार कर ली जाय एवं प्रशिक्षण के उपरांत एक प्रश्नावली सत्र भी रखा जाय, जिसके लिए प्रश्न पत्र तैयार कर ली जाय। वही उन्होंने कहा कि पीठासीन पदाधिकारी की झोला में मॉक पोल की प्रक्रिया एवं ईवीएम के संबंध में विभिन्न जानकारी से संबंधित पेपर तैयार कर रख दिया जाय, ताकि समय पर काम आ सके। बैठक में विधि व्यवस्था कोषांग,मतपत्र कोषांग, ईवीएम कोषांग, स्वीप कोषांग एवं वाहन कोषांग की भी समीक्षा कि गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर, नवगछिया तथा कहलगांव को कहा कि रात्रि 10:00 बजे के पश्चात सुबह 6: 00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की अनुमति नहीं होगी, साथ ही 70 डेसीबल से अधिक आवाज में साउंड सिस्टम नहीं बजेगा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में स्वीप के अंतर्गत सफाई कर्मी एवं सफाई वाहन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कराया जाए इसके लिए प्रिंटेड जैकेट एवं मतदाता जागरूकता संबंधित जिंगल का प्रयोग किया जाय। बैठक के क्रम में सुविधा, सुगम एवं समाधान एप की भी समीक्षा की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, अपर समाहर्ता अजय कुमार सिंह एवं संबंधित सभी पदाधिकारी के अलावा अन्य सेक्टर कर्मियों की मौजूदगी रही थी।

# 24 घंटे का अखंड रामधुन संकीर्तन का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड के ददरी जाला पंचायत अंतर्गत सरकटिया गांव स्थित बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में 24 घंटे अखण्ड रामधुन संकीर्तन का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुवार की संध्या 5 बजे विधिवत प्रारम्भ हुआ। इस अखंड रामधुन संकीर्तन से पूरा गांव भक्तिमय हो गया हैं। अलग-अलग जगह से आए राम धुन मंडली के द्वारा गाये जा रहें हरे राम हरे कृष्णा की धून से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो रहा हैं। अखंड राम धुन के आयोजक समाजसेवी विपुल सिंह ने कहा कि अखंड रामधुन से संपूर्ण वातावरण में शुद्धता के साथ-साथ भक्ति की प्रवाह होती हैं। मन भक्ति की ओर खिंची चली जाती हैं। वही इस अखंड राम धुन संकीर्तन के सफल संचालक को लेकर सरकटिया गांव के ग्रामीण मुख्य आचार्य प्रफुल्ल कुमार सिंह सहित कैलाश सिंह, जवाहर सिंह, मनोज सिंह, संजीव सिंह, गुड्डू सिंह, मुखिया पिंटू मंडल, अशोक यादव, बलिराम सिंह, सुरेंद्र यादव, मुकेश सिंह, संतोष सिंह एवं सभी सरकटिया गांव के नवयुवक संघ के द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते नजर आए।

# होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से बाल भारती पोस्ट ऑफिस रोड नवगछिया में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत सह मंत्री हैप्पी आनंद, सह संयोजक विश्वास वैभव, बाल भारती विद्यालय के प्राचार्य सह नगर उपाध्यक्ष कौशल सर, श्रीओम सर, मंच संयोजक विश्वजीत चौधरी मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित थे। संचालन विक्की मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में दीपा कुमारी के होली गीत की प्रस्तुति की। होली के फगुआ और लोक गीत की प्रस्तुति अभाविप कार्यकताओं रौनक कुमार ने किया। विश्वजीत चौधरी ने भी कार्यकताओं के बीच होली गीत से समा बांध दिया। हैप्पी आनंद ने होली मिलन समारोह में सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि आज राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से यह समारोह कर रहे है। विश्वास वैभव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग आयाम बनाए गए हैं। उन्हीं आयाम में एक आयाम है राष्ट्रीय कला मंच। राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से छात्रों और कार्यकताओं के बीच जो काला होता है उनको मंच प्रदान की जाती है। छात्राओं के लिए मेहंदी और रंगोली बनाना भी एक कला है। राष्ट्रकला मंच के माध्यम से आने वाले समय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। मौके पर प्रांत एसएफएस सह संयोजक अनुज चौरसिया, शिवम, अभिषेक, मानस चिरानिया, रौनक, बालकृष्ण, दीपा, कविनव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ व कर्मठ नेता के निधन पर समर्थकों की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नवगछिया प्रखण्ड से प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि जितेन्द्र प्र० सिंह के निधन से संगठन को भरी छति हुई है। नेता के निधन की सूचना मिलते ही भागलपुर के माननीय विधायक अजीत शर्मा ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। वही अपने दल के वरिष्ठ नेता के परिवार के बीच संवेदना व्यक्त करते हुए स्थानीय विधायक सह कांग्रेस दल के नेता श्री शर्मा ने कहा कि स्व० सिंह आजन्म कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित रहे, एवं आजन्म पार्टी की सेवा की। विधायक श्री शर्मा उनके निवास पर जाकर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना प्रकट करने के साथ ही इस हृदयविदारक दुःख की घड़ी में संभलने की सांत्वना दी साथ ही मृतक स्व. सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस चुनावी दौर में उनके निधन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस के सदस्य के साथ साथ कई नेताओं ने दुःख प्रकट किया है। इस मौके पर डॉ. अभय आनन्द, विपिन बिहारी यादव, सोईन अंसारी, मिंटू कुरैशी, सुरेश मोहन झा इत्यादि ने भी दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. सिंह कांग्रेस के एक सच्चे सिपाही एवं पार्टी के लिए समर्पित भाव से सबसे प्रिय नेता थे।

### धन वही टिक सकता है जो धर्म से अर्जित किया जाएः विजयालक्ष्मी

नवगछिया (भागलपुर)। सत्संग व भागवत कथा से ही संसार रूपी जंजाल से मुक्ति मिल सकती है। यह बात गोरखपुर से पधारे मानस कोकिला विजयलक्ष्मी शास्त्री ने श्रीदुर्गा मंदिर भ्रमरपुर नारायणपुर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय अनुष्ठान में कथा वाचन के क्रम में कहीं। उन्होंने कहा की शासन चलाने में नीति का बहुत महत्व है। धन वही टिक सकता है जो धर्म से अर्जित किया जाए और सत्कर्म वही फलीभूत होता है जो अपना अहंकार त्याग कर भगवान को समर्पित कर दिया जाए। संस्कार निर्माण समिति भ्रमरपुर द्वारा प्रातः काल में हनुमान चालीसा का पाठ श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ तथा रामचरितमानस का पाठ सामूहिक रूप से किया जा रहा है। सारे कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में प्रेमी भक्ति माताएं बहने भाग ले रही हैं।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भागलपुर के प्रांगण में स्वास्थ्य सप्ताह का होगा आयोजन

- आगामी 31 मार्च से 7 अप्रैल तक स्वास्थ्य सप्ताह का होगा भव्य आयोजन;-अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता




भागलपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भागलपुर शाखा 31 मार्च से 7 अप्रैल तक स्वास्थ्य सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर, वृद्ध जनों के लिए स्वास्थ्य शिविर, हेल्दी बेबी शो, कैसर डिटेक्शन कैम्प, हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम, अर्बन हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम, वॉक फॉर हेल्थ और अंतिम दिन आईएमए हॉल में संध्या 7 बजे से वर्ल्ड हेल्थ डे प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी को लेकर आईएमए हॉल भागलपुर में आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर मणिभूषण व कार्यक्रम के अध्यक्ष डाक्टर अजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर पूरी जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम के सचिव डॉ. विनय कुमार के अलावा अन्य चिकिसक टीम मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

भागलपुर। आगामी लोक सभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन काफी चुस्त दुरुस्त व मुस्तैद चल रही है। वही जिलाधिकारी ने शहर वासियों से मतदान केंद्र पर पहुंच ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील भी करते दिखे हैं, इसी बाबत भागलपुर में मतदान करने वालों की संख्या ज्यादा से ज्यादा हो उक्त विषय बिंदु को लेकर नगर निगम भागलपुर द्वारा स्वीप के अंतर्गत स्थानीय जय प्रकाश नारायण उद्यान सह सैनडिस कंपाउंड मैदान प्रांगण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को अपने वोट के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ बताया गया और आगामी चुनाव में मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई है। वही कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी नगर आयुक्त, डीसी एसडीएम के अलावे कई पदाधिकारी मौजूद थे। वही कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि अगर स्वास्थ्य कर्मी व सफाई कर्मी हम लोगों को स्वस्थ रखने का काम कर रहे हैं, तो उन्हें जागरूक करने का काम हम लोगों के साथ मिलकर सहयोग करने का काम कर रही हैं, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा स्वास्थ्य कर्मियों और सफाई कर्मियों को वोट डालना और अपने संबंधित सभी लोगों को भी जागरूक करना है, साथ ही उन्हें दूसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

# सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर-गंगटा मुख्य मार्ग लश्कारा चौक ठाड़ा के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक बुरी तरह से घायल हो गया। कोई कहता है हाइवा ने धक्का मारा है तो कोई कहता है मोटरसाइकिल के आमने सामने टक्कर हुई है। अगर मोटर साइकिल से टक्कर होता तो दुसरे मोटर साइकिल चालक भी घायल रहता लेकिन कही पता नही चला। दुर्घटना होने पर घायलों की पहचान कर परिजन को जानकारी दिया। उससे पहले घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र संग्रामपुर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया। घायलों में संग्रामपुर प्रखंड के कटियारी पंचायत अंतर्गत खपड़ा गांव के आयुष कुमार उम्र 18 वर्ष पिता आशीष कुमार सिंह, अवनीश कुमार उम्र 27 वर्ष पिता संजय मंडल है। घायल अवनीश के चाचा पप्पू मंडल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर अस्पताल में दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल को रेफर किया जाता है लेकिन एम्बुलेंस नही मिलता है। एम्बुलेंस नही मिलने के कारण परिजन के द्वारा अस्पताल परिसर से हंगामा किया। वही मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर हसन सवा ने बताया कि घायलों को आते ही मौजूद एएनएम कुमारी रंजू ,बिना कुमारी,एवं जीएएनएम रंजीत कुमार की सहयोग से प्राथमिक उपचार किया। दोनों बुरी तरह घायल था। जिसमें सर में चोट गंभीर था। जिसे रेफर किया गया। वही एम्बुलेंस के बारे में बताया कि 3 एम्बुलेंस है। एक एम्बुलेंस एक माह पुर्व दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। एवं दुसरा एम्बुलेंस खराब था जो मुंगेर बनने गया है। तीसरा अस्पताल परिसर में है। जो इमरजेन्सी में गर्भवती महिलाओं को लाने ले जाने

# विधुत करंट की चपेट में आने से एक मवेशी की हुई मौत

- घटना को लेकर मचा भारी बवाल, सैकड़ो लोगों ने एनएच 80 जाम कर घंटों किया हंगामा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। औद्योगिक थाना परिक्षेत्र अंतर्गत रानी तालाब के समीप एक विद्यालय प्रांगण की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाउंड्री में लोहे के तार से घेराव किया गया था, साथी विद्यालय भवन की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये थे, लेकिन उस घेराबंदी में लोहे के तार से पूरे विद्यालय भवन के अंदर रखे हुए सामानों के साथ साथ अन्य सामानो की चोरों से सुरक्षित रखने के लिए स्कूल प्रशासन की ओर से विधुत करंट की वायर को बाउंड्री के तार से जोड़ दिया गया था। उक्त जानकारी तब सामने आई जब स्थानीय इलाके के एक ग्रामीण के मवेशी की उक्त वायर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी जानकारी मिलने के बाद गांव वालों ने घटना को लेकर बवाल काटना शुरू कर दिया, जब ग्रामीण द्वारा बाउंड्री के वायर के लौह तार को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ साथ टेस्टर लगाकर जांच की गई, तो प्रत्यक्ष रूप से देखा गया कि वायर में करंट मौजूद हैं, जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किए गए इस गतिविधि को लेकर मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर हंगामा खड़ा कर दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की गतिविधियों को लेकर मिली जानकारी के बाद मौके पर स्थानीय थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंच आक्रोशित स्थानीय लोगों को समझाने बुझाने की कवायद में जुट गई। वही अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या इस तरह का वारदात को लेकर स्कूल प्रशासन द्वारा क्या रुख अपनाया जाता है। वही मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन ने कहा कि अगर स्कूल प्रशासन ने इस तरह की कार्रवाई की है तो उनके विरुद्ध विभागीय स्तर पर जानकारी देते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत त्वरित कार्रवाई की बात प्रशासन द्वारा रखी जायेगी। ऐसे में किसी बड़ी अप्रिय घटना के साथ साथ बड़ी घटना घटित होने की आशंका जताई जा रही हैं।

# आईपीएल 2024 : कुर्सी छोड़ खड़े हुए लसिथ मलिंगा-पोलार्ड

## शर्मनाक प्रदर्शन पर भी हार्दिक पंड्या के गजब तेवर



**हैदराबाद (एजेंसी)।** कहते हैं इज्जत खरीदी नहीं जा सकती। इसे कमाना पड़ता है। कई बार सामने वाला प्रेशर में आपको सम्मान देने के लिए मजबूर होता है, लेकिन यह कतई रिस्पेक्ट नहीं होती। साथ ही यह जरूरी नहीं है कि आपके पास ताकत (पद) नहीं होने के बावजूद उसका वहीं व्यवहार बना रहे। कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है मुंबई इंडियंस के खेमे में। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में पहले रोहित शर्मा पर धौंस जमाने की कोशिश करते नजर आए हार्दिक पंड्या का एक और वीडियो वायरल हो रहा है।

वीडियो में उनके लिए कभी मुंबई के सबसे बड़े मैच विनर रहे बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा और बैटिंग कोच कायरन पोलार्ड चेयर छोड़कर उठने को मजबूर दिख रहे हैं। दरअसल, मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 के एक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। एक ओर जहां कई खिलाड़ी 250 से अधिक के स्ट्राइकरेट से रन बरसाते दिखे तो अहम मौके पर हार्दिक पंड्या के बल्ले से 20 गेंदों में सिर्फ 24 रन निकले और उनकी टीम 31 रनों से हार गई। कायरन पोलार्ड और लसिथ मलिंगा साथ बैठे कुछ बात करते दिख रहे तभी वहां हार्दिक पंड्या पहुंचते हैं। उसके बाद जो कुछ भी हुआ वह फैंस को पसंद नहीं आ रहा। हार्दिक पंड्या को पानी की बॉटल से हाथ धोते करीब आते देख लसिथ मलिंगा और कायरन पोलार्ड कुर्सी छोड़कर उठ जाते हैं। मलिंगा पोलार्ड को बीच में ही रोकते हुए खुद वहां से चले जाते हैं। हार्दिक पंड्या अब मलिंगा की चेयर पर जाकर बैठ जाते हैं।

### रोहित ने दिखाई हार्दिक पंड्या को जगह, चुपचाप सिर झुकाकर बाउंड्री पर फिल्डिंग करने भागे कप्तान

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबले में वो सबकुछ देखने को मिला, जो फैंस देखना चाहते रहे होंगे। कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या के लिए यह बुरी रात रात थी, क्योंकि उनकी टीम ने 20 ओवरों में 277 रन खाए, जो कि आईपीएल इतिहास में टीम किसी भी टीम का बेस्ट स्कोर था। मैच के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। उनमें से एक में दिख रहा है कि बात बिगड़ते देख पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने मोर्चा संभाला और हार्दिक पंड्या को सीमारेखा के पास फील्डिंग करने के लिए भेज दिया। इस पर क्रिकेट फैंस मौज लेते नजर आ रहे हैं। कुछ ने लिखा कि रोहित शर्मा ने हार्दिक पंड्या से बदला ले लिया तो कुछ ने कहा कि हार्दिक को फील्डिंग के लिए सही जगह भेज दिया। एक वीडियो वायरल हो गया है जिसमें हार्दिक पंड्या को सीमा रेखा की ओर भागते हुए देखा जा सकता है और रोहित शर्मा उनसे कुछ कह रहे हैं।

### मुंबई इंडियंस में पड़ी फूट, दो खेमों में बंटी टीम, रोहित शर्मा-हार्दिक पंड्या के बीच जमकर गुटबाजी!

मुंबई इंडियंस ने अपने पांच बार के चैंपियन कप्तान रोहित शर्मा को हटाकर आईपीएल के मौजूदा सीजन में हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया था। मगर लगता है कि हार्दिक के आने से टीम का माहौल पहले की तरह दोस्ताना नहीं रहा। मुंबई इंडियंस दो खेमों में बंटती नजर आ रही है। हार्दिक की कप्तानी भी गैरगंभीर लग रही है। उनकी स्ट्रैटजी बुरी तरह फेल हो रही है। सारे दांव उल्टे पड़ रहे हैं। टीम लगातार दो मैच हार चुकी है। सीनियर प्लेयर्स के साथ हार्दिक पंड्या की ट्यूनिंग भी नहीं बैठ पा रही। खासतौर पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ तो उनके संबंध बिलकुल भी मधुर नहीं हैं। खेमेबाजी अपने चरम पर है।

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार मुंबई इंडियंस ने जिस तरह रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया उससे दोनों खिलाड़ियों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा समेत कुछ खिलाड़ी अब रोहित शर्मा के खेमे में हैं तो हार्दिक पंड्या को ईशान किशन सहित टीम के मालिकों का खुला सपोर्ट है। इसी तरह कोचिंग स्टाफ भी बंटा हुआ दिखता है। कायरन पोलार्ड के साथ हार्दिक पंड्या के दोस्ताना संबंध किसी से छिपे नहीं हैं तो बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा को कुर्सी से हटाकर खुद बैठने वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल है।

#### अंबानी परिवार का बैक सपोर्ट

हार्दिक पंड्या के खेल में इसकी झलक साफ नजर आ रही है कि उन्हें किसी चीज की कोई परवाह नहीं। अंबानी परिवार का जिस तरह उन्हें खुला सपोर्ट है, उससे उनके खेल में लापरवाही की बू आ रही है। मसलन जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर गेंदबाज के रहते पहले मैच में वह खुद बॉलिंग की शुरुआत करते दिखे तो दूसरे मैच में 17 साल के अनुभवहीन और नए नवेले मफाका को मौका दे दिया। पंड्या के इस एटिट्यूड का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ रहा है। हार्दिक पंड्या को मैच में हार के बाद जिम्मेदारी उठाना सीखना होगा। 2 जून से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा ही भारतीय टीम के कप्तानी करेंगे, इसके बावजूद हार्दिक पंड्या का हिटमैन के प्रति रवैया भी समझ से परे है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच 'चौधरी' बन रहा ऑस्ट्रेलिया, करना चाहता है क्रिकेट सीरीज की मेजबानी



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान अगर भविष्य में किसी तटस्थ स्थल पर टेस्ट सीरीज खेलने के लिए राजी हो जाते हैं तो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उनकी मेजबानी के लिए तैयार है। भारत और पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण 2012-13 से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। इन दोनों देश की टीम इस बीच आईसीसी या महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में ही एक दूसरे का सामना करती रही है। भारत और पाकिस्तान दोनों की टीम को इस साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया में वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है जबकि भारत इसके बाद पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगा। मेलबर्न क्रिकेट क्लब और विक्टोरिया सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में इन दोनों देशों की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाई है क्योंकि टी20 विश्व कप 2022 में इन दोनों देशों के बीच इस मैदान पर खेले गए मैच को देखने के लिए लगभग एक लाख दर्शक पहुंचे थे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा, 'मुझे लगता है कि जिसने भी यहां एमसीजी पर भारत और पाकिस्तान के बीच मैच देखा होगा वह उसके लिए सबसे यादगार अवसर रहा होगा।' उन्होंने कहा, 'लोग इन दोनों देशों के बीच मुकाबला देखना चाहते हैं और यदि अवसर मिलता है तो हम उनकी मेजबानी करना चाहेंगे। अगर हम कोई भूमिका निभा सकते हैं तो हमें यह भूमिका निभाने में खुशी होगी।' हॉकले ने कहा, 'हम पाकिस्तान की मेजबानी करने को लेकर उत्साहित हैं। हम भारत की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। अगर हम मदद कर सकते हैं तो यह अच्छा होगा।'

## आईपीएल ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, पहले दिन 16 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखा मैच

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराया था। स्टार स्पोटर्स के एक प्रवक्ता ने एक कहा, 'यह बड़ी उपलब्धि है जिसे स्टार स्पोटर्स के दर्शकों के प्रेम ने संभव कर दिखाया। हम अपने सभी साझेदारों और बीसीसीआई के साथ टाटा आईपीएल को धन्यवाद देते हैं।

### डेविड वीसे का खुलासा

## केकेआर कोच चंद्रकांत पंडित से खफा थे विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए पिछले साल आईपीएल खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के पूर्व हरफनमौला डेविड वीसे ने कहा कि कई विदेशी खिलाड़ी मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित की उग्र कार्यशैली से खफा थे। पिछले साल केकेआर के लिए आईपीएल के तीन मैच खेलने वाले 38 वर्ष के वीसे ने कहा कि विदेशी खिलाड़ी इससे कतई खुश नहीं थे कि उन्हें यह बताया जाए कि कैसे रहना है या क्या पहनना है।



उन्होंने कहा, 'उन्हें (पंडित को) भारत में काफी उग्र कोच के रूप में जाना जाता है। वह काफी सख्त, अनुशासनप्रिय किस्म के कोच हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कई बार दुनिया भर से आए विदेशी खिलाड़ियों को यह बताने की जरूरत नहीं होती कि उन्हें कैसे बर्ताव करना है या क्या पहनना है। वह काफी कठिन था। पंडित 2022 में केकेआर के कोच बने। इससे पहले उन्होंने विदर्भ को 2018 और 2019 में रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाए थे। उनके कोच रहते मध्यप्रदेश ने 2022 में रणजी ट्रॉफी जीती थी।

टी20 विश्व कप 2022 में नामीबिया टीम के साथ रहे वीसे ने कहा, 'वह अपने तरीके से चीजों को करना चाहते थे जो कई खिलाड़ियों को रास नहीं आया। इससे चेंजिंग रूम में तनाव भी हो गया था। खिलाड़ी खफा थे क्योंकि मैकुलम के जाने के बाद काफी कुछ बदलता देख रहे थे। वीसे ने कहा कि वह बदलते माहौल से विचलित नहीं थे। उन्होंने कहा, 'मेरा यह मानना था कि यह तुम्हारा सर्कस है। जैसे चाहो चलाओ। मैं यहां खेलने आया हूं और मुझसे जो कहा जाएगा, मैं करूंगा। लेकिन कुछ खिलाड़ी मुझसे ज्यादा जिद्दी थे।

## एसआरएच द्वारा रिकॉर्ड 277 रन की हार के बावजूद

### मुंबई के गेंदबाजों पर बोले हार्दिक पंड्या, कहा- 'हमने अच्छी गेंदबाजी की, मैंने जो देखा वह मुझे पसंद आया'

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद इयान बिशप और केविन पीटरसन के साथ बातचीत के दौरान हार्दिक पांड्या मुस्कुराते रहे। हालांकि फिर चाहे यह आईपीएल 2024 की शुरुआत में लगातार हार से उपजी घबराहट को छिपाने का एक ज़बरदस्त प्रयास था, वह भी मुंबई इंडियंस के साथ अपने पहले कप्तानी कार्यकाल में, यह बहस का मुद्दा है, लेकिन किसी को भी हार्दिक पर कम आत्मविश्वास के लिए संदेह नहीं करना चाहिए।

वह निश्चित रूप से उस प्रतिक्रिया से अनजान नहीं हो सकते जो उन्हें सोशल मीडिया और मैदान पर मिल रही है - मुंबई के पहले दो मैचों में अहमदाबाद और हैदराबाद में उनकी आलोचना की गई थी - लेकिन उनके लापरवाह व्यवहार से कुछ पता नहीं चलता है। हार्दिक के लिए पिछले कुछ महीने मुश्किल भरे रहे हैं। चोट के कारण लंबी छुट्टी के बाद वापसी, घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के लिए आलोचना और गुजरात टाइटंस से एमआई में आने और रोहित शर्मा के स्थान पर नए कप्तान बनने के बाद हुई ट्रोलिंग से किसी पर भी असर पड़ना तय था। लेकिन हार्दिक पर नहीं, कम से कम उनकी बॉडी लैंग्वेज से तो यही आभास होता है। उनकी बॉडी लैंग्वेज के साथ उनकी बातें भी मिलती जुलती हैं।

आईपीएल के इतिहास में किसी भी टीम द्वारा सर्वाधिक 277/3 रन बनाने के बावजूद, उन्होंने कहा कि उन्होंने एमआई के गेंदबाजी आक्रमण को जो देखा वह उन्हें पसंद आया। मंगलवार को अभिषेक शर्मा (23 गेंद पर 63 रन), ट्रैविस हेड (24 गेंद पर 62 रन) और हेनरिक क्लासेन



(34 गेंद पर 80 रन) ने राजीव गांधी स्टेडियम में 10 रन प्रति ओवर दिए थे। लेकिन हार्दिक ने कहा कि मुंबई इंडियंस के गेंदबाज अच्छे थे और शांत बल्लेबाजी ट्रैक पर वे बहुत कम कर सके।

हार्दिक ने कहा, वास्तव में नहीं (सोचा था कि टॉस के समय एसआरएच 277 रन बनाएगा)। विकेट अच्छा था, 277, चाहे आप कितनी भी खराब या अच्छी गेंदबाजी करें, अगर विपक्षी टीम को इतना स्कोर बनाना है, तो इसका मतलब है कि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की है। वे (गेंदबाज) अच्छे थे, वहां मुश्किल थी, लगभग 500 रन बने और विकेट से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी, हम यहां-वहां कुछ चीजें कर सकते थे, लेकिन इतना कहने के बाद, हमारे पास एक युवा गेंदबाजी आक्रमण है। हार्दिक ने कहा, मैं इतना अनुभवी नहीं हूं इसलिए मैंने आज जो देखा वह मुझे पसंद आया।

#### हार्दिक पंड्या ने किया युवा क्वेना मफाका का समर्थन

हार्दिक ने दक्षिण अफ्रीका के 17 वर्षीय तेज गेंदबाज क्वेना मफाका की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने आईपीएल डेब्यू में 66 रन बनाए। पंड्या ने कहा, वह (क्वेना मफाका) शानदार था, अपने पहले गेम में आकर अभिभूत हो गया, वह ठीक था और अपने कौशल का समर्थन करता था, बस कुछ खेल के समय की जरूरत है। जीत के लिए रिकॉर्ड 278 रनों का पीछा करते हुए, एमआई बल्लेबाजों ने हार नहीं मानी। रोहित शर्मा (12 में से 26) और इशान किशन (13 में से 34) ने पांच बार के चैंपियन को शानदार शुरुआत दी, इससे पहले तिलक वर्मा ने 34 गेंदों में 64 रन बनाकर एमआई को आवश्यक दर के बराबर रखा। लेकिन एसआरएच के तेज गेंदबाजों - भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और जयदेव उनादकट का अनुभव डेथ ओवरों में सामने आया। भुवी, कमिंस और उनादकट ने मुंबई के बल्लेबाजों को कोई गति नहीं दी और टिम डेविड के 22 गेंदों में 42 रन के प्रयास के बावजूद, मुंबई 31 रन से चूक गई। जब हार्दिक से एमआई के बल्लेबाजी प्रदर्शन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, तिलक, रो, किशन, टिम सभी ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि यह सिर्फ कुछ चीजों की बात है और हम ठीक हो जाएंगे।

# भारत की मैरी बनी वेलामल डबल्यूजीएम शतरंज विजेता

### मंगोलिया की एंखतुल को दूसरा और भारत की सरायु को तीसरा स्थान

**चेन्नई (एजेंसी)।** वेलामल एआईसीएफ़ महिला ग्रांड मास्टर राउंड रॉबिन टूर्नामेंट का खिताब आखिरकार भारत की महिला ग्रांड मास्टर मैरी एन गोम्स नें जीत लिया , एक राउंड पहले ही खिताब जीतना तय कर चुकी मैरी नें ग्यारवें राउंड में एक और शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत किया , उन्होने आखिरी राउंड में हमवतन मौनिका अक्षया को सफ़ेद मोहरो से इंग्लिश ओपनिंग में 39 चालों में पराजित करते हुए कुल 9 अंक बनाकर खिताब, शानदार ट्रॉफी और 2 लाख 50 हजार का पुरुष्कार भी अपने नाम किया ।



दूसरे स्थान के लिए खेल रही दोनों खिलाड़ियों मंगोलिया की एंखतुल अल्तान और भारत की वेलपुला सरायु दोनों नें अंतिम राउंड में जीत दर्ज की और 7.5 अंक बनाए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर एंखतुल अल्तान नें दूसरा स्थान हासिल किया जबकि वेलपुला को तीसरा स्थान हासिल हुआ । आखिरी राउंड में एंखतुल नें भारत की साक्षी चित्लांगे को तो वेलपुला नें हमवतन रिंधिया वी को पराजित किया । एंखतुल अल्तान को पुरूस्कार के तौर पर 1 लाख 50 हजार तो वेलपुला सरायु को 1 लाख 30 हजार का पुरूस्कार दिया गया । वेलपुला सरायु नें इस टूर्नामेंट में महिला इंटरनेशनल मास्टर का खिताब हासिल कर लिया ।

अंतिम राउंड के अन्य परिणामों में मंगोलिया की उर्तशेख उरीइनतुया नें भारत की महालक्ष्मी एम को पराजित किया जबकि इटली की एलेना सेदिना नें भारत की मोनिषा जीके से तो कोलोम्बिया की एंजेला फ़रांकों नें फ्रांस की नीनों मैसूरद्जे के साथ मुक़ाबला ड्रॉ खेला ।

मैरी , एंखतुल और सरायु के बाद अन्य खिलाड़ियों में सेदिना 6.5 अंक बनाकर चौंथे , उर्तशेख 6 अंक बनाकर पांचवें ,साक्षी 5.5 अंक बनाकर छठे , एंजेला और मौनिका 5 अंक बनाकर क्रमशः सातवे और आठवे , मोनिशा 4.5 अंक बनाकर नौवें, महालक्ष्मी 4 अंक बनाकर दसवें , नीनों 4 अंक बनाकर ग्यारहवें और रिंधिया 1.5 अंक बनाकर आखिरी अंतिम बारहवें स्थान पर रही ।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के नव निर्वाचित सचिव देव पटेल नें अन्य पदाधिकारियों के साथ कुल मिलाकर 10 लाख रुपेय के पुरूस्कार सभी विजेता खिलाड़ियों को वितरित किए ।

## नोवाक जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा, जीते हैं 12 ग्रैंड स्लैम

**लंदन (एजेंसी)।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, 'कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही। जोकोविच ने साल 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड कार्डधारी के तौर पर विंबलडन का खिताब जीता था।



# श्रीजेश एफआईएच एथलीट समिति के सह अध्यक्ष बने, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि वह साथी खिलाड़ियों की बेहतरी में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

अंतराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने नई एथलीट समिति का ऐलान किया जिसके अध्यक्ष श्रीजेश और चिली महिला हॉकी टीम की डिफेंडर कामिला काराम होंगी। काराम को कार्यकारी बोर्ड में एथलीट समिति का प्रतिनिधि और सह अध्यक्ष बनाया गया है जबकि श्रीजेश सह अध्यक्ष होने के साथ



नियोजन और बैठकों में अगुवाई करेंगे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यह देखकर अच्छा लगा कि पी आर श्रीजेश को एफआईएच में ऐसी भूमिका मिली है जो हॉकी खिलाड़ियों के जीवन को सीधे प्रभावित कर सकती है। उनके पास अपार अनुभव है और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए वह बहुत कुछ कर सकते हैं।

एफआईएच एथलीट समिति सलाहकार ईकाई है जो एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, समितियों, सलाहकार पेनल और अन्य ईकाइयों को सलाह देती है। उनका काम खिलाड़ियों की ओर से एफआईएच को फीडबैक देने के साथ खिलाड़ियों के लिए संसाधनों और नई पहल का विकास करना है।

### सनराइजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाकर बोले अभिषेक शर्मा-

# आउट होने के बाद मुझे पता चला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि मुंबई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी प्रदर्शन के पीछे टीम प्रबंधन का खुलकर खेलने का संदेश था। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए मुंबई के खिलाफ आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 277 रन बनाक 31 रन से जीत दर्ज की।

ट्रेविस हेड ने 24 गेंद में 62 और शर्मा ने 23 गेंद में 63 रन बनाए जबकि हेनरिच क्लासेन ने 34 गेंद



में नाबाद 80 रन की पारी खेली। इससे पहले आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 263 रन था जो 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने बनाया था। शर्मा ने कहा, 'मुझे अहसास ही नहीं हुआ कि यह सनराइजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक था। मैं सिर्फ खुलकर खेलना चाहता था और आउट होने के बाद ही मुझे यह पता चला। मुझे काफी मजा आया।%

उन्होंने कहा, 'मैच से पहले टीम बैठक में बल्लेबाजों के लिए सीधा और साफ संदेश था कि मैदान पर उतरकर खुलकर खेलो। यह काफी सकारात्मक संदेश था जो कप्तान और कोच से मिला था। इससे सभी बल्लेबाजों को मदद मिली। ट्रेविस और शर्मा ने सिर्फ 22 गेंद में 68 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा, 'ट्रेविस मेरे पसंदीदा बल्लेबाजों में से है और उनके साथ बल्लेबाजी करके काफी मजा आया।

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड ने कहा, 'यह बेहद रोमांचक मैच था। हमें अपने बल्लेबाजों पर भरोसा है और पिछले साल हमने बड़े लक्ष्य हासिल किए थे। हमारे बल्लेबाजों ने भी अच्छा खेला लेकिन थोड़ा पीछे रह गए। सनराइजर्स को जीत का पूरा श्रेय जाता है जिसने आखिर में अच्छी बल्लेबाजी की।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 साल बाद बसपा दूसरी बार अलीगढ़ में मुस्लिम कार्ड खेलने की तैयारी मे

**अलीगढ़, एजेंसी।** अलीगढ़ में सियासी महासमर में बसपा के पत्ते खुलने का हर किसी को इंतजार है। हालांकि गुरूवार को प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो सकती है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बसपा 24 साल बाद मुस्लिम कार्ड खेल सकती है। इससे पहले 1996 में हुए चुनाव में पार्टी ने अब्दुल खालिक को चुनाव लड़ाया था। बसपा विधानसभा व निकाय चुनावों में तो मुस्लिम चेहरे पर कई बार दांव लगाती आई है। वहीं लोकसभा चुनाव के पुराने इतिहास की बात करें तो 1984 में कांशीराम ने बसपा का गठन किया था। पहली बार 1989 में हाथी चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ था। हालांकि इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था। 1991 में भी प्रत्याशी को हार मिली थी। 1996 में बसपा ने अब्दुल खालिक को चुनाव लड़ाया था। इस चुनाव में बसपा रनर अप रही थी। हालांकि वोट प्रतिशत बढ़ा था। इस चुनाव में दलित-मुस्लिम गठजोड़ का फार्मूला काफी कामयाब हुआ था। बसपा का यह पिछले चुनावों के मुकाबले पार्टी का सर्वाधिक वोट प्रतिशत था। इस चुनाव के बाद से बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा। लेकिन अब मुस्लिम प्रत्याशी बसपा की टिकट से चुनाव मैदान में उतर सकता है। बसपा के राष्ट्रीय सचिव आज कर सकते हैं घोषणाः बसपा जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्रा ने बताया कि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद मुनकाद अली, आगरा, अलीगढ़ व कानपुर मंडल प्रभारी सूरज सिंह प्रत्याशी की घोषणा करेंगे। पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनावी रण में उतरेगी।

### छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर नाराज नेताओं को घर-घर मनाने पहुंच रही है। इस बीच कांग्रेस पार्टी की नाराज नेता और जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गई है। जगदलपुर की महापौर का बीजेपी में शामिल होना प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट की मुहम को बड़ा? झटका भी है। छत्तीसगढ़ में बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होना है। जहां एक तरफ बस्तर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ले ली है। कांग्रेस पार्टी को चुनाव से पहले जगदलपुर से यह पहला बड़ा झटका लगा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरूण साव आज जगदलपुर में आज सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जहां जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के सामने भाजपा में सामिल हो गई हैं। कांग्रेस से भाजपा प्रवेश करने वालों में कांग्रेस सरकार में युवा आयोग के सदस्य रहे अजय सिंह ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर बस्तर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी कोंटा से 6 बार के विधायक कवासी लखमा भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में नामांकन दाखिल करने पहुंचे हुए थे।

### एल्विश की बढ़ेगी और मुश्किलें, 25 शिकायतों की जांच शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिग बॉस ओटीटी विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। नोएडा और गुरुग्राम में एल्विश के खिलाफ दर्ज मामलों में गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर उसके खिलाफ काफी लोगों ने टिप्पणी की है। कई लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर एल्विश का कटेंट और वीडियो भड़काऊ और आहत करने वाला होता है। लोगों ने इस बाबत पुलिस में शिकायत देनी शुरू कर दी है। गुरुग्राम के सेक्टर-53 थाने में ऑनलाइन माध्यम से 25 के लगभग शिकायतें पहुंची हैं। पुलिस ने इसकी जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार ज्यादातर शिकायतों में लोगों ने एल्विश के व्यवहार, उसके लहजे और टिप्पणी पर रोष जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# सीएम सुक्खू के करीबियों को सौंपी कमान



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने के सियासी घटनाक्रम के बाद कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश संगठन में अहम नियुक्तियां की हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी में दो कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आदेश पर संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संजय अवस्थी और चंद्रशेखर को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का पत्र जारी किया है। सोलन जिला के अर्की से दूसरी बार के विधायक संजय अवस्थी वर्तमान सुक्खू सरकार में मुख्य संसदीय सचिव हैं। वहीं चंद्रशेखर मंडी जिला से कांग्रेस के एकमात्र विधायक हैं। वह धर्मपुर हल्के से पहली बार विधायक बने हैं।

**संगठन की नियुक्तियों में सुक्खू की पसंद को तरजीहः** हाईकमान ने इन नियुक्तियों में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पसंद को तरजीह दी है। दोनों विधायक मुख्यमंत्री के बेहद करीबियों में शामिल हैं। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए संजय अवस्थी और चंद्रशेखर को विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का टिकट दिलाने में मुख्यमंत्री सुक्खु का अहम रोल रहा था। सुक्खू जब प्रदेश कांग्रेस के मुखिया थे, तब संजय अवस्थी और चंद्रशेखर को पहली बार कांग्रेस का टिकट मिला था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मुख्यमंत्री सुक्खू के बीच चल रही सियासी तनातनी के बीच इन नियुक्तियों को बेहद अहम माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन में सुक्खू के करीबियों को जगह देने से आलाकमान ने सरकार व संगठन में सामंजस्य बिठाने की कोशिश की है। इन नियुक्तियों के बहाने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने प्रतिभा सिंह को झटका दिया है, वहीं मुख्यमंत्री सुक्खू के सियासी कद को बढ़ाया है। प्रतिभा सिंह हॉट सीट मंडी से निवर्तमान लोकसभा सांसद हैं। इस सीट पर भाजपा ने सेलिब्रिटी कंगना रनौत को उतारा है। प्रतिभा सिंह ने पिछले दिनों मीडिया में बयान देते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया था। उन्होंने सुक्खू पर निशाना साधते हुए कांग्रेस संगठन की अनदेखी का भी आरोप लगाया था।

हालांकि कांग्रेस आलाकमान कई मर्तबा सुक्खू और प्रतिभा को लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर चलने की हिदायत देती रही है। पिछले कल चंडीगढ़ में आयोजित हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक के दौरान प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि पार्टी एकजुट होकर लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव लड़ेगी तथा कांग्रेस को जीत हासिल होगी।

कांग्रेस आलाकमान ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में तीन कार्यकारी अध्यक्ष तैनात किये थे। राजेन्द्र राणा, पवन काजल और हर्ष महाजन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। दिलचस्प बात यह है कि ये तीनों भाजपा में शामिल हो चुके हैं। पवन काजल और हर्ष महाजन विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस छोड़ भाजपा में आ गए थे। वर्तमान में पवन काजल भाजपा के विधायक हैं, तो हर्ष महाजन हाल ही में भाजपा से राज्यसभा सांसद के तौर पर निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस के विधायक रहे राजेन्द्र राणा ने पांच दिन पहले भाजपा का दामन थामा है। हिमाचल प्रदेश में कैबिनेट मंत्री चन्द्र कुमार और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

## कोटा में नहीं थम रहा स्टूडेंट सुसाइड का सिलसिला, नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने लगाई फांसी

**कोटा, एजेंसी।** राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा इन दिनों छात्रों के सुसाइड से कलंकित होती जा रही है। 2 दिन पहले ही उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद उरूज ने फांसी लगाकर जान दी थी। तो वहीं आज एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा की पहचान उत्तर प्रदेश लखनऊ निवासी सौम्या के रूप में हुई है। कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। छात्रा के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। जिनके कोटा पहुंचने के बाद मामले में आगे जांच की जाएगी। एक्सपर्ट की माने तो कोटा में इन दिनों स्टूडेंट्स मानसिक तनाव से लड़ रहे हैं। इनमें पढ़ाई को लेकर दवाब के अलावा फैमिली प्रेशर, सहित अन्य दवाब भी सामने आए हैं। जिसकी वजह से स्टूडेंट्स अपने भविष्य को उज्जवल करने की जगह अपना अंत कर रहे हैं। एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि पढ़ाई को लेकर कंपटीशन इतना बढ़ गया है कि जो स्टूडेंट्स अपने जिले में टॉपर हुआ करते थे। आज यहां पर अपने आप को भीड़ में पाकर मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। कई ऐसे स्टूडेंट्स के सुसाइड पर रिसर्च के दौरान सामने आया है कि परिजनों का भी दबाव ज्यादा देखने को मिला है। शिक्षा नगरी कोटा में छात्रों के सुसाइड के लगातार आंकड़े बढ़ने से अब चिंता सताने लगी है। साल 2024 में जनवरी से अब तक 8 छात्रों ने मानसिक तनाव के चलते सुसाइड किया है।





## तेज धूप में दौसा की जनता को दंडवत प्रणाम, कांग्रेस के बागी नेता का अनोखा अंदाज

**दौसा , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पार्टियां उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर रही हैं। जिससे कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है। टिकट मिलने वाले उम्मीदवार भरोसे के लिए आभार जता रहे हैं तो टिकट नहीं मिलने से नाराज नेता नाराजगी जता रहे हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो बागी बनकर मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ नजारा राजस्थान की दौसा लोकसभा सीट पर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस ने यहां से मुरारी लाल मीणा को टिकट दिया है। आलाकमान के फैसले से नाराज नरेश मीणा ने निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। इसके बाद उन्होंने अनोखे अंदाज में लोगों से वोटों की अपील की। दौसा सीट से कांग्रेस के बागी नेता नरेश मीणा की एंट्री में मुकाबला काफी रोमांचक हो गया है। नामांकन दाखिल करन के बाद नरेश ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट के बाहर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान निर्दलीय उम्मीदवार तेज धूप में कनक दंडवत करते हुए कलेक्ट्रेट से सोमनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने कहा कि दौसा लोकसभा में 18 लाख से मतदाता हैं। हर एक वोटर तक पहुंचना मुश्किल है इसलिए लोगों को दंडवत प्रणाम करके लोगों से वोटों की अपील कर रहे हैं। मीणा ने हाल ही में कांग्रेस में वापसी की थी। उन्होंने बताया कि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि दौसा सीट से उन्हें ही कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया जाएगा लेकिन मुरारी लाल मीणा को टिकट दे दिया गया। उन्होंने बताया कि वे परिवारवाद के खिलाफ मैदान में उतरे हैं। मुरारी लाल अपनी पत्नी को सांसद और विधायक का चुनाव लड़ा चुके हैं। जबकि बेटी आरयू अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुकी है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें जनता का साथ मिल रहा है। आगामी चुनाव में जनता चाहेगी तो उन्हें ही यहां जीत मिलेगी। नरेश मीणा ने कांग्रेस से बगावत करके छिपाबड़ौद से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। बगावत करने की वजह से पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया था। हाल ही में जब उन्होंने दौसा से चुनाव लड़ने का ऐलान किया तो करीब छह दिन पहले उन्हें वापस पार्टी में शामिल किया गया।

## सुभाष चंद्र बोस थे देश के पहले प्रधानमंत्री, मोदी सूरज तो उनके आगे विपक्षी नेता मोमबत्ती: कंगना रनौत



**मंडी, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जब से हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया है वह फिर से सुर्खियों में आ गई है। उनके खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने विवादित बयान देकर आग में घी डालने जैसा काम किया है। कंगना ने उनपर जोरदार पलटवार किया है। इस पूरे प्रकरण पर कंगना का ताजा बयान सामने आया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सूर्य और विपक्षी पार्टी के नेताओं को मोमबत्ती करार दिया है। एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा, विपक्ष के तमाम बड़े नेता करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। वे सभी एक जगह इकट्ठा तक नहीं हो सकते हैं। अगर आप पीएम मोदी से उनकी तुलना करते हैं तो वह सूरज की तरह चमकेंगे और विपक्षी उनके सामने मोमबत्ती भी नहीं हैं। इसके अलावा कंगना रनौत ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक और महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधानमंत्री करार दिया है। कंगना ने कहा, एक व्यक्ति जिसने हमें अपना खून बहाकर आजादी दिलाई। जर्मनी से जापान तक आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्हें इस देश का प्रधानमंत्री क्यों नहीं बनाया गया? आखिर वह कहां गायब हो गए?

कंगना की उम्मीदवारी की घोषणा होते ही उनके पुराने बयान भी वायरल हो रहे हैं। एकबार उन्होंने कहा था कि देश को 2014 में ही सही मायने में आजादी मिली है। इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में कंगना रनौत ने कहा लोग उन्हें इस मामले पर ट्रोल कर सकते हैं, लेकिन ऐसे लोगों को मेरे से आकर बात करनी चाहिए। और मुझे यह बताना चाहिए कि मैंने कैसे यह गलत बोला है। कंगना ने कहा, क्या स्वतंत्रता सिर्फ जेल से बाहर निकलने तक ही होती है? नहीं, उन्होंने कोई न्याय व्यवस्था नहीं बनाई। कंगना ने आगे कहा, हमें अपनी विचारधारा से आजादी नहीं मिली। हमें सोचने की भी आजादी नहीं मिली। हमें अपने लिए लोग चुनने की आजादी नहीं मिली। हमें धार्मिक आजादी भी नहीं मिली।

कंगना ने इस सवाल का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, शाहरुख खान की 10 वर्षों तक फिल्में नहीं चलीं। फिर पठान चली। मेरी भी 7-8 साल फिल्में नहीं चलीं। फिर क्वीन चली। फिर 3-4 वर्षों में मणिकर्निका चली। अभी भी इमरजेंसी आ रही है। हो सकता है कि वह बहुत हिट रहे। कंगना ने कहा है कि समय आब काफी बदल चुका है। ओटीटी का दौर है। कलाकारों के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर और प्लेटफॉर्म है।

सुप्रिया श्रीनेत पर क्या बोलीं कंगना?

कंगना ने कहा, मुझे काफी बुरा लगा। हम महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम कर रहे हैं। मुझे इस बात का भी काफी बुरा लगा कि मंडी लोकसभा को ऐसे शब्दों से संबोधित किया जा रहा है। मैं आपको यह बताना चाहती हूं कि मंडी का नाम महर्षि मांडव के नाम पर रखा गया था। उन्होंने आगे कहा, यह कांग्रेस के दिमाग वाली मंडी नहीं है।

### पत्नी कांग्रेस उम्मीदवार, आईपीएस अफसर को दर-बदर करे सरकार; भाजपा की चुनाव आयोग से गुहार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी की कर्नाटक इकाई ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कर राज्य के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हेमंत निंबालकर को तत्काल सरकारी कामकाज से मुक्त करने और राज्य से दर-बदर करने की मांग की है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि चूंकि निंबालकर की पत्नी अंजलि निंबालकर कांग्रेस के टिकट पर उत्तर कन्नड़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, इसलिए उन्हें राज्य से बाहर किया जाय ताकि वह किसी को भी अपने पद और प्रभाव से प्रभावित ना कर सकें। आयोग को लिखी चिट्ठी में भाजपा ने कहा है कि निंबालकर को चुनाव संबंधी सभी कार्यों से मुक्त कर दिया जाए क्योंकि ऐसा नहीं करने से हितों का टकराव होगा। फिलहाल निंबालकर सूचना और जनसंपर्क विभाग के आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की वापसी के बाद उनकी नियुक्ति इस पद पर हुई है। उनकी पत्नी पिछले विधानसभा चुनाव में खानापुर सीट से भी चुनाव लड़ चुकी हैं, जहां उन्हें भाजपा के विट्ठल हलगेकर ने शिकस्त दी थी। शिकायत दर्ज कराने वाले भाजपा के विधान पार्षद सी नारायणस्वामी ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से निंबालकर को किसी अन्य राज्य में तैनात करने का आग्रह किया है, क्योंकि वह आम चुनावों में अपनी शक्ति या प्रभाव का इस्तेमाल कर सकते हैं। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है, वह एक प्रभावशाली और सीनियर आईपीएस अफसर हैं। और उम्मीदवार के साथ उनके संबंध अन्य आईपीएस अधिकारियों और पुलिस अफसरों को प्रभावित कर सकते हैं, जिन्हें चुनावी ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावा निंबालकर द्वारा अपनी पत्नी के लिए वोट मांगने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने की भी जानकारी मिली है। अगर वह इसी पद पर बने रहते हैं तो वह कांग्रेस पार्टी और उसके उम्मीदवारों के पक्ष में अपने पद और प्रभाव का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## हाई कोर्ट से इमरान खान की पार्टी को मिली रैली करने की अनुमति



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने बुधवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा इस्लामाबाद में रैली का आयोजन करने वाली याचिका को स्वीकर कर ली है। अदालत ने अधिकारियों को कानून के तहत पार्टी को रैली का आयोजन करने का आदेश भी दिया।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई द्वारा एक रैली आयोजित करने के मामले पर सुनवाई की। पार्टी इस रैली का आयोजन 23 या 30 मार्च को करना चाहती थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसे छह अप्रैल को आयोजित करने का फैसला किया। जिला प्रशासन द्वारा अनुमति देने से इनकार करने के बाद पार्टी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने मामले की सुनवाई की। उन्होंने कहा, किसी से मिलने का अधिकार नहीं छीना जा सकता है। शर्तें तय करने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन नियम एवं शर्तों के विपरित इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए। पीटीआई के वकील शेर अफजल मारवत ने बताया कि उनकी पार्टी छह अप्रैल को सार्वजनिक रैली आयोजित करना चाहती है। इस पर जस्टिस फारूक ने पार्टी को यह सुनिश्चित करने को कहा कि रैली के दौरान कोई दंगा न हो। मारवत ने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं। जस्टिस फारूख ने चीनी नागरिकों पर हमलों के मद्देनजर सुरक्षा चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि जिंदगी रुकती नहीं, चलती रहती है। हमें इसी तरह आतंकवाद को खत्म करना होगा। आठ फरवरी को आम चुनाव के बाद पीटीआई की तरफ से यह एक बड़ा आयोजन होगा। पीटीआई के संस्थापक इमरान खान पर 2022 में सत्ता से बाहर जाने के बाद से ही कई मामले दर्ज किए गए थे।

### आपदा जोखिम कम करने के लिए विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया



**जेनेवा, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने आपदा जोखिम कम करने के लिए एक विशेष प्रतिनिधि को नियुक्त किया है। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के शीर्ष अधिकारी कमल किशोर को इसके लिए चुना है। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को बताया कि 55 साल के कमल किशोर को आपदा जोखिम कम करने के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनडीआरआर) में आपदा जोखिम कम करने के लिए सहायक महासचिव और महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। बता दें, कमल किशोर जापान के मामी मिजुटोरी की जगह लेंगे। फिलहाल, वह राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में सचिव के पद पर हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान किशोर ने आपदा जोखिम कम करने के लिए जी-20 कार्य समूह का नेतृत्व किया था। उन्होंने 2019 में क्लाइमेट एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन के विकास में भी योगदान दिया था।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के लिए मलेशियाई प्रधानमंत्री के विजन को सराहा



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की और कहा कि उनका दृष्टिकोण भारत-मलेशिया संबंधों के लिए अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। अपनी सिंगापुर और फिलीपींस यात्रा पूरी करने के बाद मलेशिया पहुंचे जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मलेशियाई नेता को शुभकामनाएं भी दीं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात करना सम्मान की बात है। मैंने उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री ने कहा कि पारंपरिक और नए युग के क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पीएम इब्राहिम के मार्गदर्शन और क्षेत्रीय विकास पर अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

इससे पहले, बुधवार को ही विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ उत्पादक और स्पष्ट चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

दोनों मंत्रियों ने राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, डिजिटल, स्टार्टअप, कांसुलर और लोगों से लोगों के बीच संबंधों में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा, उन्होंने क्षेत्र, इंडो-पैसिफिक, पश्चिम एशिया और यूक्रेन पर दृष्टिकोण साझा किया। जयशंकर ने हाजी हसन से मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा कि जैसा कि हम अपनी उन्नत रणनीतिक साझेदारी के एक दशक पूरे करने के करीब हैं, हम अपनी प्रतिबद्धताओं को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। मजबूत आर्थिक साझेदारियों और लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों से बंधे हुए दोनों देश एक दीर्घकालिक और ठोस संबंध साझा करते हैं। साल 2023 में भारत मलेशिया का 12वां सबसे बड़ा वैश्विक व्यापार भागीदार रहा। उस समय इसका कुल व्यापार 77.76 अरब आरएम (16.53 अरब डॉलर) था।

## भारतीय मूल की डॉक्टर को पड़ी दो करोड़ रुपयों की जरूरत, मदद को आगे आए एलन मस्क

**ओटावा, एजेंसी।** साल 2020 को कभी नहीं भूलाया जा सकता है, जब कोरोना महामारी के कारण पूरी दुनिया ठहर गई थी। हर तरफ सिर्फ शव ही शव थे। आए दिन दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो रही थी। तब सरकार ने कोरोना से बचाव के टीके का हल निकाला और वहीं लॉकडाउन भी लगा दिया। हालांकि, इसका भारतीय मूल की डॉक्टर कुलविंदर कौर गिल ने विरोध किया था। उन्होंने सरकार की ओर से लगाए गए लॉकडाउन और टीकाकरण के आदेश के खिलाफ बात की थी। उनके इस रुख के चलते उन्हें चिकित्सा संस्थानों की ओर से मुकदमों और एक्स (ट्विटर) के पिछले प्रबंधन द्वारा सेंसरशिप का सामना करना पड़ा। कनाडा में इम्यूनोलॉजी और पीडियाट्रिक्स (शिशु चिकित्सा) की विशेषज्ञ डॉक्टर गिल कोविड से संबंधित पोस्ट करके कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। उन्हें कानूनी लड़ाई के लिए 300,000 कैनेडियन डॉलर (1,83,75,078 रुपये) की जरूरत है। इसे जुटाने के लिए उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इस बीच उनके लिए एक अच्छी खबर आई है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129